@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 236 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

माता-पिता के साथ समय बिताने के लिए असम सरकार देगी दो विशेष छुट्टियां

गुवाहटी, 11 जुलाई। असम सरकार ने नवंबर में अपने कर्मचारियों को दो विशेष छुट्टियां देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के कार्यालय के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने दो विशेष छुट्टियां जारी की, जिससे की कर्मचारी अपने माता-पिता और घरवालों के साथ समय बिता सके। अधिकारी ने यह भी कहा कि इस विशेष छुट्टी का इस्तेमाल कर्मचारी अपने निजी कार्यों को करने में खर्च न करें। जिन कर्मचारियों के माता-पिता या सास ससुर नहीं है, वह इस छुट्टी के पात्र नहीं होंगे। सीएम कार्यालय से जारी नोटिस में कहा गया, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम सरकार ने अपने माता-पिता और सास-ससुर के साथ बिताने के लिए राज्य के सरकारी कर्मचारियों को दो विशेष आकस्मिक अवकाश (छह से आठ नवंबर) देने की घोषणा की है। इसमें कहा गया कि छुट्टियों का इस्तेमाल केवल माता-पिता की देखभाल, उनका सम्मान करने और उनके साथ समय बिताने के लिए किया जाना चाहिए। इन छुट्टियों का इस्तेमाल कर्मचारी अपने निजी कार्यों के लिए नहीं कर सकते हैं। इन छुट्टियों के साथ कर्मचारी सात नवंबर को छठ पूजा का भी आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा नौ तारीख शनिवार और 10 तारीख रविवार है। इस दिन दफ्तर बंद ही रहता है। जिनके माता-पिता या सास-ससुर नहीं वे इन छुट्टियों का आनंद नहीं उठा पाएंगे। बता दें कि माता-पिता के साथ समय बिताने के लिए दो विशेष छुट्टियों की घोषमा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 2021 में पदभार संभालने के बाद अपने पहले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर की थी।

संसद में बजट पेश होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने की प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक

सिम्मी कौर बब्बर

नई दिल्ली, 11 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ आम बजट के संदर्भ में बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद थीं। बता दें कि 23 जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। इस बार आम बजट में उद्योग के साथ मध्य और निम्न मध्यवर्ग को बड़ी राहत मिलने की संभवना जताई जा रही है। दरअसल, सरकार की योजना अधिक से अधिक निवेश हासिल करने के लिए आर्थिक सुधारों की रफ्तार तेज करने की है। बीते सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार तीसरे कार्यकाल में सुधारों को तेज गति देगी। सरकार की रणनीति अधिक निवेश हासिल कर विकास दर बढ़ाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की है। बैठक में पीएम

विशेषज्ञों से यह जानना चाहेंगे कि किस क्षेत्र में किस स्तर पर सुधार की आवश्यकता है। मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आम बजट के जरिए सरकार की इच्छा विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने की है। इसके लिए विशेषकर इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में विशेष प्रयास की जरूरत है। बैठक में पीएम विकसित भारत के रोडमैप पर भी विशेषज्ञों के सुझाव जानेंगे। राजनीतिक दृष्टि से सरकार की मुख्य चिंता गरीब, मध्य और निम्न मध्यवर्ग है। अर्थशास्त्रियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी इनके लिए राहत की मांग कर रहे हैं। सरकार की योजना आय कर, होम लोन मामले में मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत देने की है। गरीब वर्ग के सशक्तिकरण के लिए नई योजना शुरू करने की भी योजना है। ऐसे में इस बैठक में इन वर्गों के लिए राहत पर भी पीएम विशेषज्ञों की राय से रूबरू होंगे।

पूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ-सीआईएसएफ भर्तियों में मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

कौमी संवाददाता

नई दिल्ली, 11 जुलाई। पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पूर्व अग्निवीरों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की भर्तियों में दस फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें शारीरिक मानदंड (फिजिकल) में भी छूट दी जाएगी। बीएसएफ और सीआईएसएफ के प्रमुखों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। यह फैसला केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा लिया गया है। सीआईएसएफ महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने इस बात की जानकारी दी है। आपको बता दें कि हाल ही में अग्निवीर योजना को लेकर देश की संसद में काफी हंगामा मचा था। इसके ठीक बाद रक्षा मंत्रालय ने ये बड़े फैसले लिए हैं। आपको बता दें कि हाल ही में अग्निपथ और अग्निवीर योजना को लेकर देश की संसद में काफी हंगामा मचा था। इसके ठीक बाद रक्षा मंत्रालय ने ये बड़े फैसले लिए हैं। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने बताया कि आगामी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण

दिया जाएगा। इसके अलावा शारीरिक मानदंड (फिजिकल) और आयु में भी पूर्व अग्निवीरों को छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में भर्ती के दौरान अग्निवीरों को आयु में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके बाद, अगले वर्ष की भर्ती के दौरान आयु में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। नीना सिंह ने आगे कहा कि इस तरह से सीआईएसएफ को भी पूर्व प्रशिक्षित सैन्य कर्मी मिल सकेंगे, जो कि बहुत फायदेमंद रहेगा। उधर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, 'पूर्व अग्निवीरों के पास चार वर्ष का अनुभव होगा। वे पूरी तरह से अनुशासित और प्रशिक्षित होंगे।

पिछड़े वर्ग से हूं और दूसरी बार मुख्यमंत्री बना, इसलिए रची जा रही साजिश: सिद्धारमैया

मैसूर (कर्नाटक), 11 जुलाई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उन्हें कथित तौर पर फर्जी तरीके से जमीन आवंटन के मामले में अनवाश्यक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ इसलिए साजिश रची जा रही है, क्योंकि वह पिछड़े वर्ग समुदाय से आते हैं और दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं। आरोप है कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) ने मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती को पॉश इलाके में करोड़ों का भूखंड दिया

है। हालांकि, दस्तावेजों में बताया गया है कि पार्वती के स्वामित्व वाली करीब चार एकड़ जमीन के अधिग्रहण के बदले उन्हें पॉश इलाके में यह प्लॉट दिया गया है। भाजपा इस वैकल्पिक जमीन आवंटन को अवैध बता रही है। सिद्धारमैया की ओर से यह प्रतिक्रिया तब सामने आई है, जब भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने इस कथित घोटाले के खिलाफ कल यानी 12 जुलाई को सिद्धारमैया के गृह जिले मैसूर में महा प्रदर्शन का एलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, क्या हमने इसे (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण घोटाला) जांच के लिए नहीं दिया है। भाजपा राजनीति के लिए ये सब चीजें कर रही है। अगर वे राजनीति करते हैं, तो हमें भी राजनीति करनी होगी। उन्हें किसी के भी नेतृत्व में विरोध करने दीजिए। अगर वे ऐसा करते हैं, तो हम भी राजनीतिक रूप से ऐसा करेंगे। क्या केवल वे ही राजनीति कर सकते हैं? हम भी जानते हैं कि राजनीतिक रूप से इसका मुकाबला कैसे करना है। जमीन आवंटन को लेकर भाजपा द्वारा उनकी पत्नी को निशाना बनाने के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा, उन्हें बताना पड़ेगा कि यह कहां अवैध है। हम कह रहे हैं कि चीजें कानूनी हैं। उन्हें दिखाने दीजिए कि यह अवैध है। उन्होंने कहा, राजनीति के लिए मुझे अनावश्यक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। वे राजनीति के लिए ऐसा कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें मेरे खिलाफ कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा, पिछड़े वर्ग से आने वाले सिद्धारमैया दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं, इसलिए कुछ लोगों के मन में जलन हो रही है। इसलिए साजिश रची जा रही है। क्या मैं ऐसी साजिशों से डरूंगा?

निम्न स्तर की राजनीति पर धनखड़ ने जताई चिंता

तेजिन्दर कौर बब्बर

नई दिल्ली, 11 जुलाई। देश की राजनीति दिन पर दिन नीचे गिरती जा रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस बात दुख व्यक्त करते हुए सभी राजनीतिक दलों से आत्मनिरीक्षण करने का आह्वान किया। वहीं राज्य विधान परिषद के शताब्दी समारोह के अवसर पर महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद जरूरी है जो कि इन दिनों राजनीतिक पार्टियों के बीच गायब हो चुका है। राज्य विधान परिषद के शताब्दी समारोह के अवसर पर महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने दिन पर दिन निम्न स्तर पर पहुंचती जा रही राजनीति पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बहस और संवाद से पनपता है, लेकिन वर्तमान में राजनीतिक दलों के बीच संवाद गायब है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आत्मनिरीक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, संसदीय लोकतंत्र में सब कुछ ठीक नहीं है। हम व्यवधान का



अपवित्रीकरण झेल रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच संवाद गायब है। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि नारेबाजी करना और सदन के वेल में मार्च करना किसी भी पीठासीन अधिकारी के लिए दर्दनाक स्थिति है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सभापति और स्पीकर को सुविधाजनक पंचिंग बैग बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिष्टाचार और अनुशासन लोकतंत्र का दिल है। पीठासीन अधिकारी का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम दूसरे दृष्टिकोण के प्रति भी उदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां अक्सर सौहार्दपूर्ण दृष्टिकोण के बजाय टकरावादी और विरोधात्मक दृष्टिकोण अपनाती हैं। उन्होंने कहा कि नैतिकता और सदाचार भारत में सार्वजनिक जीवन की पहचान रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि राज्य विधानसभाएं और संसद लोकतंत्र का उत्तरी ध्रुव हैं, जबकि विधायक और सांसद इसके प्रकाश स्तंभ हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष की बेंच कुर्सी के दाईं ओर होती है, लेकिन मानव शरीर में हृदय बाईं ओर होता है और इसी से कुर्सी का कामकाज परिभाषित होना चाहिए। वहीं उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि महाराष्ट्र विधान परिषद का शताब्दी समारोह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर था।

ऊना में सौर ऊर्जा से होगा 47 मेगावाट विद्युत उत्पादन: मुख्यमंत्री सुक्खू

ऊना, 11 जुलाई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ऊना जिले में सौर ऊर्जा के जरिए आने वाले समय में 47 मेगावाट बिजली पैदा होगी। यह उत्पादन प्रदेश के सभी जिलों से अधिक होगा। मुख्यमंत्री ने ऊना के गगरेट में 31 करोड़ से बनने वाली पांच मेगावाट क्षमता की भंजाल सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास किया। सुक्खू ने कहा, सरकार ने आठ माह के रिकॉर्ड समय में ऊना के पेखूबेला में 220 करोड़ रुपये की लागत से बने 32 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्रोजेक्ट जनता को समर्पित कर दिया। वहीं, कुटलैहड़ में 67.82 करोड़ से 10 मेगावाट के प्रोजेक्ट का काम शुरू है। कांग्रेस सरकार ने अपने पहले बजट में हिमाचल को 31 मार्च 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। सौर ऊर्जा परियोजनाएं इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने पावर कॉर्पोरेशन को 200 मेगावाट सौर ऊर्जा दोहन का लक्ष्य दिया है। मुख्यमंत्री ने 5.17 करोड़ से बनने वाले अत्याधुनिक मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र दियोली का भी शिलान्यास किया। कहा, इससे प्रदेश के मछुआरों को लाभ होगा। इस मौके पर गगरेट विधायक राकेश कालिया, विधायक संजय रतन, सुदर्शन बबलू आदि मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से भंजाल सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण 9 हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। इसे आठ महीने में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना से हर साल 10.54 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादित होगी। इससे सरकार को 3.815 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा। प्रोजेक्ट में 13,000 सोलर मॉड्यूल लगेंगे।

भाजपा और मीडिया राज्य को कर रही बदनाम: ममता

कोलकाता, 11 जुलाई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने उपचुनाव के बाद भाजपा और मीडिया के एक वर्ग पर राज्य को बदनाम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर 24 परगना जिले के अरियाधा में भीड़ द्वारा हमला करने की घटना दो साल पुरानी थी, जिसे बार-बार दिखाया जा रहा है। उस समय अर्जुन सिंह बैरकपुर वहां के सांसद थे, जो कि भाजपा के हैं। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल एक हिंसा के वीडियो को लेकर पश्चिम बंगाल पर जमकर निशाना साधा जा रहा था। यह घटना अरियाधा में एक लड़की पर लोगों के समूह द्वारा हमला किए जाने की थी। हालांकि इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस मामले का स्वत- संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। इसके अलावा स्थानीय टीएमसी नेता और मुख्य संदिग्ध जयंत सिंह सहित तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया। बुधवार को ममता बनर्जी ने इस मामले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए भाजपा और मीडिया के एक वर्ग आरोपी बताया। कोलकाता हवाई अड्डे पर उन्होंने कहा कि दो साल पुरानी घटना का वीडियो क्लिप वायरल किया है। यह घटना तब की है जब उस लोकसभा सीट से भाजपा के अर्जुन सिंह बैरकपुर लोकसभा सीट के सांसद थे। उन्होंने कहा कि टीवी चैनलों के एक वर्ग पर बुधवार को होने वाले उपचुनावों से पहले भाजपा के इशारे पर पुरानी घटना को बार-बार दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया और भाजपा का एक वर्ग बंगाल में भाजपा को मिली हार के लिए अपने नुकसान की भरपाई के लिए राज्य को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है।

शीर्ष अदालत ने आत्महत्या के बढ़ते मामलों को बताया सामाजिक मुद्दा

सौरभ शर्मा

नई दिल्ली, 11 जुलाई। सर्वोच्च न्यायालय ने आत्महत्या के बढ़ते मामलों को एक सामाजिक मुद्दा बताया। शीर्ष अदालत ने उस जनहित याचिका (पीआईएल) पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र को गुरुवार को चार हफ्ते का समय दिया, जिसमें आत्महत्याओं की रोकथाम और कमी के लिए एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ वकील गौरव बंसल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने बंसल की इस दलील का संज्ञान लिया कि आत्महत्या के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। सीजेआई ने कहा, यह एक सामाजिक मुद्दा है, उन्हें (केंद्र और उनके अधिकारियों) को जवाबी हलफनामा दाखिल करने दीजिए। उच्चतम न्यायालय ने 2 अगस्त, 2019 को जनहित याचिका पर केंद्र और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए थे। याचिका में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह भी निर्देश देने का आग्रह

किया गया है कि वे आत्महत्या की भावना रखने वाले लोगों को कॉल सेंटर और हेल्पलाइन के जरिए मदद और सलाह प्रदान करने के लिए एक परियोजना शुरू करें। दिल्ली पुलिस की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए याचिका में कहा गया है कि 2014 और 2018 के बीच 18 साल से कम उम्र के बच्चों की आत्महत्या के 140 मामले दर्ज किए गए। इसमें आगे कहा गया है कि भारत में आत्महत्या के मामलों को रोकने और उनमें कमी लाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का मसौदा तैयार करने, उसे आकार देने और लागू करने में अधिकारियों की विफलता ने न केवल मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 की धारा 29 और 115 का उल्लंघन है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा) का भी उल्लंघन है। बंसल ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार यहां स्वस्थ सामाजिक माहौल उपलब्ध कराने में विफल रही है। याचिका में कहा गया है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के विभिन्न प्रावधानओं को लागू करने में विफल रहे हैं और उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आत्महत्याओं की रोकथाम और उनमें कमी लाने के लिए उचित कदम उठाने के लिए निर्देश दिया जाना चाहिए।

छोटे परिवारों से पूरा होगा विकसित भारत का लक्ष्य: जेपी नड्डा

नई दिल्ली, 11 जुलाई। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब भारत का हर परिवार स्वस्थ होगा। यह केवल छोटे परिवारों से ही संभव है। इसके लिए सबको मिलकर काम करने की जरूरत है। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग के दौरान कहीं। नड्डा ने कहा कि महिलाओं को परिवार नियोजन के अधिकारों और अनचाहे गर्भधारण के मामलों को रोकने के प्रति जागरूक करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। मां और बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए गर्भधारण का सही समय और अंतराल विषय पर आयोजित बैठक में नड्डा ने कहा कि केंद्र और राज्यों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अधिक बोझ वाले राज्यों, जिलों और ब्लॉक तक गर्भनिरोधकों की पहुंच हो। उन्होंने कहा कि वैश्विक आबादी में भारत का पांचवां स्थान है। जनसंख्या दिवस पर हमें जनसंख्या को स्थिर करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को इच्छा और सूचना के बाद जन्म के उद्देश्य के साथ चलाया जाए। सरकार का फोकस युवा, किशोर, महिला, बुजुर्ग समेत सभी के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य पर है। इसके लिए सहयोगी रवैये के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। सही समय, जन्म के बीच अंतराल, परिवार का सही आकार और गर्भनिरोधकों को स्वैच्छिक रूप से अपनाने को सशक्त बनाना स्वस्थ और खुशहाल परिवारों के पोषण के लिए महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान नड्डा ने मिशन परिवार विकास पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम की सबसे सफल योजना है। इसे शुरुआत में सात राज्यों के 14 बड़े जिलों में लागू किया गया है। बाद में इसे अन्य सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में लागू किया जाएगा। उन्होनें योजना के प्रभाव के बारे में बताते हुए राज्यों में गर्भनिरोधकों की पहुंच और मातृ-शिशु दर में आई कमी को लेकर भी चर्चा की। इस योजना से राज्यों में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) में कमी आई। नड्डा ने कहा कि टीएफआर को स्थिर रखने के लिए लगातार काम करने की जरूरत है। नड्डा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीएफआर स्तर को कम करने के प्रयासों में लापरवाही न बरतने के लिए भी कहा।

लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी भाजपा ने नहीं सीखा सबक: स्टालिन

नरेश मल्होत्रा

धर्मपुरी, 11 जुलाई। तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को मक्कलुदन मुधलवार योजना के विस्तार का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाखों याचिकाओं में वर्णित लोगों की शिकायतों का समाधान करने, शिकायतों के निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन सहित सेवाओं को एकीकृत करके एक नया विभाग मुधलवारिन मुगावरी बनाने जैसी पहलों को याद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार राज्य में प्रमुख परियोजनाओं के लिए धन स्वीकृत नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा ने तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव में करारी हार से कोई सबक नहीं लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि वे अपने राज्य के लोगों के लिए इस तरह के प्रतिबद्ध काम से विपक्षी दलों को जलन और चिढ़ हो रही है। इसीलिए वे प्रचार और बदनाम के जरिए राज्य सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों के लिए काम कर रही है, चाहे उन्होंने डीएमके को वोट दिया हो या नहीं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरों में ऐसी उदारता नहीं देखी जा सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के पास चेन्नई में मेट्रो रेल चरण-2 जैसी तमिलनाडु की प्रमुख परियोजनाओं के लिए धन आवंटित करने का मन नहीं है। न ही इन्होंने अपने शासन के पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य में कोई बड़ी परियोजना लागू नहीं की है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु के लोगों की ओर से, मैं कहता हूं, भाजपा को कम से कम अब यह महसूस करना चाहिए कि केंद्र सरकार सभी लोगों के लिए एक समान शासन होनी चाहिए, जो पसंद और नापसंद से परे हो। उन्होंने कहा कि जहां तक डीएमके का सवाल है, हम लोगों के साथ हैं और लोग हमारे साथ हैं; यही हमारी सफलता का रहस्य है और यही तमिलनाडु के विकास का रहस्य है। इस दौरान उन्होंने मुधलवारिन मुगावरी बताते हुए कहा कि 7 मई, 2021 को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अब तक 68.30 लाख याचिकाओं में से 66.25 लाख याचिकाओं का निपटारा किया जा चुका है,

संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया है। वहीं धर्मपुरी जिले में 72,438 याचिकाओं में विस्तृत मुद्दों का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी याचिकाएं लोगों द्वारा सरकारी अधिकारियों को सौंपी गई थीं। इससे आगे बढ़कर, मक्कलुदन मुधलवार योजना पहले ही लागू की जा चुकी है, जिसके तहत शिविरों का आयोजन करके लोगों से उनके अपने शहरों में याचिकाएं प्राप्त की जाती हैं। फिर 30 दिनों के भीतर मुद्दों का समाधान किया जाता है। ऐसे मक्कलुदन मुधलवार शिविरों में प्राप्त 8.74 लाख याचिकाओं में पाए गए मुद्दों का समाधान किया गया है। धर्मपुरी जिले के शहरी क्षेत्रों में 3,107 याचिकाएं प्राप्त हुईं और 30 दिनों के भीतर 1,868 अभ्यावेदन संबोधित किए गए। उन्होंने समझाया कि यह योजना लोगों के लिए लाभकारी है, इसलिए अब इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू किया गया है। प्रारंभ में, यह योजना नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों और शहरी इलाकों से सटे ग्राम पंचायतों में लागू की गई थी। मुख्यमंत्री ने 444.77 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरी हुई 621 परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

रूसी वायु रक्षा बलों ने 5 ड्रोन को 4 क्षेत्रों के ऊपर नष्ट किया

एजेंसी

मॉस्को। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बुधवार रात, रूसी वायु रक्षा बलों ने चार क्षेत्रों में पांच यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया और रोक दिया। मंत्रालय ने कहा कि कीव शासन द्वारा रूसी लक्ष्यों पर मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के कई प्रयासों को रोका गया है। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियों ने पांच यूएवी को नष्ट कर दिया और रोक दिया, जिनमें से दो ब्रांस्क क्षेत्र में, एक तांबोव, एक तुला और एक मॉस्को क्षेत्रों में था।

इटली में भीषण लू के लिये रेड अलर्ट जारी

रोम। इटली के विभिन्न शहरों में भीषण लू के लिये रेड अलर्ट जारी किया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रोम, वेनिस और फ्लोरेंस जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों सहित 13 शहरों में भीषण लू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया और सात शहरों तथा शुक्रवार को 11 शहरों के लिए रेड अलर्ट जारी किया, जबकि अन्य शहरी क्षेत्र इसी अवधि में ऑरेंज अलर्ट के तहत रहेंगे। इटली के मौसम अधिकारियों के अनुसार, इस सप्ताह के दौरान तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं और दक्षिणी सिसिली तथा सार्डिनिया के सबसे बड़े द्वीपों में तापमान इससे भी अधिक होने का अनुमान है। आमतौर पर, ऑरेंज और रेड अलर्ट के कारण देश भर में जंगल की आग का खतरा बढ़ जाता है।

उत्तरी फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत, छह घायल

मनीला। उत्तरी फिलीपींस के कागायन प्रांत में गुरुवार तड़के एक राजमार्ग पर एक यात्री बस और एक पिकअप ट्रक में टक्कर हो गई, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।अबुलुग शहर के पुलिस प्रमुख एंटोनियो पलाटाओ ने एक रेडियो साक्षात्कार में कहा कि बस दक्षिण की ओर जा रही थी तभी मुख्य राजमार्ग के जंक्शन पर ट्रक से टकरा गई।पलाटाओ ने कहा कि दुर्घटना के कारण ट्रक लगभग 20 मीटर तक घसीटी गई, जिससे उसके यात्री सड़क पर गिर गए। पलाताओ ने कहा कि बचावकर्मियों ने 11 ट्रक यात्रियों के शव बरामद कर लिए हैं। उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि एक राहगीर, दो यात्री, बस चालक और उसके सहायक को मामूली चोटें आई हैं। पलाटाओ ने कहा कि घटना की जांच चल रही है।

चीन के वाणिज्यिक वाहक रॉकेट का उड़ान परीक्षण असफल

जिउक्कान। चीन की एक निजी अंतरिक्ष कंपनी के वाणिज्यिक वाहक रॉकेट एसक्यूएक्स-1 वाई8 का उड़ान परीक्षण असफल रहा। रॉकेट ने

उड़ान के दौरान असामान्य प्रदर्शन किया, जिसे उत्तर पश्चिम चीन में जिउक्कान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से स्थानीय समयानुसार सुबह 7:40 बजे छोड़ा गया था। असफल परीक्षण की जांच की जा रही है।

रणनीतिक साझीदारी के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया

एजेंसी

विएना। भारत एवं ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान कर आर्थिक, शैक्षणिक एवं उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने का आज फैसला किया तथा इसके साथ ही दोनों देशों ने यूक्रेन में युद्धविराम एवं शांति स्थापित करने के लिए मिल कर काम करने का संकल्प जताया।

विएना की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच यहां चांसलरी भवन में आयोजित द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच के रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ। उल्लेखनीय है कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यात्रा 41 साल बाद हो रही है।

बैठक के बाद श्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा, मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक भी है और विशेष भी है। इकतालीस साल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा किया है। ये भी सुखद संयोग है कि ये यात्रा उस समय हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र और कानून का राज जैसे मूल्यों में साझा विश्वास, हमारे संबंधों की

मजबूत नींव हैं। आपसी विश्वास और समान हितों से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मज़बूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी। आने वाले दशक के लिए सहयोग का खाका तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है। बुनियादी ढांचे का विकास, नवान्वेषण, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जायेगा । दोनों देशों की युवा शक्ति और विचारों को कनेक्ट करने के लिए स्टार्ट अप ब्रिज को गति दी जायेगी। आवाजाही और आव्रजन साझीदारी पर पहले से समझौता हुआ है। यह वैधानिक आव्रजन और कुशल श्रमशक्ति की आवाजाही में सहयोग देगा। सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्थाओं के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जायेगा।

श्री मोदी रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर स्पष्ट शब्दों में कहा, ÷ये हॉल, जहाँ हम खड़े हैं, बहुत ही ऐतिहासिक है। 19वीं सदी में यहाँ ऐतिहासिक विएना कांग्रेस का आयोजन किया गया था। उस कांफ्रेंस ने यूरोप में शांति और स्थिरता को दिशा प्रदान की थी। मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, सभी पर विस्तार में बात की है। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता। कहीं भी हो, मासूम लोगों की जान की हानि स्वीकार्य नहीं है। भारत और ऑस्ट्रिया, शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए संवाद और कूटनीति पर बल देते हैं। इसके लिए हम दोनों मिलकर हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

अमेरिकी सदन में नागरिकता प्रमाण की आवश्यकता के लिए विधेयक पारित

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने अमेरिका के संघीय चुनावों में मतदान करने हेतु पंजीकरण कराने के लिए लोगों को अमेरिकी नागरिकता प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता के लिए कानून पारित किया। सदन के

सांसदों ने 'सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट' नामक विधेयक को पारित किया जिसके पक्ष में 221 और विपक्ष में 198 वोट पड़े।

अमेरिकी सदन के बहुमत नेता स्टीव स्कैलिस ने कहा कि बिडेन प्रशासन के अंतर्गत दक्षिणी सीमा पर अवैध आप्रवासन की बढ़ती संख्या के बीच, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव सुरक्षा को मजबूत करना महत्वपूर्ण है कि संघीय चुनावों में केवल अमेरिकी नागरिक ही मतदान करें। व्हाइट हाउस ने कहा कि वह इस कानून का कड़ा विरोध करता है। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह विधेयक आसानी से गलत साबित होने वाले झूठ पर आधारित है और ऐसा कम ही होता है कि गैर-नागरिक संघीय चुनावों में मतदान करके कानून तोड़ते हैं। अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने कहा कि कानून का विरोध करने वाले सांसद अमेरिका के गद्दार हैं और जो लोग बिल से असहमत हैं वे चुनावों में धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं।

मोदी गहरे आध्यात्मिक व्यक्ति -नोबल वैज्ञानिक एंटन जेईलिंगर

एजेंसी

वियना (ऑस्ट्रिया)। नोबल पुरस्कार विजेता ऑस्ट्रिया के भौतिक शास्त्री एन्टन जेईलिंगर ने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने के बाद कहा कि श्री मोदी उन्हें एक गहरे आध्यात्मिक रुझान वाले व्यक्तित्व लगे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा मैने अनुभव किया कि प्रधानमंत्री मोदी बड़े आध्यात्मिक पुरुष है और मैं इस विचार का हूं कि यह गुण विश्व के तमाम नेताओं में होना चाहिये। उन्होनें कहा कि इस गुण से मेरा तात्पर्य है कि इस गुण के साथ आप अपने युवा लोगों को अपने खुद के विचारों पर चलने के लिए शिक्षा देते है ,प्रेरित करते है। इससे नये विचार उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि अपने विचारो का अनुसरण करने के कारण भारत आध्यात्म और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की एक बड़ी शक्ति है।

श्री जेईलिंगर ने कहा कि श्री मोदी के साथ उनकी बातचीत बहुत रोचक रही प्रधानमंत्री ने उनसे क्वांटम सूचना और क्वांटम प्रोद्योगिकी तथा आध्यात्म के बारे में चर्चा की और क्वांटम प्रोद्योगिकी के आधारभूत

सिद्धान्तों के विषय में प्रश्न किये। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने भारत के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के बारे में अपने विचारों से अवगत कराया और वैज्ञानिक जेईलिंगर से क्वांटम कम्प्यूटिंग और क्वांटम प्रोद्योगिकी के समाज पर प्रभाव और इसके भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की । जेईलिंगर को 2022 में भौतिक शास्त्र का नोबल पुरस्कार दिया गया था। वह क्वांटम यांत्रिकी के क्षेत्र में अपने गहन शोध के लिए जाने जाते है।

पश्चिमी इंडोनेशिया में 5.8 तीव्रता का भूकंप

जकार्ता। इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत बेंगकुलु में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन देश के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने कहा कि इससे



महत्वपूर्ण लहरें नहीं उठीं। यह भूकंप 22:32 जकार्ता समयानुसार (1532 जीएमटी) पर हुआ, जिसका केंद्र एंगानो द्वीप के उत्तर-पश्चिम में 145 किमी की दूरी पर स्थित था, जिसकी गहराई समुद्र तल के नीचे 10 किमी थी।सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है क्योंकि भूकंप के झटकों से ऊंची लहरें उठने का अनुमान नहीं है। भूकंप के दृष्टिकोण से सक्रिय प्रशांत रिंग ऑफ फायर पर स्थित होने के कारण इंडोनेशिया भूकंप के लिए अतिसंवेदनशील है।

फिलीपींस में भूस्खलन से 4 लोगों की मौत

एजेंसी

मनीला। फिलीपींस की राजधानी मनीला के पूर्व में रिजाल प्रांत के एंटीपोलो शहर में खुदाई के कारण हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी शहर के सार्वजनिक सूचना प्रमुख ने गुरुवार को दी।एंटीपोलो

शहर आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन कार्यालय के प्रवक्ता रेली बर्नार्डो ने कहा कि बुधवार दोपहर को एक निजी उपखंड के अंदर एक निर्माण स्थल पर भूस्खलन हुआ, जिसमें सात लोग दब गए। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने चार शव निकाले जबकि मिट्टी और कीचड़ में फंसे तीन अन्य को बचा लिया। उन्होंने टेलीफोन पर सिन्हुआ कहा कि सभी सात पीड़ितों का पता चल गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

यूरोपीय संघ को यूक्रेन में लोगों के मारे जाने पर दुख, कीव को हथियारों की आपूर्ति रहेगी जारी: बोरेल

एजेंसी

ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ ने यूक्रेन में रूस के हमले में लोगों के मारे जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया है और कहा है कि वह रूस की कार्रवाई का मुकाबला करने के लिए कीव को हथियारों की आपूर्ति जारी रखेगा। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने यह जानकारी दी।

श्री बोरेल ने वाशिंगटन में पांचवें नाटो वर्षगांठ शिखर सम्मेलन में एक भाषण के दौरान कहा, हमें अफसोस है कि लोग मर रहे हैं, लेकिन यूक्रेनी सैनिक लड़ रहे हैं और मर रहे हैं क्योंकि वे अपने देश की रक्षा कर रहे हैं तथा वह लड़ना जारी रखेंगे। श्री बोरेल ने कहा, यूरोपीय संघ यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा।

उन्होंने कहा, मुझे कुछ समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति

जो बाइडेन की यह बात सुनकर खुशी हुई कि रूस प्रबल नहीं हो सकता, हमें इसके लिए अपनी औद्योगिक क्षमता बढ़ानी होगी, अधिक पैसे लगाने होंगे और अधिक तकनीकी विकास करना होगा।

मध्य नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने हमला कर 10 लोगों की हत्या की

एजेंसी

अबुजा। नाइजीरिया के दक्षिण-मध्य राज्य बेन्यू में देर रात एक स्थानीय समुदाय पर संदिग्ध बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। बेन्यू के अगातु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के प्रमुख फिलिप एबेन्याक्कू ने मीडिया को बताया कि बंदूकधारियों ने मंगलवार रात राज्य के अगातु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के ओलेगुमाची समुदाय में कई घरों को ध्वस्त करके और कहर बरपाया। एबेन्याक्कू ने कहा कि बंदूकधारी अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। उन्होंने स्थानीय लोगों के घरों को लूट लिया और खाद्य पदार्थों और पशुओं को लूट लिया, जबकि कम से कम सात अन्य घरों में आग लगा दी।उन्होंने बताया कि घटना की सूचना बुधवार तड़के स्थानीय पुलिस को दी गई।

भारत और आस्ट्रिया के संबंध रणनीतिक साझेदारी में बदलेंगे : मोदी

एजेंसी

विएना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहैमर ने यहां आपसी सहयोग को और मजबूत करने तथा संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया। आस्ट्रिया की यात्रा पर आये श्री मोदी ने चांसलर नेहैमर के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों पक्षों ने यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित दुनिया में अलग अलग स्थानों पर चल रहे विवादों पर विस्तार से चर्चा की। श्री मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा , आज मेरे और चांसलर नेहैमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मज़बूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को स्ट्रैटेजिक दिशा प्रदान की जाएगी। मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, सभी पर विस्तार में बात की है। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध

का समय नहीं है। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों का मानना है कि आतंकवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार की जरूरत पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा , हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतराष्ट्रीय संस्थाओं में रिफॉर्म के लिए सहमत हैं ताकि उन्हें समकालीन और प्रभावशाली बनाया जाये। श्री मोदी ने लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे साझा मूल्यों को दोनों देशों के संबंधों का आधार बताते हुए कहा , लोकतंत्र और कानून का शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास, हमारे संबंधों की मजबूत नींव हैं। आपसी विश्वास और साझा हितों से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपनी यात्रा को एतिहासिक बताते हुए कहा कि यह ऐसे सयम पर हो रही है जब दोनों देशों के संबंधों के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा , मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही ऑस्ट्रिया आने का अवसर मिला। मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक भी है और विशेष भी। 41 साल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा किया है। ये भी सुखद संयोग है कि ये यात्रा उस समय हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं।

ईरान के नए राष्ट्रपति पेजेशकियान 30 जुलाई को लेंगे शपथ

एजेंसी

तेहरान। ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान 30 जुलाई को शपथ लेंगे। ईरानी संसद के प्रेसिडियम के सदस्य मोजतबा यूसेफी ने यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने श्री यूसेफी के हवाले से कहा, 14वां चुनाव जीतने वाले राष्ट्रपति का शपथ

ग्रहण समारोह 30 जुलाई को होगा। गौरतलब है कि श्री पेज़ेशकियान (69) ने पांच जुलाई को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और देश के नौवें राष्ट्रपति बने।

श्री पेजेशकियान कुल 30,510,157 वोट में से 16,384,403 वोट हासिल किये और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 13,538,179 वोट मिले। श्री पेजेशकियान पेशे से हृदय के सर्जन हैं।

रूस यूक्रेन संघर्ष में 600 यूक्रेनी सैनिक मारे गये

एजेंसी

मास्को। रूस के दक्षिणी सैन्य समूह के साथ पिछले 24 घंटों के दौरान संघर्ष में यूक्रेन सशस्त्र बलों के करीब 600 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने लगभग 600 सैनिक, छह वाहन, दो

152-मिमी डी-20 बंदूकें और दो अमेरिका निर्मित 105-मिमी एम119 हॉवित्जर तोप नष्ट हो गये।' मंत्रालय के अनुसार, रूस के सैन्य समूह के बलों ने पांच यूक्रेनी जवाबी हमलों को विफल कर दिया है। इस दौरान यूक्रेन के करीब 510 सैनिकों की मौत हो गयी है। इसके अलावा, यूक्रेन के रूस के जैपैड (पश्चिम) सैन्य समूह के साथ लड़ाई में 495 सैनिक मारे गये हैं। मंत्रालय के मुताबिक, रूस के सेवर (उत्तर) सैन्य समूह की सेनाओं ने दो यूक्रेनी जवाबी हमलों को विफल कर दिया है। इसमें उक्रेन के करीब 275 सैनिक मारे गये हैं।

बाइडन के लिए भारतीय-अमेरिकियों के समर्थन में 19 फीसदी की गिरावट, ट्रंप को हुआ दो प्रतिशत का फायदा

वाशिंगटन। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। वहीं राष्ट्रपति बाइडन के समर्थन में भारतीय-अमेरिकी समर्थकों के प्रतिशत में गिरावट देखने को मिली। हर दो साल होने वाले एशियाई-अमेरिकी वोटर सर्वे (एएवीएस) के अनुसार, 2020 के चुनाव और 2024 में होने वाले चुनाव में जो बाइडन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकी समर्थकों में 19 फीसदी की गिरावट हुई है।

भारतीय-अमेरिकी समर्थन में गिरावट

एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन वोट (एपीआईएवोट), एएपीआई डेटा, एशियन अमेरिकन्स एडवांसिंग जस्टिस (एएजेसी) और एएआरपी के सर्वे के अनुसार, इस साल 49 फीसदी भारतीय-अमेरिकी नागरिक जो बाइडन के लिए मतदान कर सकते हैं। 2020 में यह आंकड़ा 65 फीसदी था। वहीं सर्वे ने बताया कि 30 फीसदी भारतीय-अमेरिकी नागरिक पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए मतदान कर सकते हैं। सर्वे में बताया गया कि डोनाल्ड ट्रंप को दो अंकों का फायदा हुआ, क्योंकि 2020 में यह आंकड़ा 28 फीसदी था। बता दें कि अमेरिका में पिछले दो दशकों में एशियाई अमेरिकी मतदाताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले चार वर्षों में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बाइडन के लिए भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं की संख्या में गिरावत चिंता का विषय हो सकता है।

55 फीसदी का समर्थन बाइडन के पक्ष में

सर्वे के अनुसार, 55 फीसदी भारतीय-अमेरिकी मतदाता बाइडन का समर्थन करते हैं, जबकि महज 38 फीसदी ही ट्रंप के समर्थन में हैं। इनके अलावा दक्षिणी कैलिफर्निया की गवर्नर और अमेरिकी राजदूत निकी हेली को 33 फीसदी भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग पसंद करते हैं। हालांकि, 11 फीसदी ऐसे भी हैं, जिन्होंने हेली का नाम भी नहीं सुना है। एएपीआई डेटा के कार्यकारी निदेशक कार्तिक रामकृष्णन ने कहा कि एशियाई अमेरिकी तेजी से अमेरिकी लोग चुनाव प्रकिया में विविधता ला रहे हैं। हमारे लिए यह जरूरी है कि हम समझ सके कि उन्हें मतदान के विकल्पों में क्या प्ररित करता है।

कांग्रेस ने की दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की मांग

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की मांग करते हुए कहा कि पार्टी ने इस संबंध में दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना को ज्ञापन सौंपा है और उन्हें उम्मीद है कि उपराज्यपाल इस मामले में जल्द फैसला लेंगे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि पार्टी ने उपराज्यपाल को ज्ञापन दिया है जिसमें दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नियमित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि करीब छह, सात साल पहले केंद्र सरकार ने यह योजना डीडीए के माध्यम से लांच की थी और इसमें प्रावधान किया गया था कि डीडीए के द्वारा कन्वर्जन चार्ज दे कर उसमें प्लॉटों को पहले फ्री होल्ड करवाने के बाद अनधिकृत कालोनियों को नियमितीकरण (रेगुलाइज) करवाया जाए।

'योग दिवस मीडिया सम्मान' के लिये प्रविष्टि की अवधि अब 15 जुलाई तक बढ़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने योग दिवस मीडिया सम्मान 2024 के लिये प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। यह इस सम्मान का तीसरा संस्करण है। इसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के प्रचार-प्रसार में मीडिया की सकारात्मक भूमिका और जिम्मेदारी को मान्यता देते हुये इस काम में श्रेष्ठ रचनात्मक प्रदर्शन करने वाली मीडिया इकाइयों को सम्मानित किया जायेगा।

एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी को ढोने की प्रथा की समाप्ति मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी : गडकरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि जिस दिन एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी को ढोने की प्रथा (साइकिल रिक्शा से ढोने की प्रथा) समाप्त होगी, वह ऐतिहासिक दिन और उपलब्धि होगी। श्री गडकरी ने भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में अभी भी एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी के ढोने की परम्परा कायम है और मैं इस परम्परा को समाप्त करने क लिए प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा ,मैंने इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए ई- रिक्शा और ई-कार्ट जैसे कदम उठाया है। जिस दिन हमारे देश से यह कुप्रथा समाप्त हो जाएगी, वह दिन मेरे जीवन का और हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन होगा तथा यह उपलब्धि हम सभी को गौरवान्वित करने वाली होगी। इस मौके पर उन्होंने भारत विकास परिषद के सामाजिक कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाएं और समाज निर्माण के कार्यों में लगे लोग 100 साल के बारे में सोचते हैं, जबकि राजनेता सिर्फ पांच साल की सोचते हैं यानी सिर्फ चुनाव के बारे में सोचते हैं।

दिल्ली में बिजली दरों पर झूठी अफवाहें फैला रही है भाजपाः आतिशी

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने बुधवार को भाजपा पर राष्ट्रीय राजधानी में बिजली दरों में बढ़ोतरी के बारे में झूठी अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्य देश में सबसे महंगी बिजली मुहैया कराते हैं। भाजपा पर हमला करते हुए आतिशी ने कहा, भाजपा दिल्ली की जनता को गुमराह कर रही है और अफवाह फैला रही है कि दिल्ली में पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट (पीपीएसी) के जरिए बिजली के दाम बढ़ाए गए हैं। जहां-जहां भाजपा की सरकार है, उन राज्यों में देश में सबसे महंगी बिजली दी जाती है। इतना ही नहीं, महंगे बिजली बिल चुकाने के बाद भी लोगों को भीषण गर्मी में 8 घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। भाजपा शासित राज्यों का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा, हरियाणा के गुड़गांव, फरीदाबाद, उत्तर प्रदेश के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में इस गर्मी में 8 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। फिलहाल इन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार है जो दिल्ली के लोगों को 24 घंटे बिजली देती है और देश में सबसे सस्ती बिजली देती है। दिल्ली में लाखों लोगों को मुफ्त बिजली मिलती है। उन्होंने कहा कि पीपीएसी के संबंध में दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के आदेश में कहा गया है कि वर्तमान पीपीएसी वही रहेगा तथा कोई और शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा, लेकिन, डिस्कॉम के पास विद्युत अधिनियम 2003 में प्रावधान है जो उन्हें बिजली खरीद की उच्च लागत के मामले में डीईआरसी द्वारा निर्धारित पीपीएसी से 10 प्रतिशत तक बढ़ाने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा, यह प्रावधान 2003 से लागू है, जब संसद में विद्युत अधिनियम पारित किया गया था।

नड्डा ने डेंगू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देशभर में डेंगू बुखार की स्थिति और इसकी रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारियों की समीक्षा की।

श्री नड्डा की अध्यक्षता में इस उच्च स्तरीय बैठक में देश भर में डेंगू की स्थिति और तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। मानसून की शुरुआत और बरसात के मौसम में डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या के खतरे से उत्पन्न चुनौती का उल्लेख करते हुए श्री नड्डा ने डेंगू से निपटने के लिए तैयार रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को डेंगू के खिलाफ रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से डेंगू से प्रभावित उन राज्यों और क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा , जहां अक्सर प्रकोप की सूचना मिलती है। उन्होंने

अधिकारियों से डेंगू की रोकथाम के लाने के लिए राज्यों के साथ सक्रिय रूप से काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने विशेष रूप से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय , ग्रामीण विकास मंत्रालय , शिक्षा मंत्रालय और नगर निगमों और स्थानीय स्वशासन को शामिल करते हुए अंतर-मंत्रालयी समन्वय अभिसरण पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि केंद्र डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण गतिविधियों के लिए समय पर कार्रवाई पर राज्यों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहा है। डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण पर उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न अंतर-क्षेत्रीय बैठकें आयोजित की गई हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में इन गतिविधियों को और मजबूत किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आम तौर पर दिन के समय काटने वाले एडिस मच्छर के बारे में जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को डेंगू की रोकथाम और जागरूकता के लिए केंद्रीय हेल्पलाइन नंबर बनाने का निर्देश दिया। राज्यों को भी इसी तरह की हेल्पलाइन नंबर चालू करने की सलाह दी गई।

श्री नड्डा ने एम्स और सभी केंद्रीय सरकारी अस्पतालों को प्रशिक्षित कर्मचारियों, दवाओं और अन्य साजो सामान सहित पूरी तरह सुसज्जित डेंगू वार्ड बनाने का निर्देश दिया है।

हुसैन ने खाद्यान्न राशन दुकानों तक सुचारू रूप से जाने के निर्देश दिये

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने बुधवार को दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम (डीएससीएससी) के जनरल मैनेजर के साथ भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों से राशन की दुकानों तक सुचारू और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्नों के ट्रांसपोर्टेशन और समय पर वितरण की समीक्षा की। इमरान हुसैन ने कहा कि डीएससीएससी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर महीने समय पर एफसीआई के गोदामों से खाद्यान्न उठाने और संबंधित राशन दुकानों तक खाद्यान्न को सुचारू और निर्बाध तरीके से ट्रांसपोर्टेशन सुनिश्चित करें। उन्होंने डीएससीएसएस अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से राशन दुकानों पर राशन ट्रांसपोर्टेशन की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया और राशन की आपूर्ति एवं वितरण के संबंध में नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।इमरान हुसैन ने इस बात पर जोर दिया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए राशन से भरे ट्रक को वाटर प्रूफ तिरपाल से ढकना आवश्यक है, ताकि दुकानों तक वितरण के लिए सूखा राशन उपलब्ध हो सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि दिल्ली में पर्याप्त राशन उपलब्ध है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 2013 के तहत उचित मूल्य की दुकानों से सुलभ और पारदर्शी तरीके से सभी राशन लाभार्थियों को मुफ्त वितरित की जा रही है। राशन ट्रक का रूट जीपीएस मैपिंग रूट के आधार पर होना चाहिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि तय मार्ग में कोई डायवर्जन होता है या ऐसी कोई बात डीएससीएससी के संज्ञान में आती है, तो वे उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें, जो खाद्यान्न के डायवर्जन, उनके परिवहन में जानबूझकर देरी जैसी गतिविधियों में शामिल हैं। ऐसी अनियमितताओं के लिए उन्हें कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इमरान हुसैन ने डीएससीएससी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि दिल्ली में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के साथ ही राशन के ट्रक सड़कों पर उतरे।

एनसीईआरटी की छठीं कक्षा की पुस्तकें इस माह उपलब्ध करा दी जाएगी: शिक्षा मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने नए शिक्षा सत्र के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकें सुलभ कराने में विलंब संबंधी समाचारों को खारिज करते हुए कहा है कि इस माह के अंत तक परिषद् द्वारा छठी कक्षा की सभी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया है कि तीसरी और छठी कक्षा के अलावा अन्य किसी भी कक्षा के लिए मौजूदा पाठ्यक्रम या पाठ्यपुस्तकों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एक अखबार में कक्षा छह, नौ और ग्यारह के लिए कथित तौर पर संशोधित एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों पर भ्रम और शिक्षकों की परेशानी के बारे में प्रकाशित समाचार के संदर्भ में मंत्रालय ने कहा है कि इस तरह का समाचार तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है।विज्ञप्ति में कहा, जुलाई 2024 तक एनसीईआरटी द्वारा छठी कक्षा की सभी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएँगी। दो महीने की समयसीमा का उल्लेख गलत है।'' मंत्रालय ने कहा, अनुभवात्मक शिक्षण के परिप्रेक्ष्य में व्यावहारिक अनुभव के लिए शिक्षकों और छात्रों को पर्याप्त समय प्रदान करने और पुराने पाठ्यक्रम की जगह नए पाठ्यक्रम को सुचारू रूप से आत्मसात करने के लिए एनसीईआरटी पहले ही ग्रेड 6 के लिए सभी 10 विषयों में एक महीने का ब्रिज प्रोग्राम उपलब्ध करा रही है और शिक्षक इसका उपयोग करते हुए बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। विज्ञप्ति में मार्च सीबीएसई के परिपत्र संख्या एकेड. 29/2024, 22 मार्च, 2024 का हवाला देते हुए कहा गया है कि तीसरी और छठी कक्षा के अलावा अन्य किसी भी कक्षा के लिए मौजूदा पाठ्यक्रम या पाठ्यपुस्तकों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मंत्रालय के अनुसार भ्रामक सूचनाओं के आलोक में स्कूलों को एक बार फिर सीबीएसई द्वारा इन कक्षाओं के लिए उन्हीं पाठ्यपुस्तकों का उपयोग जारी रखने की सलाह दी गई है जिनका उपयोग उन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष (2023-24) में किया था। सरकार ने कहा है कि आरपीडीसी बेंगलुरु, तमिलनाडु सहित सभी दक्षिण भारतीय राज्यों की पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति करता है। आरपीडीसी बेंगलुरु से प्राप्त नौवीं और 11वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तकों की शीर्षक-वार मांग को एनसीईआरटी ने पूरा कर दिया है। विज्ञप्ति में इस बात का भी उल्लेख है कि प्रकाशन विभाग और आरपीडीसी बेंगलुरु की ओर से किसी भी कमी की सूचना नहीं दी गई है। समाचार में कहा गया था कि छठी कक्षा की एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों को छात्रों तक पहुँचने में दो महीने का समय और लगेगा। इसमें यह भी कहा गया था कि सीबीएसई द्वारा यह ठीक से नहीं बताया गया कि क्या केवल तीसरी और छठी कक्षा को संशोधित पाठ्यपुस्तकें मिलेंगी या नौवीं और 11वीं कक्षा के छात्रों के लिए भी पाठ्यपुस्तकें संशोधित की जाएंगी। उस खबर में नौवीं कक्षा की अंग्रेजी और भूगोल और 11वीं कक्षा की कंप्यूटर विज्ञान, रसायन विज्ञान और इतिहास की पाठ्यपुस्तकें के अब तक प्रकाशित नहीं होने की भी बात कही गयी थी।

बाढ़ जैसे हालात से निपटने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी कर रही है दिल्ली सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की केजरीवाल सरकार राजधानी में संभावित बाढ़ को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां कर रही है ताकि यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न भी हो तब भी लोगों की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बाबत राजस्व मंत्री आतिशी ने यमुना नदी पर स्थिति पुराना लोहा पुल और यमुना बाज़ार इलाक़े में बाढ़ को लेकर संबंधित विभागों की तैयारियों का जायज़ा लिया। इस दौरान राजस्व विभाग और बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राजस्व मंत्री से साझा करते हुए कहा कि बाढ़ को लेकर विभागों की तैयारियां पूरी हैं। बाढ़ की स्थिति में मोटर बोट, गोताखोर और मेडिकल टीमें किसी भी एक्शन के लिए तैयार रहेंगी। साथ ही बाढ़ की स्थिति में राजस्व विभाग द्वारा राहत शिविर लगाने संबंधित तैयारियां भी पूरी हैं।

इस मौक़े पर राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में पिछले साल यमुना का जलस्तर पिछले 40 सालों में सबसे ऊपर गया था और इस कारण यमुना के निचले इलाक़ों में बाढ़ की समस्या आ गई थी।

इसे देखते हुए इस बार केजरीवाल सरकार ने इस साल काफ़ी पहले से ही बाढ़ को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। ताकि यदि बाढ़ आये तो हम उससे निपटने और राहत-बचाव कार्यों के लिए तैयार रहें। आतिशी ने कहा कि मानसून के दौरान तेज बारिश के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में बादल के फटने जैसी स्थिति हो जाती है।

इस दौरान कुछ ही समय में इतनी ज़्यादा बारिश हो जाती है कि बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में हमने यमुना के ऊपरी हिस्सों में भी पूरी तरह नज़र बनाए रखा है। ताकि दिल्ली सरकार बाढ़ के किसी भी संभावित ख़तरे से निपटने के लिए तैयार रहे।

उन्होंने कहा कि इस साल दिल्ली सरकार तैयार है। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में यदि कम

समय में भी निचले इलाक़ों से लोगों को निकालना पड़ा तो सरकार उसके लिए भी तैयार है।

आतिशी ने कहा कि पिछली बार यमुना का जलस्तर 208 मीटर से ऊपर गया था। वर्तमान में ये 202.6 मीटर है, जो ख़तरे के निशान से बहुत नीचे है। इसके बावजूद दिल्ली सरकार सतर्क और सचेत है। यदि बाढ़ की स्थिति बनती भी है तो हम राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ताकि दिल्लीवालों को कम से कम परेशानी हो।

ऑस्ट्रेलियाई ईसाई मिशनरी हत्याकांडः सजा माफी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का ओडिशा को नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने ऑस्ट्रेलियाई ईसाई मिशनरी ग्राहम स्टुअर्ट स्टेन्स और उनके दो नाबालिग बेटों की साल 1999 में हत्या के मामले में आजीवन

कारावास की सजा काट रहे बजरंग दल के कार्यकर्ता रहे रवींद्र कुमार पाल उर्फ दारा सिंह की सजा माफी याचिका पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलें सुनने के बाद ओडिशा सरकार को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में छह सप्ताह में अगली सुनवाई करेगी। दारा सिंह ने 24 साल जेल की सजा काटने को आधार बताते हुए अपनी सजा माफी की गुहार लगाई है। उन्होंने तर्क दिया कि उन्हें अपने अपराधों का पश्चाताप है, क्योंकि उस समय वे 'मुगलों और अंग्रेजों द्वारा भारत पर किए गए बर्बर कृत्यों से व्यथित थे।'उत्तर प्रदेश के निवासी दारा सिंह को कुष्ठ रोग पीड़ितों के लिए काम करने वाले 58 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई ईसाई मिशनरी स्टेन्स और उनके दो बेटों - फिलिप (10 वर्ष) और टिमोथी (6 वर्ष) को जिंदा जला कर हत्या करने का दोषी ठहराया गया था। यह घटना 21 और 22 जनवरी 1999 की रात मनोहरपुर-बारीपदा के एक जंगल में हुई थी। स्टेन्स अपनी जीप में सो रहे थे, तभी उन पर हमला किया गया था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के रहने वाले दारा सिंह ने अपनी याचिका में तर्क दिया है कि राज्य (ओडिशा) के संबंधित अधिकारियों ने उनकी सजा में छूट और समय से पहले रिहाई के लिए भेजे गए कई आवेदनों पर गौर करने में विफल रहे, जिससे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त उनके अधिकार को खतरा पैदा हो गया। क्योंझर जिला जेल में बंद याचिकाकर्ता ने दलील दी कि उसकी उम्र 60 साल से अधिक है। वह 19 अप्रैल 2022 की सजा छूट नीति में निर्धारित योग्य अवधि यानी 14 साल की सजा पहले ही काट चुका है।

नाम परिवर्तन
मै रवीश कुमार चौधरी पुत्र श्री किशोर कुमार निवासी बी 56 गली नंबर 2 वेस्ट विनोद नगर दिल्ली-110092 ने अपना नाम बदल कर रवीश कुमार रख लिया हूं। भविष्य में मुझे सभी कार्य व्यवहार में रवीश कुमार के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

Name Change
I, Kushal S/o- Devki Nandan Sharma R/o T-6 1212,Amolik heights, sector - 88, Kheri Kalan (113), Faridabad, Haryana -121002 have changed my name from Kushal to Kushal Sharma for all future purposes.

Name Change
I, Kamaludin Khan Saifi s/o Nijamudin Khan R/o B-81, Bindapur, Matiyala Road, Nanhey Park, Uttam Nagar, New Delhi-110059 have changed my name to Kamaluddin for all future purposes

Name Change
I, HARKESH S/O SHREE RAMESHWAR R/O VILLAGE KHIDWALI, DISTT ROHTAK, HARYANA have changed my name to HARKESH HOODA for all future purpose.

Name Change
I, Mohammad Asloof S/o-Akbar Ali R/O House No-120, First Floor, Block R-3A, Mohan Garden, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi-110059 have changed my name from Mohammad Asloof to Mohd Asloof for all future purposes.

Name Change
I Raghav Arora S/o Hitesh Arora R/o A 33, 3rd Floor, Chander Nagar, Ghaziabad have changed my name to Raaghav Arorae for all future purposes.

Name Change
I hitherto known as Mukesh Kumar Verma alias Mukesh Verma S/O Suresh Chand Verma, R/O A-29, GURU RAM DASS NAGAR, LAXMI NAGAR, East Delhi, Delhi - 110092 have changed my name and shall hereafter be known as MUKESH VERMA.

Name Change
I, JC-706052Y Rank-SUB Name-ASHOK KUMAR R/O VILL-RAM NAGAR, PO-AKOLA, TEH-AGRA, DIST-AGRA, UTTAR PRADESH-283102 have changed my Minor son's name from GAURANC to GAURANSH CHAHAR for all future purposes vide affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

सार्वजनिक सूचना
मैं कमली पत्नी स्व श्री मोहन लाल, मकान नं0 एच-162, करन विहार-4, किरारी सुलेमान नगर उत्तर पश्चिम दिल्ली दिल्ली 110086. यह है कि मैं शपथ पूर्वक अपनी सपुत्री कृष्णा को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपति से बेदखल कर रही हू. इसके द्वारा किए गए लेनदेन पुलिस केस आदि की जबाबदेई मेरी नही होगी शपथकर्ता -कमली .

Name Change
I, Daksh S/o Kuldeep R/o House No-92, VPO-Chakarpur (74), Gurgaon, Haryana 122002, Have Changed My Name To Daksh Yadav S/o Kuldeep Yadav For All Future Purpose.

Name Change
I, Kuldeep S/o Rameshwar R/o House No-92, VPO-Chakarpur (74), Gurgaon, Haryana 122002, Have Changed My Name Kuldeep Yadav For All Future Purpose.

Name Change
I, MOHAMMAD SAKIB S/O IQBAL AHMAD residing at H NO-7895, MOHALLA SHEIKHAN, BARA HINDU RAO, DELHI-110006 have changed my name to MOHAMMAD SAQIB for all future purposes

Name Change
It is for general information that I, JOYTI SHARMA D/o KEDAR SHARMA residing at L-2/6A, Mungaram Bhawan, Shastri Nagar, North West Delhi, Delhi - 110052, declare that name of mine and my Father has been wrongly written as JYOTI SHARMA and KEDAR NATH SHARMA in my Passport No. S3184935 . The actual name of mine and my Father are JOYTI SHARMA and KEDAR SHARMA respectively, which may be amended accordingly.

Name Change
I, SMT ANUPA BIST wife of NO-14600617K Rank-SEP Name-RAMESH SINGH (Retd) R/O 101, VILL-MANPUR, UDAYA RAMPUR, PO-KALAGHATI, DIST-PAURI GARHWAL, UTTARAKHAND-246149 have changed my name from SMT ANUPA BIST to ANUPA BISHT for all future purposes vide affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

Name Change
I hitherto known as Mukesh Kumar Verma alias Mukesh Verma S/O Suresh Chand Verma, R/O A-29, GURU RAM DASS NAGAR, LAXMI NAGAR, East Delhi, Delhi - 110092 have changed my name and shall hereafter be known as MUKESH VERMA.

Name Change
I, NO-13700705Y Rank-ALD Name-HARDEV SINGH R/O VPO-GHANIA KE BANGER, TEH-BATALA, DIST-GURDASPUR, PUNJAB-143513 have changed my Minor daughter's name from RIMRATPREET to RIMRATPREET KAUR for all future purposes vide affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

Name Change
I, V PALANISWAMY S/O C VENKATACHALAM R/O H.No-781, Phase-1, Gautam Puri, Badarpur, South Delhi, Delhi-110044, have changed the name of my minor Son P. ANUSH aged 11 years and he shall hereafter be known as ANUSH KUMAR.

Name Change
I, No-2894582P Rank-HAV, Name-RAJESH KUMAR DHANKA Presently residing at VPO-JASAI, TEH-MUNDAWAR, DIST-ALWAR, RAJASTHAN-301427, have changed my minor daughter's name from KUMARI BHAWANA to BHAWANA for all future purposes vide Affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

Name Change
It is for general information that I, ANISHA BEGAM W/o MOHAMMAD NAZIM R/o H.NO-F-411/1, SHAHBAD DAIRY, BADLI, NORTH WEST DELHI-110042 declare that name of mine has been wrongly written as ANEESHA BEGUM in my minor son namely ALI HUSSAIN aged 14 years in his school record. The actual name of mine is ANISHA BEGAM which may be amended accordingly.

DATE OF BIRTH CHANGE
I, RANJIT KAUR wife of NO-14849038L Rank-NK Name-MANINDER SINGH R/o VILL-BHATERI, PO-BADWALA, TEH-BASSI PATHANA, DIST-FATEHGARH SAHIB, PUNJAB-140412, in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 12/10/1987 instead of my correct date of birth is 12/08/1987 vide affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

Name Change
I, No-2895805N Rank-HAV Name-MUKHTYAR KHAN S/o HUSSAIN KHAN Residing at RZD-45, DWARKA PURI, VIJAY ENCLAVE, PALAM VILLAGE, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110045, have changed my minor daughter's name from KUMARI SAZIA SAIFI to SAZIA SAIFI for all future purposes vide Affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

Name Change
I SATENDRA NAMBERDAR S/O JAGMAL SINGH NAMBERDAR R/O H.N0-56 AALI VILLAGE BADARPUR DELHI-110076 HAVE CHANGE MY NAME TO SATENDER KUMAR FOR ALL PURPOSE.

Name Change
I, AKIL S/O SADDEEQ residing at F-268 3RD/F GALI NO-8 CHAND BAGH KARAWAL NAGAR, DELHI-110094 have changed my name to AKIL SALMANI permanently

Name Change
It is for general information that I, ANISHA BEGAM W/o MOHAMMAD NAZIM R/o H.NO-F-411/1, SHAHBAD DAIRY, BADLI, NORTH WEST DELHI-110042 declare that name of my husband has been wrongly written as MOHD NAZIM in my minor daughter namely DILNAAZ KHATOON aged 17 years in her 10th and 12th educational documents. The actual name of my husband is MOHAMMAD NAZIM which may be amended accordingly.

Name Change
I, No. 15320848Y Rank-HAV Name-SIRIGIRI RAMESWARA REDDY legal father of S DEEKSHITH REDDY R/O VPO-KAMINENIPALLE, TEH-ALLAGADDA, DIST-KURNOOL, ANDHRA PRADESH-518563 have changed my minor son's name from S DEEKSHITH REDDY to SIRIGIRI DEEKSHITH REDDY for all future purposes vide affidavit dated 11/07/2024 Before Notary Public, Delhi

Name Change
I, BISMITA BHARALI Wife of JC-286117K Rank-SUB Name-NABAJYOTI BHARALI R/o VILL-RANGAMATI BARHONIA GAON, PO-BADULIPAR, TEH-RANGAMATI, DIST-GOLAGHAT, ASSAM-785611, have changed my name from BISMITA BHARALI to BISMITA HAZARIKA BHARALI for all future purposes and in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 27/12/1988 instead of my correct date of birth as 27/11/1988 vide Affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

PUBLIC NOTICE
It is to inform the public at large that my clients Ms. Pinku Kumari, D/o. Mr. Umed Singh, R/o. Hameerwas Bara, Hamirwas Churu, Rajasthan-331305, on dated 26.04.2022 married with Mr. Rupendra Kumar, S/o. Mr. Satyavir Singh, R/o. Hoshang Pur, Jhijhana Rural, Shamli, UttarPradesh-247773, they have cancelled their marriage on dated 02.11.2024 by mutual consent without any threat, coercion, pressure etc. Anyone shall not be responsible in any manner whatsoever for the acts of anyone in the future. Any person dealing with him/her will do so on his own risk and responsibility.
(Sunil Kumar) Advocate
Office: Chamber No. 655
Lawyer's Block
Saket Court Complex
New Delhi-110017
Mobile: 9990649999

Name Change
I, RAVI KANOJIA S/O late sh OM PARKASH R/O 9/17-A VIJAY NAGAR DOUBLE STORY DELHI-110009 the name MY DAUGHTER WRONGLY WRITTEN AS NANDINI IN PLACE OF NANDINI KANOJIA IN FUTURE SHE WILL BE KNOWN AS NANDINI KANOJIA FOR ALL PURPOSE.

Name Change
I, No. 16015229Y Rank-HAV Name-VIRENDER KUMAR S/o RANDHIR SINGH Presently residing at VPO-SINSAR, TEH-NARWANA, DIST-JIND, HARYANA-126116 have changed my mother's name from MATARO DEVI to MATRO DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

Name Change
I KAMAL SINGH S/O ISHWAR SINGH R/O H.NO-147, HARDEV PANNA, KAIR, SOUTH WEST DELHI-110043 have changed the name of my minor son NAUVESH KUMAR aged 10 years and he shall hereafter be known as NITIN.

PUBLIC NOTICE
Be it known that my clients Jamila Khatoon W/o. Mohd Rustam, R/o. H.No.J2B/35/3, Gali No. 3, Sangam Vihar, New Delhi-110080, Aadhar No.901501719554 hereby severed all their relation and has debarred and disinherited her son Mohd Nasim S/o. Mohd Rustam and daughter-in-law Ashma Khatoon from all her properties both immovable and movable. My client has no control over her son and daughter-in-law who has no respect and regard for my client anybody dealing with them in any manner will do so at their own risk and consequences.
ARABINDA NAYAK ADVOCATE
Ch. No. 245-A, Lawyer's Chamber Block, Distract Court Complex, Saket, New Delhi-110017

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

Name Change
I, NAVJIT SINGH son of JC-235093H Rank-RIS Name-KULBIR SINGH R/o VPO-SARHALI KALAN (PATTI PUHLEKI), TEH-CHOHLA SAHIB, DIST-TARN TARAN, PUNJAB-143101, in my father's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/07/2001 instead of my correct date of birth is 03/07/2001 vide affidavit dated 11/07/2024 before Notary Public, Delhi.

PUBLIC NOTICE
My client I, Mohd. Saleem S/o Late Mohd Okeel , aged about 79 years, by Faith - ISLAM, R Aadhar no.869111387945 R/o B-RZ-L-130, Vijay Enclave, Palam Village, S.O. Dabri, South West West Delhi-110059;, do here by out of her own free will and consent disowned and debarred his married son Naimuddin and his wife Maimun Begum and his both Daughter Ms.Rubby and Salma from all their movable and immovable properties and from all connections and relations as of him is not obeying, respecting, and used to misbehave, quarrels with my client and he is totally out of control of my client. My client and his family shall not be held responsible for any of their acts, deed and things in whatsoever in any manner and with immediate effect it is for general information that my clients has no relation of any nature whatsoever with his Married son namely Kayamuddin S/o Mohd. Saleem and his wife Maimun Begum and his both Daughter Ms.Rubby and Salma R/o B-RZ-L-130, Vijay Enclave, Palam Village, S.O. Dabri, South West West Delhi-110059,If anybody deals with him any type will do it at his / her own risk, cost and consequences.
ANWAR JAMAL (Advocate)
D/264/2010
B-600, St-34, Mahavir Enclave, Part-2,Uttam Nagar, New Delhi-59.

PUBLIC NOTICE
My client SH. ZUBAIR AHMAD S/o LATE- MOHD ALI, aged about 69 years, by Faith - ISLAM, R Aadhar no.484429014312. R/o B-600-ST-34-Mahavir Enclave, Part-2, Uttam Nagar, South West Delhi-110059;, do here by out of her own free will and consent disowned and debarred his married son AKHTAR JAMAL and his WIFE AND HIS CHILDREN from all their movable and immovable properties and from all connections and relations as of him is not obeying, respecting, and used to misbehave, quarrels with my client and he is totally out of control of my client. My client and his family shall not be held responsible for any of their acts, deed and things in whatsoever in any manner and with immediate effect it is for general information that my clients has no relation of any nature whatsoever with his Married son namely AKHTAR JAMAL and his WIFE AND HIS CHILDREN R/o R/o B-600-ST-34- Mahavir Enclave, Part-2, Uttam Nagar, South West Delhi-110059,If anybody deals with him any type will do it at his / her own risk, cost and consequences.
JITESH KUMAR SINGH (Advocate)
Office: 105, Savitri Market, C1, Janakpuri, New Delhi-110058.

साढ़े तीन करोड़ से एक साल में बनकर तैयार होगा बामड़ोली का स्टेडियम

एजेंसी

झज्जर। गांव बामड़ोली में साढ़े तीन करोड़ खर्च करके साढ़े 8 एकड़ जमीन में खेल स्टेडियम बनेगा। यह स्टेडियम मुख्यमंत्री घोषणा-2016 के अनुसार बनेगा। स्टेडियम बनने के बाद यहां के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने ग्रामीणों व पुलिस कारपोरेशन विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर हवन में आहूति डालेत हुए नारियल फोड़कर स्टेडियम की नींव रखी। स्टेडियम का निर्माण एक वर्ष में पूरा होगा।स्टेडियम की नींव रखने का यह कार्य निजामपुर गढ़ी के गद्दीनशीन स्वामी इंद्रवेश महाराज के सान्निध्य में हुआ। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने बताया कि वर्ष 2016 में जब वह विधायक थे तो उस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष उन्होंने बहादुरगढ़ हलके के विकास के लिए 16 मांगें रखी थी। इनमें गांव बामड़ोली का स्टेडियम भी शामिल था। सीएम अनाउंसमेंट के तहत इस स्टेडियम के निर्माण पर साढ़े 3 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पूर्व विधायक कौशिक ने बताया कि गांव बामड़ोली में स्टेडियम बनाने की मांग ग्रामीण काफी लंबे समय से कर रहे थे। स्टेडियम सालभर में बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल बहादुरगढ़ के शहीद बिग्रेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में जनसभा में शिरकत करने आए थे तब उन्होंने ग्रामीणों की इस मांग को प्रमुखता से उठाते हुए बामनौली में स्टेडियम बनाने के लिए ग्रांट उपलब्ध करवाने की मांग की थी।

सुचारू स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए विभाग ने कसी कमर

जींद। जल जीवन मिशन के तहत गांव में हर धर तक साफ स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल पहुंचाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने कमर कस ली है। जिसके तहत जिले के सभी उपमंडल अभियंताओं द्वारा प्रतिदिन 10-10 गांव के सरपंचों के साथ बैठक करके स्वच्छ पेयजल आपूर्ति में आ रही समस्याओं का समाधन कर रहे हैं। जींद में उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह , उचाना उपमंडल अभियंता सुनीता व कनिष्ठ अभियंता नरेश जागलान खंड समन्वयक कुशल शर्मा सहित कई गांव के सरपंचों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि विभग द्वारा प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन कई बार पाइपलाइन लिकेज अस्वच्छ कनैक्शन व खुले चल रहे नलों के कारण कुछ जगह पर ग्रामीणों को स्वच्छ व प्रयाप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नही हो पाता है। इसको लेकर ग्रामीणों व कुछ सरपंचों द्वारा विभाग को शिकायत की जाती रही है।

नारनौल जिले में लगेंगे 5.30 लाख पौधे

नारनौल। जिला को हरा भरा बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत हुई। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत लघु सचिवालय के नजदीक खाली पड़ी जमीन से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की। जिला के इस सबसे बड़े अभियान में ग्राम पंचायत, सरकारी विभागों, सामाजिक संगठन, एनजीओ तथा आम नागरिकों के सहयोग से इस बार 5.30 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। नागरिकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सरकार और नागरिकों की सामूहिकता से जिला को हरा भरा बनाना है। आज इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। यह अभियान लगातार वर्ष भर जारी रहना चाहिए। इन पौधों को हमें अपने बच्चों की तरह पालना है। जब धरती हरी भरी होगी तो प्रकृति बहुत ही सुंदर नजर आएगी। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। ये पेड़ ही सबसे बड़ा तोहफा है। डीसी ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसकी फोटो पोर्टल पर अपलोड करें। वहीं सोशल मीडिया पर भी डालें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा एक लिंक तैयार किया गया है, जिस पर पौधारोपण करके अपनी डिटेल भरकर नागरिक ऑनलाइन सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं। इसका क्यू आर कोड और लिंक जिला की ऑफिशल वेबसाइट पर भी डाला गया है। इस मौके पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, जिला परिषद के अध्यक्ष डा.राकेश कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह तथा नगराधीश मनजीत कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

साधारण कार्यकर्ता से प्रदेश अध्यक्ष बने मोहनलाल बड़ौली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का बढ़ेगा सम्मान : गायत्री देवी

हिसार। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी ने मोहनलाल बड़ौली को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने लड्डू बांटकर खुशी जताई और कहा कि मोहनलाल बड़ौली जैसे साधारण व्यक्ति को पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष बनाकर कार्यकर्ताओं का मान व सम्मान बढ़ाया है। गायत्री देवी ने बताया कि मोहनलाल बड़ौली मंडल अध्यक्ष से लेकर प्रदेश महामंत्री, विधायक तथा लोकसभा चुनाव में सोनीपत से उम्मीदवार रहे और विरोधी उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दी। गायत्री देवी ने कहा कि मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बनाएगी और विकास के कार्यों की गति को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने मोहनलाल बड़ौली को अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, गृह मंत्री अमित शाह व शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

देश की समृद्धि के लिए महिलाओं का सशक्त बनना जरूरी : राज्यपाल

एजेंसी

चण्डीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि महिलाओं का समग्र सशक्तिकरण किसी देश के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं का सशक्तिकरण देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आयामों से जुड़ा होता है जोकि देश की प्रगति में योगदान करते हैं। राज्यपाल गुरुग्राम में भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ (कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप-सीओडब्ल्यूई) के हरियाणा चैप्टर के शुभारंभ व शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में उन्हें, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों से, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक अवसरों तक समान पहुंच प्रदान करना शामिल है, साथ ही सभी स्तरों पर निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो वे कार्यबल में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं व आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा दे सकती हैं। सामाजिक रूप से, सशक्त महिलाएं स्वस्थ परिवारों और समुदायों का नेतृत्व कर सकती हैं।

दत्तात्रेय ने भारत में स्टार्टअप के

क्षेत्र में हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अधिक बढ़ रहा है जो दुनिया में सबसे जीवंत और गतिशील में से एक बन गया है। इसके परिणामस्वरूप प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और फिनटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्टअप्स की संख्या में वृद्धि हुई है जो महत्वपूर्ण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेश को आकर्षित कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश नवाचार और उद्यमिता के लिए एक उल्लेखनीय केंद्र के रूप में उभरा है। आज हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति जैसी सहायक सरकारी नीतियों और पहलों से प्रेरित होकर, राज्य ने स्टार्टअप्स के फलने-फूलने के लिए अनुकूल माहौल बनाया है। गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे प्रमुख शहर तकनीक- संचालित उद्यमों के लिए हॉटस्पॉट बन गए हैं, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। मजबूत बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के साथ-साथ शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों की उपस्थिति, स्टार्टअप परिदृश्य को और मजबूत करती है। राज्यपाल ने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 तक हरियाणा में 1740 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। पिछले वर्ष ही राज्य में स्टार्टअप की संख्या में बीस प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है। 2022 में हरियाणा स्थित स्टार्टअप्स द्वारा कुल पंद्रह सौ करोड़ रुपये की फंडिंग जुटाई गई।

राज्यपाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज को अधिक समानता की ओर ले जाता है, क्योंकि यह आर्थिक अंतर को पाटने में मदद करता है और समावेशी विकास को बढ़ावा देता है। समारोह में भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ के हरियाणा चैप्टर के शुभारंभ अवसर पर अध्यक्ष रूचिता बंसल, सचिव शिखा तनेजा, राशि रोहतकी खान, कोषाध्यक्ष मीनू मिगलानी व संयुक्त सचिव शिल्पी सोनी ने शपथ लेकर अपना पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ (कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप-सीओडब्ल्यूई) की देश के 14 राज्यों में इकाईयां हैं और अब इसमें हरियाणा भी शामिल हो गया है। इस परिसंघ का उद्देश्य महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना व प्रोत्साहन देना है।

कम्प्यूटर आपरेटर, एमटीएस डीआईटीएस कर्मचारी 15 से अनिश्चितकालीन हडताल पर

एजेंसी

जींद। कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने उपायुक्त को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि कंप्यूटर आप्रेटर 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। सरकार उनकी मांगों की तरफ कोई संज्ञान नही ले रहा है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार ने बताया कि मांगों को लेकर

वो अधिकारियों व सरकार प्रतिनिधियों से मिल चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या की तरफ कोई संज्ञान नही लिया जा रहा है। सभी कर्मचारी लगभग 20-25 सालों से कार्य कर रहे हैं लेकिन पहले की सरकारों ने कोई ध्यान नहीं दिया है।

उन्होंने मांग की कि सभी कार्यरत कर्मचारियों के पद सर्जित करते हुए डीआईटीएस का केंद्रीयकरण करें व बजट का प्रावधान किया जाए। हरियाणा सरकार द्वारा जो नियमितीकरण की पॉलिसी तैयार की जा रही है, उसमें डीआईटीएस के अधीन डीआईटीएस हारट्रोन, एचकेआरएनएल कार्यरत कर्मचारियों को शामिल करते हुए नियमित किया जाए।जब तक नियमितीकरण की पॉलिसी लागू नही हो जाती तब तक सभी कर्मचारियों को कैटेगिरी व पद अनुसार समान काम समान वेतन दिया जाए व 58 वर्ष की सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में भेजे गए सभी डीआईटीएस कर्मचारियों को डीआईटीएस में शामिल किया जाए व सरकार उन सभी कर्मचारियों की सिनियर्टी उनकी पहले की ज्वायनिंग अनुसार करे। सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नही किया तो 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हडताल शुरू कर दी जाएगी।

पुलिस प्रशासन तोड़े गैंगस्टर का नेटवर्क, अपराधियों पर हो सख्त कार्रवाई: मुख्यमंत्री

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की मजबूत स्थिति को बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहाकि गैंगस्टरों के नेटवर्क पर प्रहार करते हुए अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करें। प्रदेश में गैंगस्टरों एवं शातिर अपराधियों के खिलाफ अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए। मुख्यमंत्री आज यहां प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में फिरौती सहित क्राइम की अन्य घटनाओं पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए कहा कि फील्ड में पुलिस की प्रजेंस ऐसी हो जिससे अपराधियों में भय पैदा हो और वे डर के कारण बाहर ही ना निकले। एक सप्ताह के भीतर पुलिस अपराधियों पर कड़ाई बरतते हुए क्राइम की तमाम घटनाओं पर ब्रेक लगाए। एक सप्ताह बाद वे स्वयं पुलिस विभाग की एक और बैठक लेकर क्राइम रेट की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराध

घटित होने की स्थिति में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी पीड़ितों से मिले ताकि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक बढ़े। साथ ही, पुलिस की छवि आम जनता में और बेहतर बनाने के लिए छोटी से छोटी सूचनाओं को भी पूरी गंभीरता से लिया जाए और तत्काल कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। नशे के सौदागरों की संपत्ति को जब्त करने के कार्य में तेजी लाई जाए। पुलिस महानिदेशक से कहा कि आम नागरिकों सहित युवा पीढ़ी को भारतीय न्याय संहिता के तहत लागू तीन नए कानूनों की जानकारी देने के लिए कॉलेजों सहित सिविल सोसाइटी के लिए भी सेमिनार आयोजित किए जाएं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, जेल महानिदेशक मोहम्मद अकील, सीआईडी प्रमुख अलोक मित्तल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, एएस चावला, ममता सिंह, संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

बीजेपी से जिला परिषद चेयरपर्सन समेत कई पार्षद और सरपंचों ने ज्वाइन की कांग्रेस

एजेंसी

चंडीगढ़। बीजेपी से भिवानी जिला परिषद की चेयरपर्सन अनीता मलिक ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने उनका पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर कई-कई पार्षदों और सरपंचों ने भी कांग्रेस ज्वाइन की। हुड्डा और उदयभान ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई और पार्टी में पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। जेजेपी के प्रवक्ता रहे दिनेश अग्रवाल ने भी हुड्डा और चौधरी उद्यभान के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा है। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी ज्वाइन की। साथ ही व्यापार मण्डल तोशाम के प्रधान ?जोगेंद्र मलिक, क्रैशर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान कृष्ण मलिक, नरेन्द्र पार्षद देवराला, राजा पार्षद ढाणी माहु, रामनिवास पटवारी पार्षद मीराण, डा. सुखबीर पार्षद प्रतिनिधि किरावड, दलबीर पार्षद प्रतिनिधि सरल, सुमेश पार्षद जाटू लोहारी, कृष्ण पार्षद तिगड़ाना, सतबीर पार्षद प्रतिनिधि सांगा, रूपेन्द्र पार्षद बामला, अमित पार्षद प्रतिनिधि चहड़ कलां, राजेंद्र

फ़ॉजी सरपंच (ब्लॉक प्रधान तोशाम एसोसिएशन), सुरेश सरपंच किरावड (ब्लॉक प्रधान बवानी खेड़ा), सुल्तान लाम्बा सरपंच देवास (उप-प्रधान तोशाम ब्लॉक), संदीप सरपंच मालवास कोहाड़ (उप-प्रधान कैरु ब्लॉक) समेत कई जनप्रतिनिधि भी कांग्रेस में शामिल हुए। इनके अलावा सतीश जिंदल,राजेश गुप्ता,राजेश मित्तल, नवीन जैन, संजय मित्तल, राजेंद्र प्रसाद जैन, सुरेश मंगला, हरिओम गुप्ता, शिव कुमार, महेंद्र गर्ग, नरेश गर्ग, अप्पर अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, हंसराज गुप्ता, सुशील मित्तल, इशांक अग्रवाल, आशू मित्तल, चिराग मंगला, अनिश मित्तल, हर्षित गुप्ता, तुषार अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, जतिन गुप्ता, शलैष गुप्ता, संजय अग्रवाल, ललित गुप्ता आदि ने भी कांग्रेस ज्वाइन की।

सोनीपत : खरखौदा ब्लॉक समिति के सदस्यों ने सीएम के नाम दिया मांग पत्र

एजेंसी

सोनीपत। खरखौदा ब्लॉक समिति के सदस्यों ने अपनी मांगों का पत्र मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम श्वेता सुहाग को सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि जो ब्लॉक

समिति सदस्यों का मानदेय 15000 प्रति माह किया जाए। दिए गए ज्ञापन में लिखा गया है कि गांव में जो उनका क्षेत्र वार्ड के अंतर्गत आता है। उन वार्डों में जो विकास कार्य होते हैं उनमें उनकी भागीदारी होनी चाहिए। उनके वार्ड का जो फंड आता हैं उन्हें भी अपने वार्ड में विकास के कार्य करने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र किया जाना चाहिए। गांव में विकास कार्य करने के लिए उनका फंड अलग से रिलीज करना चाहिए। वह सुविधा उन्हें उपलब्ध करवाई जाए ताकि भविष्य में वह विकास कार्य अपने हिसाब से गांव में करवा सके।मौजूदा हाल में उनकी गिनती कहीं भी नहीं हो रही है। सरपंच अपनी मनमानी करते हैं और ब्लॉक समिति का जो पैसा आता है वह सरपंचों के खाते में आता है। लेकिन अब ऐसा नहीं होना चाहिए। ब्लॉक समिति का पैसा ब्लॉक समिति के हिसाब से ही सदस्यों से पूछ कर लगाया जाना चाहिए। इस मौके पर एसडीएम श्वेता सुहाग ने कहा कि उनकीमांग को मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवा दिया जाएगा इस मौके पर ब्लॉक समिति उप प्रधान सविता, वेद प्रकाश गोरड, आनंद नकलोई, राजेश फरमाना, अमित फरमाना, कोमल कवाली, रेखा झरोठी, प्रवीण कुमार, राजू थाना कला, अंजलि खेडी दहिया सहित विभिन्न गांव के समिति सदस्य उपस्थित रहे।

लुवास के मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए 'कैश बुक के रखरखाव' पर हुआ व्याख्यान

एजेंसी

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास मंत्रालय निदेशालय ने लुवास के मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए कैश बुक के रखरखाव पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने विचार रखे। लुवास में हुए इस कार्यक्रम के शुभारंभ पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निदेशक डॉ. राजेश खुराना ने हरियाणा सरकार की रेजिडेंट सीनियर ऑडिटर श्रीमती यामिनी गौतम का स्वागत किया। उन्होंने मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशालय के सभागार में सुबह लुवास के क्लर्क से लेकर असिस्टेंट रैंक के सभी कर्मचारियों, विशेषकर उन लोगों के लिए कैश बुक के रखरखाव पर व्याख्यान दिया, जिनके पास विभागों में कैशियर का प्रभार है।

जीएमडीए ने विकास कार्यों के लिए 2887 करोड़ रुपये के बजट को प्रदान की स्वीकृति

एजेंसी

चंडीगढ़। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की 13वीं बैठक यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक के दौरान वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2887.32 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान गई। बैठक में शहर की निगरानी और बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए सीसीटीवी कैमरों की क्षमता बढ़ाने, नए जल उपचार संयंत्रों का निर्माण और मौजूदा की क्षमता बढ़ाने, जल निकासी और सीवर उपचार संयंत्रों के नेटवर्क को मजबूत करने सहित विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा हुई। जीएमडीए प्राधिकरण ने शहर की निगरानी और बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए 422 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सीसीटीवी परियोजना के चरण-3 के कार्यान्वयन को मंजूरी प्रदान की। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे इनकी संख्या वर्तमान में लगे 4000 सीसीटीवी से बढ़कर लगभग 14000 हो जाएगी। बैठक में सेक्टर 45-46-51-52 के जंक्शन पर यातायात भीड़ को कम करने के लिए एक फ्लाईओवर के निर्माण को भी

मंजूरी प्रदान की गई, जिसके लिए 52 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, सेक्टर 85-86-89-90 के चौराहे पर भीड़भाड़ को कम करने और आवागमन को बढ़ाने के लिए 59 करोड़ रूपए की लागत से एक और फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। उन्नयन खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए, जीएमडीए प्राधिकरण ने 634.30 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल स्टेडियम के उन्नयन को स्वीकृति प्रदान की। इस व्यापक नवीनीकरण परियोजना का उद्देश्य एथलीटों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ाना है, जिसमें नए प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण, अत्याधुनिक खेल सुविधाएं आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए आधुनिक प्रणालियाँ और बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि स्टेडियम विभिन्न प्रकार के खेल आयोजनों और गतिविधियों का समर्थन करने के लिए सुसज्जित है।

चंदू बुधेरा में 78 करोड़ रुपये की लागत से 100 एमएलडी जल उपचार संयंत्र इकाई संख्या ढ्ढ के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण ने 247 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बसई में 100 एमएलडी जल उपचार संयंत्र इकाई संख्या ढ्ढ के निर्माण को मंजूरी दी है। धनवापुर में मौजूदा मुख्य पंपिंग स्टेशन को 119 करोड़ रुपये की लागत से 650 एमएलडी क्षमता तक बढ़ाने को भी मंजूरी दी गई है। बैठक में 69.66 करोड़ रुपये की लागत से जीएमडीए क्षेत्र में संचालन के लिए सकल लागत अनुबंध मॉडल के तहत 200 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इस पहल का उद्देश्य गुरुग्राम के निवासियों को सुरक्षित, विश्वसनीय, स्वच्छ और किफायती सिटी बस सेवाएं प्रदान करना है। इन इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत शहर के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और टिकाऊ शहरी परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यात्रियों के लिए आराम और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ये बसें नवीनतम तकनीक से लैस होंगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के साथ सेक्टर 76-80 में मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम प्रदान करने और बिछाने के लिए, जीएमडीए प्राधिकरण ने इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 215 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा, गुरुग्राम के बेहरामपुर में 120 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और धनवापुर में 100 एमएलडी एसटीपी के उन्नयन की परियोजना को क्रमशः 50.58 करोड़ रुपये और 75.46 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से स्वीकृति प्रदान की गई ।

गांव शादीपुरा के जयप्रकाश समाज कल्याण विभाग के रिकार्ड में मृत, फैमिली आईडी में जिंदा

एजेंसी

जींद। लघु सचिवालय के स्थानीय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने लोगों की शिकायतें सुनते हुए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 42 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए सौंप दिया गया। उपायुक्त ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारी इन शिकायतों का जितनी जल्दी हो सके समाधान करें। सरकार द्वारा समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की निरंतर समीक्षा की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में अब तक सभी उपमंडल स्तर पर 5329 समस्याओं का रजिस्ट्रेशन हुआ है जिसमें से अधिकारियों द्वारा 4094 समस्याओं का समाधान किया जा चुका है और लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाएगा।

समाधान शिविर में उपायुक्त के समक्ष गांव शादीपुरा निवासी जयप्रकाश ने बताया कि उसे कई

महीनों से बुढ़ापा पेंशन नही मिल रही है। समाज कल्याण विभाग से पता करने पर पाया कि उसे मृतक दर्शाया गया है। जबकि फैमिली आईडी में वह जीवित दर्शाया गया है। उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग को जल्द से जल्द त्रुटि ठीक कर उसकी पेंशन शुरू करने के निर्देश दिए। गांव जुलानी निवासी रामरती देवी ने अपनी समस्या में बताया कि कुछ समय पहले उसके घर के पास सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन सड़क का झुकाव घर की तरफ होने के कारण पानी घर के सामने इकट्ठा हो जाता है जिसके कारण उसके परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों के मंत्रियों व मुख्यमंत्री के आवास व कार्यालय का होगा घेराव : सतबीर सुरलिया

हिसार। हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों के मंत्रियों व मुख्यमंत्री के आवास व कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है। संगठन का आरोप है कि उनकी मांगे लंबे समय से लटकाई जा रही है। इस संबंध में संगठन की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान सतबीर सुरलिया की अध्यक्षता में हुई। जिला सचिव राजेश नलवा के संचालन में हुई बैठक में कर्मचारियों की मांगों बारे विचार विमर्श किया गया। आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सतबीर सुरलिया व जिला सचिव राजेश नलवा ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है, जिसको लेकर कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की हठधर्मिता, तानाशाही व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ यूनियन न आगामी आंदोलन की घोषणा की है।

प्रदेश की जनता को भाजपा के विकास के विजन पर है भरोसा : सतीश पूनिया

एजेंसी

भवानी। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ने लगी है तथा नेता सक्रिय होकर चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। इसी कड़ी में भाजपा हरियाणा प्रभारी सतीश पुनिया भिवानी जिला में पहुंचे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया भी मौजूद रहे। इस मौके पर झुप्पा बस स्टैंड पर भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने हरियाणा प्रभारी का स्वागत किया। पूनिया का अभिनंदन करने उमड़े सैंकड़ों लोगों ने फूलों के हार पहनाएं और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान जिला अध्यक्ष के साथ भिवानी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चो, मंडलों, विभागों, प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी व जिला पदाधिकारियों ने भी फूल मालाओं द्वारा भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत बदल चुका है। अब पहले वाला भारत नहीं रहा कि पाक से आकर आतंकी हमारे सैनिकों के सिर काट ले जाएं और मोनी बाबा व गुडिया का खून ना खोले। डा. पूनिया ने कहा कि आज दिल्ली में शेर मोदी बैठा है। छोटी सी घटना पर भी पाक की सीमा में घुस कर बदला लिया जाता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने देश की जनता को गुमराह करके अपनी औच्छी राजनीति का प्रदर्शन किया गया। पूनिया ने कहा कि कांग्रेस द्वारा भाजपा की सरकार बनने पर संविधान बदल देने का झूठा प्रचार किया जाता रहा, जबकि सच्चाई थी कि भाजपा नेताओं ने कभी ऐसा ब्यान नहीं दिया। पूनिया ने कहा कि उनका ये खेल जनता समझ चुकी है तथा विधानसभा चुनाव में ऐसे झूठे लोगों को सिरे से नकारने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में देश की साख को सिर्फ गिराने का का ही काम किया है।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य एक डॉलर उछलकर 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.67 डॉलर यानी 0.79 फीसदी की उछाल के साथ 85.75 यूएस डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.62 डॉलर यानी 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 82.72 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

बैंक ऑफ इंडिया सीईओ ने वित्त मंत्री को सौंपा 935.44 करोड़ रुपये का लाभांश चेक

नई दिल्ली। सावर्जनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने यहां केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 935.44 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा है।



वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि निर्मला सीतारमण ने बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रजनीश कर्नाटक से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 935.44 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त किया। इस अवसर पर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। बैंक का मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

केनरा बैंक के एमडी ने सीतारमण को सौंपा 1838.15 करोड़ का लाभांश चेक

नई दिल्ली। सावर्जनिक क्षेत्र के कैनरा बैंक ने यहां केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1838.15 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री ने कैनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के. सत्यनारायण राजू से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1838.15 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त किया है। इस अवसर पर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि केनरा बैंक का मख्यालय बैंगलोर में स्थित है। इसकी स्थापना 1906 में अम्मेबल सुब्बा राव पई ने की थी। केनरा बैंक का लंदन, दुबई और न्यूयॉर्क में भी कार्यालय है।

इंडियन बैंक के सीईओ ने वित्त मंत्री को सौंपा 1193.45 करोड़ रुपये का लाभांश चेक

नई दिल्ली। सावर्जनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने यहां केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1193.45 करोड़ रुपये का लाभांश का चेक सौंपा। वित्त मंत्री कार्यालय ने जारी बयान में बताया कि वित्त मंत्री ने इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांति लाल जैन से बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1193.45 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त किया है। इस अवसर पर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इंडियन बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। देशभर में इस बैंक की 2421 शाखाएं हैं।

केंद्र 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध : गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इसके लिए सभी आधारशिलाएं मौजूद हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां होटल ताज महल में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। पीयूष गोयल ने उद्योग जगत से 'विकसित भारत' को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, नवाचार और स्थिरता में सहयोग करने का आग्रह किया।

गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि सरकार अपने पहले दो कार्यकालों के परिणामों को हासिल करने और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए तीन गुना अधिक गति, तीन गुना अधिक कार्य और तीन गुना अधिक प्रयास लाने के

लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते स्टार्ट-अप इंडिया पहल, बढ़ते बुनियादी ढांचे के निवेश, विनिर्माण में निवेश से व्यापार, व्यवसाय, नौकरियों और निर्यात के लिए बहुत सारे अवसर पैदा हो रहे हैं। हम अगले 3-4 वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। फिक्की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए गोयल ने आगे कहा कि भारत जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है। वह उद्योग जगत की इच्छाओं से गहराई से मेल खाता है। भारत में बहुत सी अप्रयुक्त क्षमताएं हैं, क्योंकि हम भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बना रहे हैं। गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार उद्योग के साथ मिलकर 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसे प्राप्त किया जा सकता है, बशर्ते इसके लिए सही आधार तैयार किए जाएं और साथ ही मजबूत मैक्रो अर्थव्यवस्था का भी समर्थन किया जाए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च रूसी नागरिक पुरस्कार मिलना भारत की अंतरराष्ट्रीय संबंधों को कुशलता से संचालित करने की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने उद्योग जगत से भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने को कहा। गोयल ने कहा कि भारत-ईएफटीए समझौते के तहत 100 अरब अमेरिकी डॉलर के एफडीआई लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए वे स्विट्जरलैंड का दौरा करेंगे। गोयल ने कहा कि चार सदस्यीय यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) भारत में निवेश को लेकर उत्सुक है। घरेलू उद्योग को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

इंडिया एक्सिम बैंक सीईओ ने सीतारमण को सौंपा 252 करोड़ रुपये का लाभांश चेक

नई दिल्ली । सावर्जनिक क्षेत्र के इंडिया एक्सिम बैंक ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 252 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा है।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि निर्मला सीतारमण ने इंडिया एक्सिम बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हर्षा बंगारी से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 252 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त किया। इस अवसर पर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र का एक्जिम बैंक भारतीय निर्यातकों और आयातकों को वित्तीय सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला मुहैया करता है। इसे देश में भारतीय निर्यात-आयात बैंक के तौर पर 1982 में स्थापित किया गया था।

पीएम गतिशक्ति के तहत एनपीजी ने पांच प्रमुख परियोजनाओं का किया मूल्यांकन

पीएम गतिशक्ति के तहत एनपीजी ने पांच प्रमुख परियोजनाओं का किया मूल्यांकन

एजेंसी

नई दिल्ली। पीएम गतिशक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की यहां आयोजित 74वीं बैठक में पांच प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। इस बैठक में एनपीजी ने सड़क, रेल और शहरी परिवहन परियोजनाओं का मूल्यांकन किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएम गतिशक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप की 74वीं बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की पांच महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन परियोजनाओं का मूल्यांकन पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में उल्लिखित एकीकृत योजना के सिद्धांतों के साथ उनके संरेखण के लिए किया गया है।

मंत्रालय के मुताबिक इनमें पहला परियोजना ओडिशा में बलराम-तेनतुलोई नई रेलवे लाइन (एमसीआरएल चरण ढ्ढ) है। इस ग्रीनफील्ड परियोजना में 11 कोयला ब्लॉकों के लिए महत्वपूर्ण फर्स्ट-

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY
सत्यमेव जयते

माइल रेल संपर्क प्रदान करने के लिए अंगुल जिले में 1,404 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 49.58 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण कार्य शामिल है। दूसरा ओडिशा में बुधपंक-लुबुरी नई रेलवे लाइन (एमसीआरएल आउटर कॉरिडोर) है। यह 106 किलोमीटर तक फैली यह ग्रीनफील्ड रेल लाइन, जिसकी अनुमानित परियोजना लागत 3,478 करोड़ रुपये है, महानदी नदी बेसिन से कुशल कोयला निकासी में सहायता करेगी।

तीसरी प्रमुख परियोजना उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना चरण ढ्ढ-क्क पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर (चारबाग से वसंत कुंज) है। इस परियोजना पर 5,801 करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद है और इसका उद्देश्य एक एकीकृत नेटवर्क के माध्यम से भीड़भाड़, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना और सार्वजनिक परिवहन की पहुंच को बढ़ाना है। इसके बाद गुजरात में एनएच-47 (नारोल जंक्शन से सरखेज जंक्शन) के एलिवेटेड कॉरिडोर सहित मौजूदा 6 लेन वाली सड़क का उन्नयन परियोजना है। इस ब्राउनफील्ड परियोजना की अनुमानित लागत 1,295 करोड़ रुपये है। इसके अलावा महाराष्ट्र में चोकक से सांगली (अंकाली) तक एनएच-166 के खंड को 4-लेन किया जाना है। इस परियोजना में एनएच-166 के 33.6 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार-लेन किया जाना शामिल है, जिसकी अनुमानित लागत 864 करोड़ रुपये है।

नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति के सिद्धांतों के परिप्रेक्ष्य में सभी परियोजनाओं का मूल्यांकन किया है। इन परियोजनाओं से राष्ट्र निर्माण, परिवहन के विभिन्न साधनों को एकीकृत करने और पर्याप्त सामाजिक-आर्थिक लाभ और जीवन को आसान बनाने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान मिलेगा।

जैविक उत्पादों के लिए भारत-ताइवान के बीच पारस्परिक मान्यता समझौता लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और ताइवान के बीच जैविक उत्पादों के व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए लिए पारस्परिक मान्यता समझौता (एमआरए) लागू हो गया है। ये समझौता नई दिल्ली में आयोजित व्यापार संबंधी 9वें कार्य समूह की बैठक के दौरान 8 जुलाई, 2024 से लागू किया गया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारत और ताइवान के बीच एमआरए का कार्यान्वयन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह जैविक उत्पादों के लिए पहला द्विपक्षीय समझौता है। एमआरए के लिए कार्यान्वयन एजेंसियां भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और ताइवान के कृषि मंत्रालय के तहत कृषि एवं खाद्य एजेंसी हैं। इस समझौते के आधार पर राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अनुरूप जैविक रूप से उत्पादित कृषि उत्पादों को एनपीओपी के तहत एक मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकाय द्वारा जारी जैविक प्रदर्शन

दस्तावेज (लेन-देन प्रमाण पत्र, आदि) के साथ ताइवान में इंडिया ऑर्गेनिक लोगों के प्रदर्शन सहित बिक्री की अनुमति है। इसी तरह जैविक कृषि संवर्धन अधिनियम के अनुरूप जैविक रूप से उत्पादित और संभाले गए कृषि उत्पादों को ताइवानी विनियमन के तहत एक मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकाय द्वारा जारी किए गए जैविक प्रदर्शन दस्तावेज़ (लेन-देन प्रमाण-पत्र आदि) के साथ भारत में ताइवान ऑर्गेनिक लोगो के प्रदर्शन सहित बिक्री की अनुमति है।

मंत्रालय ने कहा कि पापस्परिक मान्यता से दोहरे प्रमाणपत्रों से बचकर जैविक उत्पादों के निर्यात में आसानी होगी। ऐसा करने से अनुपालन लागत कम होगी, सिर्फ एक विनियमन का पालन करके अनुपालन आवश्यकता सरल हो जाएगी और जैविक क्षेत्र में व्यापार के अवसर बढ़ जाएंगे। एमआरए प्रमुख भारतीय जैविक उत्पादों, जैसे चावल, प्रसंस्कृत खाद्य, हरी/काली और हर्बल चाय, औषधीय पौधों के उत्पादों आदि का ताइवान में निर्यात का मार्ग प्रशस्त करेगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा के सीईओ ने वित्त मंत्री को सौंपा 2514.22 करोड़ रुपये का लाभांश चेक

एजेंसी

नई दिल्ली। सावर्जनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने यहां केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2514.22 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा है। वित्त मंत्री कार्यालय ने जारी बयान में बताया कि वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमण ने बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देबदत्त चंद से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2514.22 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त किया। इस अवसर पर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ बड़ौदा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। यह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के बाद इस क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी का रुख, बिटकॉइन 58 हजार डॉलर के पार पहुंचा

एजेंसी

नई दिल्ली। मार्केट में आज आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 8 मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि सिर्फ 2 क्रिप्टो करेंसी मामूली गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन एक बार फिर तेजी दिखाते हुए 58 हजार डॉलर के स्तर को पार करने में सफल रही है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 3,100 डॉलर के स्तर को पार कर गई है। क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 1.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 58,446.41 डॉलर यानी 48.81 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 0.60 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,102.45 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 2.02 प्रतिशत, सोलाना 0.44 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.05 प्रतिशत, टॉनकॉइन 0.86 प्रतिशत, डॉगकॉइन 0.66 प्रतिशत और कार्डानो 2.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टेथर 0.02 प्रतिशत और यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में1.78 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.16 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 180.39 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 9,996 करोड़ डॉलर की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 16.45 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में इजाफा होने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.13 प्रतिशत कमजोर हुई है।

खिलौना उद्योग कारीगरों की मदद करें: जितिन प्रसाद

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि घरेलू खिलौना उद्योग को कारीगरों की मदद करने और सृजन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सहयोग को बढ़ाना चाहिए।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि जितिन प्रसाद ने यहां उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से खिलौना कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रसाद ने 8 जुलाई को खिलौना कंपनियों के सीईओ की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उद्योग को क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग बढ़ाना चाहिए। मंत्री ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ के विजन

पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को सहयोग जारी रखने और भारत की खिलौना निर्माण विरासत का जश्न मनाने के लिए भी प्रेरित किया। इस बैठक ने भारतीय और वैश्विक खिलौना उद्योगों के बीच सहयोग के लिए मंच प्रदान किया है। बैठक में वॉलमार्ट, अमेजन, स्पिन मास्टर और आईएमसी टॉयज सहित प्रमुख वैश्विक कंपनियों के साथ सनलॉर्ड अपैरल्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी, प्लेग्रो टॉयज तथा लिटिल जीनियस टॉयज जैसी घरेलू कंपनियों ने भाग लिया।

करदाता विदेशी बैंक खाते, संपत्ति और आय के स्रोत का करें खुलासा: आयकर विभाग

नई दिल्ली । आयकर विभाग ने करदाताओं से आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करते समय विदेशी संपत्ति और आय के विदेशी स्रोत (एफएसआई) अनुसूची भरने और खुलासा करने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर एक बयान में कहा कि आयकर धारक कृपया ध्यान दें। कृपया आंकनल वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर दाखिल करते समय विदेशी संपत्ति अनुसूची को भरें। यदि आपके पास विदेशी बैंक खाते, संपत्ति या इनकम है, तो सभी विदेशी संपत्ति, आय के विदेशी स्रोत का खुलासा करें। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2023-24 और आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

उड़द की कीमतों में नरमी का दावा, बारिश से खरीफ के तहत बुवाई का रकबा बढ़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार का दावा है कि उड़द की कीमतों में नरमी आने लगी है। बारिश से खरीफ के तहत बुवाई का रकबा भी बढ़ा है। सरकार ने कहा कि पिछले साल 3.67 लाख हेक्टेयर की तुलना में उड़द की बुवाई का रकबा इस खरीफ सीजन में 5.37 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि सरकार की कोशिशों के परिणामस्वरूप उड़द की कीमतों में कमी आई है। किसानों को अपनी उपज का पर्याप्त मूल्य मिलना सुनिश्चित हुआ है। मंत्रालय ने बताया कि 05 जुलाई, 2024 तक उड़द की बुवाई का रकबा इस खरीफ सीजन में 5.37 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3.67 लाख हेक्टेयर था। मंत्रालय ने कहा कि 90 दिनों में उपज देने वाली इस फसल से इस साल खरीफ के मौसम में

MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION
सत्यमेव जयते

अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद है। अच्छी बारिश होने की उम्मीद बढ़ने से किसानों का मनोबल भी बढ़ा है। ऐसी संभावना है कि इसकी वजह से मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उड़द उत्पादक राज्यों में अच्छी उपज होगी। ये उपाय किसानों और उपभोक्ताओं दोनों का ध्यान रखते हुए बाजार की गतिशीलता को संतुलित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को बताते हैं।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) ने उड़द उगाने वाले किसानों का पूर्व-पंजीकरण शुरू कर दिया है। नैफेड और एनसीसीएफ की ओर से मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत ग्रीष्मकालीन उड़द की खरीद का काम प्रगति पर है। इसके परिणामस्वरूप 06 जुलाई, 2024 तक इंदौर और नई दिल्ली के बाजारों में उड़द की थोक कीमतों में क्रमशः 3.12 फीसदी और 1.08 फीसदी की हफ्ते-दर-हफ्ते गिरावट आई है। घरेलू कीमतों के अनुरूप आयातित उड़द के दाम में भी गिरावट का रुख है।

टाटा संस के सूर्य कांत यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के कॉर्पोरेट क्षेत्र के दिग्गज एवं टाटा संस के वरिष्ठ सलाहकार सूर्य कांत यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। सूर्य कांत भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के विकास में अपने अग्रणी योगदान के लिए पहचाने जाते हैं। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड

US·INDIA STRATEGIC PARTNERSHIP FORUM

पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य कांत का नेतृत्व रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा तैयार करने में मददगार साबित होगा। सूर्य कांत ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए यूएसआईएसपीएफ के प्रयास अहम हैं। उल्लेखनीय है कि 2017 में गठित यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी, गैर-सरकारी और गैर-पक्षपाती संगठन है। इसका मुख्यालय वाशिंगटन डीसी में है जबकि दोनों देशों में इसके कार्यालय हैं।

पीएलआई योजना के तहत दूरसंचार उपकरण विनिर्माण की बिक्री 50 हजार करोड़ के पार

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के तहत दूरसंचार उपकरणों की विनिर्माण संबंधी बिक्री 50 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। इस योजना के लागू किए जाने के तीन साल के अंदर तीन हजार करोड़ रुपये का निवेश भी हुआ है।

दूरसंचार विभाग (डॉट) ने एक बयान में बताया कि पीएलआई के तहत दूरसंचार उपकरणों की निर्माण संबंधी बिक्री 50 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। इस योजना के लागू किए जाने के तीन साल के अंदर 3,400 करोड़ रुपये का निवेश भी हुआ है। इसके तहत करीब 10,500 करोड़ का निर्यात हुआ है, जिससे 17,800 से अधिक प्रत्यक्ष और कई अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। डॉट ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स के बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना मोबाइल फोन और उसके घटकों के विनिर्माण करती है। इसके परिणामस्वरूप भारत से मोबाइल फोन के उत्पादन और निर्यात दोनों में काफी तेजी आई है।

भारत कई वर्षों से दूरसंचार उपकरणों का आयात करता रहा है, लेकिन मेक-इन-इंडिया और पीएलआई योजना के कारण संतुलन बदल गया है, जिसके कारण देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के उपकरणों का उत्पादन हो रहा है।

Mental Health के लिए बेहद फायदेमंद है एवोकाडो, जानें इसके अन्य बेहतरीन फायदे



एक स्वादिष्ट फल है जिसे कई लोग इन दिनों अपनी डाइट का हिस्सा बना रहे हैं। यह न सिर्फ हमारी शारीरिक बल्कि मानसिक सेहत के लिए भी काफी लाभकारी होता है। नियमित रूप से एवोकाडो खाने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। यह स्ट्रेस और एंग्जायटी दूर कर मेंटल हेल्थ में सुधार करता है। आइए जानते हैं एवोकाडो के अन्य फायदे।

हम जो भी खाते हैं, वह स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी बेहतर हो यही चाहते हैं। स्मार्ट फूड च्वाइस आपके स्वास्थ्य को आजीवन दुरुस्त रखता है। कुछ फूड्स जहां शारीरिक सेहत को दुरुस्त बनाते हैं, तो वहीं कुछ फूड्स हमारे मानसिक को बेहतर बनाते हैं। यह फूड्स मूड भी प्रभावित करते हैं, एंग्जायटी दूर करने में मदद करते हैं और दिमाग शांत करते हैं। इन दिनों लोग कई वजहों से मानसिक समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। एंग्जायटी इन्हीं में से एक है, जो तनाव के प्रति शरीर की एक नेचुरल प्रतिक्रिया है।

आगे क्या होने वाला है, इस डर और नकारात्मक विचार से दिमाग हर समय घिरा रहता है। ऐसे में इस समस्या से राहत पाने के लिए खानपान विशेष महत्व होता है। एवोकाडो इन्हीं फूड्स में से एक है, जिसे खाने से सेहत को ढेरों फायदे मिलते हैं। बीते कुछ समय से इसका चलन काफी ज्यादा बढ़ चुका है। खाने में बेहद स्वादिष्ट यह फल एंग्जायटी दूर करने में मदद करता है।

मेंटल हेल्थ के लिए एवोकाडो के फायदे

एवोकाडो मैग्नीशियम से भरपूर होता है। मैग्नीशियम स्ट्रेस कम करने में सक्षम माना जाता है। ये ब्रेन में उन हानिकारक केमिकल के प्रवाह को बदलता है, जो स्ट्रेस पैदा करने में मदद करते हैं। हम में से अधिकतर लोगों में मैग्नीशियम की कमी होती है, जिसका आभास सभी को नहीं होता है। मैग्नीशियम संपूर्ण सेहत का ख्याल रखता है। खास तौर से ये एंग्जायटी, पीएमएस और इनसोम्निया जैसी समस्याओं से निजात दिलाता है। ऐसे में डाइट में एवोकाडो शामिल करने से एंग्जायटी न्यूट्रल हो जाती है और ब्रेन हेल्थ स्वस्थ बना रहता है।

एवोकाडो के अन्य फायदे

एवोकाडो डाइटरी फाइबर से भरपूर होता है, जो पेट के माइक्रोबायोम के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

यह ओमेगा 6 फैटी एसिड युक्त होता है, जो सेंट्रल नर्वस सिस्टम के लिए अच्छा होता है।

यह अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है।

एवोकाडो खाने से स्किन में एंटी एजिंग इफेक्ट आता है, जिससे स्किन की ड्राइनेस दूर होती है, फेस में ग्लो आता है और आंखों के नीचे डार्क सर्कल या काले घेरे भी दूर होते हैं।

एवोकाडो में एंटी रेडिएशन एजेंट भी पाए जाते हैं, जो फाइटोएस्ट्रोजेनिक होते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ये एस्ट्रोजन संबंधित कैंसर जैसे रिप्रोडक्टिव और कोलोन कैंसर को दूर रखने में मदद करते हैं।

आसानी से पच जाने वाला ये फ्रूट उन लोगों के लिए और भी फायदेमंद है, जिन्हें फूड सेंसिटिविटी होती है।

एवोकाडो ब्रेन के लिए एक बेहतरीन सुपरफूड है। ओमेगा 6 फैटी एसिड, हेल्दी फैट, फाइटोन्यूट्रिएंट जैसे कंटेंट इसे ब्रेन के लिए परफेक्ट फ्रूट बनाते हैं।

जम्मू-कश्मीर की चिंता

जम्मू इलाके को अपेक्षाकृत शांत मानकर वहां से फौज की संख्या कम की गई थी और यह रिपोर्ट भी है कि पाकिस्तान से जिन 70 से 80 आतंकियों के घुसपैठ का अनुमान है उनमें से ज्यादातर अभी इसी इलाके में हैं। वे चार-चार, पांच-पांच की टोली बनाकर अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। और यह बताने का मतलब नहीं है कि वे घाटी को छोड़ गए हैं और जब बर्फ पड़ेगी तो घाटी वाली सीमा ही उनके लिए घुसपैठ का रास्ता बनती है। जम्मू-कश्मीर और खास तौर से जम्मू क्षेत्र को आतंकी क्यों वारदातों के लिए चुन रहे हैं।जम्मू और कश्मीर से लगातार जो खबरें आने लगीं यही वे चिंता से भी ज्यादा डर पैदा करती हैं। डर इस बात का नहीं है कि हमारी फौज के जवानों का हौसला पस्त होगा या हमारी सरकार ही कमजोर पड़ जाएगी और आतंकियों तथा उनके पीछे बैठे उनके पाकिस्तानी आकाओं का हौसला इतना बढ़ जाएगा कि वे हमें लंबे समय तक भारी परेशान कर देंगे। लेकिन जो कुछ हो रहा है वह इतना तो बताता ही है कि आतंकियों ने हथियार नहीं डाला है, पाकिस्तान से घुसपैठ हो रही है, पाक मदद जारी है और हमारे अपने कश्मीरी समाज से आतंकियों को मदद मिले न मिले लेकिन हमारे खुफियातंत्र को उनसे जरूरी सूचनाएं नहीं मिल रही है। ऐसा जाना-बूझकर हो रहा है या फौजी उपस्थिति का दबदबा और खौफ ऐसा करा रहा है, यह मालूम नहीं है। लेकिन खुफिया सूचनाओं में फौजी तंत्र को पर्याप्त फ़ीड नहीं है, तभी हमले हो रहे हैं। कठुआ के बनडोटा गांव के पास आतंकियों ने जिस तरह घात लगाकर फौजी वाहन पर हमला किया और चार जवानों को मारने के साथ ही अनेक को घायल कर दिया उसमें उनको एक स्थानीय आतंकी के पूरा सहयोग मिलने की बात सामने आ रही है।उससे ज्यादा चिंता की बात यह है कि इस बार घाटी से भी ज्यादा वारदातें जम्मू इलाके में हो रही हैं। अकेले जून में ही चार बड़ी वारदातें जम्मू इलाके में हो चुकी हैं। बल्कि मई में तो वायु सेना के दो हेलीकाप्टरों तक को निशाना बनाया गया जिसमें एक जवान की मौत भी हुई। कठुआ के ही हीरन नगर में सेदा सोहल गांव में जब फौज और आतंकियों में मुठभेड़ हुआ तो केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान और दो आतंकी मारे गए थे। बनडोटा में कई जवान घायल हैं और लेख के लिखे जाने तक भी आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई जारी थी। दो जवान गंभीर रूप से घायल थे और उनको बिलावर के अस्पताल में भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि जम्मू इलाके को अपेक्षाकृत शांत मानकर वहां से फौज की संख्या कम की गई थी और यह रिपोर्ट भी है कि पाकिस्तान से जिन 70 से 80 आतंकियों के घुसपैठ का अनुमान है उनमें से ज्यादातर अभी इसी इलाके में हैं। वे चार-चार, पांच-पांच की टोली बनाकर अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। और यह बताने का मतलब नहीं है कि वे घाटी को छोड़ गए हैं और जब बर्फ पड़ेगी तो घाटी वाली सीमा ही उनके लिए घुसपैठ का रास्ता बनती है। जम्मू-कश्मीर और खास तौर से जम्मू क्षेत्र को आतंकी क्यों वारदातों के लिए चुन रहे हैं इसको समझना मुश्किल नहीं है।

धारा 370 हटे और राज्य का विभाजन हुए पांच साल होने को आए हैं, और सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि सितंबर के पहले जम्मू और कश्मीर में चुनाव हो जाने चाहिए। राज्य में विधानसभा की सीटों के पुनर्गठन का काम भी पूरा हो चुका है और इसे लेकर भी हल्की नाराजगी है। आतंकवादियों की गतिविधियों से इस चुनाव का साफ रिश्ता है। हमने यह भी देखा है कि लंबा चले लोक सभा चुनाव में भी आतंकी घटनाएं बढ़ने लगी थीं। यहां हम लद्दाख क्षेत्र के चुनाव और राज्य का बंटवारा करने वाली पार्टी के प्रदर्शन की चर्चा नहीं करेंगे। जम्मू और कश्मीर घाटी में राज्य का बंटवारा मुद्दा था और उससे भी उल्लेखनीय खुद चुनाव था जिसमें लोगों की भागीदारी तो ठीक-ठाक हुई लेकिन स्थापित दलों की हालत खराब रही। बड़े-बड़े नेता ढेर रहे। नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन तथा पीडीपी के नेता तो चुनाव लड़े और हारे लेकिन भाजपा और उसके दुलारे गुलाम नबी आजाद की पार्टी तो घाटी के चुनाव मैदान में उतारने से डर गई और मैदान ही छोड़ दिया। लोगों ने मतदान में हिस्सा लेकर जिन्हे जिताया और जिन्हें हराया उन सबके माध्यम से अपना जनादेश साफ कर दिया।

केंद्र में बैठे नेताओं ने इस जनादेश को ठीक समझा हो ऐसा नहीं लगता। हार या जीत को सीधे फेस करने और चुनाव में हिस्सा लेकर जो संदेश दिया जा सकता था(राजीव-फारुख समझौते के बाद हुए चुनाव में अपनी पराजय के बाद राजीव गांधी ने बड़ी शालीनता से जनादेश को स्वीकार किया था) वह तो दूर, जाने क्या-क्या दावे किए जाते रहे। रक्षा मंत्री और गृह मंत्री तो यह बयान भी देते रहे कि पाक अधिकृत कश्मीर खुद ब खुद हमारी ओर आने वाला है क्योंकि हमने जो उपलब्धियां हासिल की हैं(और पाकिस्तान कटोरा लेकर घूम रहा है) उसे देखकर ही कश्मीरी लोग लट्टू हो गए हैं। अभी तक राज्य में लाखों की संख्या में जवान तैनात हैं। निश्चित रूप से इसके कारण पहले की तुलना में हाल तक ज्यादा शांति रही है। उनके खर्च की बात छोड़ भी दें तो निवेश से लेकर शेष देश के जुड़ाव के जो सपने दिखाए गए थे, वे कहां हैं यह कोई भी पूछ सकता है? चुनाव में भी इस तरह के पिटे मोहरों और भगोड़े दस्तों पर लोग कितना भरोसा करेंगे कहना मुश्किल है। चुनाव कराने के क्रम में ऐसी सख्ती नहीं रखी जा सकती। आतंकी इस ताक में थे और हथियार-गोला-बारूद तथा प्रशिक्षण पा रहे थे। वारदातें बढ़ना उसी का प्रमाण है। और याद रखें कि अब सामान्य गैर-मुसलमान लोग या प्रवासी निशाने पर नहीं हैं। रियासी में तीर्थयात्रियों वाली बस को निशाना बनाने तक ऐसी रणनीति दिखती थी। अब तो सीधे फौज के लोग निशाने पर हैं।

एक थ्योरी यह चल रही है कि पाक अधिकृत कश्मीर में वहां के एक रिटायर ब्रिगेडियर और आईएसआई के आपरेटर आमीर हमजा समेत 21 कश्मीरी आतंकियों की रहस्यमय हत्या के बाद से ही ये वारदातें और घुसपैठ बढ़ी है। हमजा 2018 में सुनजवां सैनिक कैम्प पर हुए से जुड़ा था। उसकी और इन 21 लोगों की हत्या कुछ अनाम बंदूकधारियों ने कर दी थी। ये हत्यारे कौन थे, इसकी तरह-तरह की व्याख्या है पर न तो किसी ने इसका श्रेय लेने का दावा किया है न कोई पक्के प्रमाण ही सामने आए हैं। कहा जाता है कि इसके बाद से ही आईएसआई ने लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुला सज्जाद जट्टा, जो उसके एक दस्ते का नेतृत्व कर रहा है, को इसका बदला लेने का जिम्मा सौंपा है। घटनाएं इसी के कारण बढ़ी हैं। अब इस थ्योरी को मानने का मतलब पीओके में रा की गतिविधियों को बड़ा और सही मानना होगा पर बीच चुनाव में ऐसा होगा यह अविश्वसनीय लगता है।

संपादकीय

मोदी की सफल रूस यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 और 9 जुलाई को दो दिन की रूस यात्रा पर थे। करीब पांच वर्षों के अंतराल के बाद भारतीय प्रधानमंत्री की रूस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों को कुछ और प्रगाढ़ता मिली ही, इसके साथ ही वैश्विक राजनीति में यह बड़ा संदेश भी गया कि अब दुनिया एकध्रुवीय व्यवस्था के इर्द-गिर्द नहीं रहेगी, बल्कि बहुध्रुवीय समीकरणों से ही वैश्विक राजनीति संचालित होगी। भारत-रूस के बीच आखिरी वार्षिक शिखर वार्ता नयी दिल्ली में छह दिसंबर 2021 को हुई थी, तब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन भारत दौरे पर थे, 2020 में कोविड महामारी के कारण यह वार्षिक बैठक नहीं हो पाई थी। फिर यूक्रन युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक श्री मोदी रूस दौरे पर नहीं गए थे। उनका आखिरी दौरा सितंबर 2019 में हुआ था। लेकिन इतने उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास और सौहार्द्र का रिश्ता कायम ही रहा।

9 जुलाई को रूस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने एक बड़ी मार्के की बात कही कि रूस शब्द सुनते ही हर भारतीय के मन में सबसे पहला शब्द आता है, भारत का सुख-दुख का साथी। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आजादी के बाद से अब तक दुनिया के तमाम देशों में रूस ही वह देश रहा है जो हर मुकाम पर भारत के साथ खड़ा दिखाई दिया है। भारत ने भी इस बीच आर्थिक, सामरिक या तकनीकी सहयोग के लिए दूसरे देशों से समझौते किए, संबंधों में नयी मजबूती दिखाई, लेकिन रूस के साथ भारत के संबंध जैसे पहले थे, अब भी वैसे ही हैं। यूक्रेन से युद्ध के कारण रूस और भारत के संबंधों पर भी सबकी निगाहें बनी हुई थीं, क्योंकि पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन आलोचनाओं के बावजूद भारत ने रूस से तेल ख़रीदना जारी रखा था। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर भारत की विश्वशांति की हिमायत शिखर वार्ता में की।राष्ट्रपति पुतिन को श्री मोदी ने कहा कि एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि युद्ध के मैदानों से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है। नरेन्द्र मोदी का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब यूक्रेन में एक अस्पताल पर रूस के हमले में बच्चों समेत 37 लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस के इस हमले की अमेरिका, यूक्रेन और नाटो देश निंदा कर ही रहे हैं, इस बीच भारत ने रूस को यह नसीहत देकर बता दिया कि वह किसी भी तरह की हिंसा और युद्ध के खिलाफ ही है। इसलिए इस बात को केवल रूस तक सीमित न रखकर इसके व्यापक मायने समझने की भी जरूरत है। अमेरिका और यूक्रेन अगर रूस के हमलों की आलोचना कर रहे हैं, तो उन्हें इजरायल के गज़ा पर हो रहे हमलों पर भी वही रुख अख्तियार करना चाहिए। लेकिन अमेरिका अब भी फिलीस्तीन पर इजरायल की क्रूरता को नहीं रोक रहा, न ही एक बड़े नरसंहार के दाग से खुद को बचा पा रहा है।प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा ऐसे वक्त पर हुई, जब अमेरिका में रूस-यूक्रेन संघर्ष को केन्द्रित करते हुए नाटो की बैठक थी। अमेरिका अब भी भारत को अपने प्रभाव में लेने की कोशिश में लगा है। मोदी-पुतिन बैठक से पहले अमेरिकी विदेश विभाग का बयान था कि अमेरिका को उम्मीद है कि भारत, या कोई अन्य देश जब रूस के साथ बातचीत करेगा, तो %यह स्पष्ट करेगा कि मॉस्को को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए%। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमीर ज़ेलेंस्की ने मॉस्को में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की निंदा करते हुए इसे %शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका% बताया।

भारत जानता था कि श्री मोदी के रूस दौरे पर उसे इस तरह के दबाव का सामना करना पड़ेगा। लेकिन आजादी के बाद से ही भारत की विदेश नीति कुछ इस तरह तैयार की गई है कि वह किसी के दबाव या गुटबाजी में नहीं आता है। अपनी यात्रा में श्री मोदी ने एक तरफ यक्रेन को लेकर राष्ट्रपति पुतिन को नसीहत दी, तो वहीं पुतिन ने भी यूक्रेन संघर्ष के समाधान की कोशिशों के लिए भारत का आभार जताया।

रूस के साथ संबंधों को गहरा करने के लिए कजान और इकेतेरिनबुर्ग में कॉन्सुलेट खोलने का निर्णय भारत ने लिया है। खबरें ये भी हैं कि श्री मोदी ने रूसी सेना में जबरन भर्ती किए भारतीयों का मुद्दा पुतिन के सामने उठाया। जिस पर पुतिन ने आश्वासन दिया है कि वे सभी भारतीयों को बहाल कर देंगे। बताया जा रहा है कि यूक्रेन जंग के बीच लगभग 40 भारतीय रूसी सेना में तैनात हैं, पिछले महीने 2 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे कठिन हालात में भारतीय प्रधानमंत्री की पहल से अगर रूसी सेना से भारतीयों को मुक्ति मिलती है, तो यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जाना चाहिए।इधर अमेरिका और उसके समर्थक देशों को यह सच्चाई स्वीकार कर लेनी चाहिए कि भारत उनके इशारों या दबाव पर न चला है, न चलेगा, न ही अब वैश्विक व्यवस्थाएं उनके इशारों पर चलेंगी।

भारत की धीमी औद्योगिक वृद्धि के पीछे कम एफडीआई प्रवाह ही मुख्य कारण

नन्तू बनर्जी नयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को आने वाले वार्षिक बजट में देश में बड़े पैमाने पर एफडीआई प्रवाह के लिए सभी बाधाओं को दूर करने का ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए

नयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को आने वाले वार्षिक बजट में देश में बड़े पैमाने पर एफडीआई प्रवाह के लिए सभी बाधाओं को दूर करने का ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर भारत का सकल घरेलू उत्पाद केवल 35.2खरब डॉलर होने का अनुमान लगाया गया है।ह अजीब लग सकता है कि औद्योगिक महाशक्ति और एक प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखने वाले भारत को पिछले साल केवल 28अरब अमेरिकी डॉलर का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ, जबकि छोटे से सिंगापुर में 160अरब डॉलर और हांगकांग में 113अरब डॉलर के एफडीआई का प्रवाह हुआ। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के अनुसार, आर्थिक मंदी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत में एफडीआई प्रवाह में 43प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें दो प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 13खरब डॉलर रह गया है। भारत को वास्तव में मजबूत अर्थव्यवस्था बनने के लिए अगले 10 वर्षों में कम से कम 150-200बिलियन डॉलर की वार्षिक आवश्यकता होगी।नयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को आने वाले वार्षिक बजट में देश में बड़े पैमाने पर एफडीआई प्रवाह के लिए सभी बाधाओं को दूर करने का ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर भारत का सकल घरेलू उत्पाद केवल 35.2खरब डॉलर होने का अनुमान लगाया गया है। इसके विपरीत, पड़ोसी चीन का सकल घरेलू उत्पाद 2023 में 1260.6खरब युआन था, जो 178.9खरब अमेरिकी डॉलर के बराबर है।भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि का रुझान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्व के लक्ष्य से दूर है जिसमें चालू वित्त वर्ष के अंत में 50 खरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के निशान को छूने का लक्ष्य रखा गया था। भारत को अपनी गरीबी और बेरोजगारी से निपटने के लिए कई वर्षों तक दोहरे अंकों की वार्षिक आर्थिक वृद्धि की आवश्यकता है।देश को अपनी अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता होगी। अधिशेष धन वाले मुट्ठी भर घरेलू औद्योगिक निवेशक ऐसी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते। चीन का विशाल आर्थिक उत्थान देश में साल दर साल बड़े पैमाने पर एफडीआईप्रवाह द्वारा संभव हुआ है। 2021 में, चीन में एफडीआई प्रवाह 344 अरब डालर के शिखर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, चीनी बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) द्वारा अन्य देशों में निवेश 2023 में पूरा हुआ। चीन से आउटबाउंड ग्रीन फील्ड एफडीआई 140अरब डालर से अधिक था, जिसने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया।यह आउटबाउंड चीनी विलय और अधिग्रहण में गिरावट के बाद है क्योंकि पश्चिमी सरकारों ने प्रस्तावित चीनी विलय और अधिग्रहण सौदों की जांच तेज कर दी है। चीन स्वच्छ ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में नये बाजारों में विस्तार कर रहा है। नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत का तेजी से विस्तार करने वाला अडानी समूह, जो सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का एक प्रमुख प्राप्तकर्ता है, ने अपनी महत्वाकांक्षी सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है। गुजरात में चीन से जुड़ी एमजी मोटर्स भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा दे रही है।संयोग से, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था संयुक्त राज्य अमेरिका एफडीआई का शीर्ष प्राप्तकर्ता बना हुआ है, जो 2023 में कुल 341अरब डॉलर था। अमेरिका में एफडीआई प्रवाह 2015 और 2016 में क्रमश- 484अरब डॉलर और 480अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। हाल ही में अमेरिका में एफडीआई प्रवाह में काफी कमी आई है। शीर्ष-20 मेजबान अर्थव्यवस्थाओं में, एफडीआई प्रवाह में सबसे बड़ी गिरावट फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका और भारत में दर्ज की गई।भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी किये गये आंकड़ों में बताया गया है कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में उच्च ब्याज दरों और देश में विभिन्न क्षेत्रों में सीमित अवशोषण क्षमता जैसे बाहरी कारकों के कारण 2023-24 में एफडीआई पांच साल के निचले स्तर पर आ गया। विडंबना यह है कि भारत में एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जो तेजी से बढ़ रहा है, वह है शेयर बाजार। शेयर बाजार में जुआ खेलने वाले उच्च उपभोक्ता मुद्रास्फीति के बावजूद सूचीबद्ध शेयरों की कीमतों में और उछाल देखने के लिए कम ब्याज दरों के लिए अभियान चला रहे हैं। यह बहुत चिंता की बात है कि रिजर्व बैंक और सरकार ऐसे अभियानों के झांसे में आ सकते हैं।प्राथमिक बाजार में इक्विटी और ऋण में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कुछ हद तक नगण्य है, फिर भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारत के शेयर बाजार को अत्यधिक जीवंत और अस्थिर बनाने के लिए लुका-छिपी का खेल जारी रखते हैं, जिससे यह सट्टेबाजों के लिए स्वर्ग बन जाता है। अधिकांश विदेशी सट्टेबाजों ने इस साल की शुरुआत में लोकसभा (निचले सदन) चुनाव के बाद केंद्र में अस्थिर सरकार की संभावना के डर से बाजार से धन बाहर निकलना शुरू कर दिया था। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सत्ता में वापसी ने इन विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को वापस लाना शुरू कर दिया। लोकसभा चुनाव से पहले दो महीने तक शुद्ध निकासी के बाद, वे पिछले महीने खरीदार बन गये। जून में उन्होंने शेयरों की खरीद में लगभग 26,500 करोड़ रुपये और ऋण साधनों में लगभग 15,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। पिछले हफ़्ते देश के शेयर बाज़ार के बेंचमार्क- 30 शेयरों वाला सेंसेक्स और निफ्टी-50 ने नये रिकॉर्ड बनाते हुए भारी बढ़त दर्ज की।भारत में एफडीआई प्रवाह की खराब स्थिति को लेकर बहुत कम लोग चिंतित हैं। अभी तक, अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी को छोड़कर बहुत कम ओईसीडी देश भारत में सीधे निवेशक हैं। निवेश मुख्य रूप से मॉरीशस और सिंगापुर जैसे देशों के ज़रिये होता है। अप्रैल 2000 से मई 2010 के बीच भारत में कुल एफडीआई प्रवाह में मॉरीशस का हिस्सा 25 प्रतिशत था। 2024 तक भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 24 प्रतिशत की गिरावट आयेगी, इसके बाद सिंगापुर और अमेरिका का स्थान है। पिछले वित्त वर्ष में मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई, केमैनआइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित सभी प्रमुख निवेशक देशों से भारत में एफडीआईइच्टी प्रवाह में गिरावट आई है। ऐसा माना जाता है कि बहुत सारे एफडीआई निवेशक वास्तव में विदेशों में भारतीय संस्थाएं हैं जो छोटे देशों में शेल कंपनियों के माध्यम से निवेश करती हैं। अब समय आ गया है कि सरकार एफडीआई इक्विटी प्रवाह को अत्यधिक आकर्षक और खुला बनाने के लिए कदम उठाये, जैसा कि उसने पिछे साल सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विदेशी निवेश के लिए किया था।देश के आगामी राष्ट्रीय बजट 2024-25 में भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में आने वाली सभी बाधाओं को दूर कर देना चाहिए। बड़े देश भारत में निवेश करने और भारत और उनके विदेशी निवेशकों दोनों के लिए लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। हालांकि, जब से यूएनसीटीएडी निवेशक सर्वेक्षणों ने एफडीआई गंतव्य के रूप में भारत में मजबूत रुचि की ओर इशारा किया है, तब से कुछ अदृश्य घरेलू हित आड़े आ रहे हैं। कई साल पहले, ए.टी. कियर्नी सर्वेक्षण ने भी भारत को %एफडीआई के लिए दूसरा सबसे आकर्षक गंतव्य% बताया था। दुर्भाग्य से, इस पर अभी तक आवश्यक सरकारी कार्रवाई और नीतिगत सुधारों पर ध्यान केंद्रित करके, बुनियादी ढांचे और नियामक बाधाओं को दूर करके अमल में नहीं लाया जा सका है।

शरीर की गंध से छुटकारा

शरीर से पसीने की गंध अधिकाशंत दुर्गंध) आना एक आम समस्या है जिसका हल पाने के लिए भारतीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों को तमाम भारतीय व इम्पोर्टेड ब्रैंड के डिओडरेट व एंटीपर्सपीरेट से भर दिया है। विज्ञापनों द्वारा इन उत्पादों की सिर्फ खूबियां दिखाना या बताया जाना तथा इनके कन्टेनर्स पर लिखी हुई अपर्याप्त व अधूरी जानकारी के कारण डिओडरेट व एन्टीपर्सपीरेट के विषय में बहुत सी गलत धारणाएं तथा परेशानियां जन्म ले चुकी है।

पसीना व गंध क्यों

त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सी.पार्थसारथी के अनुसार, 'शरीर में पसीने का आना इस बात की निशानी है कि हमारा शरीर अत्यधिक उपजी ऊर्जा से छुटकारा पा रहा है। यह ऊर्जा उपपाचन या मांसपेशियों की मशक्कत द्वारा पैदा हुई होती है।' एक सामान्य वयस्क के शरीर में लगभग बीस लाख स्वेद ग्रंथियां होती हैं जो दो प्रकार की होती है- एक्रीन स्वेद ग्रंथियां व एपोक्रीन स्वेद ग्रंथियां। एक्रीन स्वेद ग्रंथियां शरीर के तापमान को नियंत्रित करती है और त्वचा की नमी भी इन्हीं ग्रंथियों के कारण बनी रहती है। सिर्फ होंठ व जननांगों के हिस्से में ये ग्रंथियां नहीं होतीं। त्वचा की निचली सतह पर होने वाली इन ग्रंथियों के कारण ही पसीना रोमछिद्रों के द्वारा त्वचा पर आता है। एपोक्रीन ग्रंथियां शरीर के हारमोन द्वारा नियंत्रित होती है। भावानात्मक तनाव से ये ग्रंथियां चेतन हो जाती हैं। शरीर में पसीने की दुर्गंध को जन्म देने वाली ग्रंथियां एपोक्रीन होती हैं जिनमें बैक्टीरिया पैदा हो जाते है।

दोनों अलग-अलग

पसीने की इसी गंध या दुर्गंध से छुटकारा दिलाने वाले बॉडी स्प्रे, डियोडरेट व एन्टीपर्सपीरेट लगभग एक ही उत्पाद की तरह माने जाते है जबकि सच यह है कि ये दोनों ही अपने विभिन्न रासायनिक प्रभावों के कारण अलग-अलग उत्पाद है। एन्टीपर्सपीरेन्ट शरीर में पसीना आने की प्रक्रिया तथा त्वचा के गीलेपन को कम करते है, डिओडरेन्ट का काम शरीर से गंध को दूर करना है। डिओडरेन्ट का जन्म इस तथ्य को जानने के बाद हुआ कि त्वचा के बैक्टीरिया शरीर की गंध पैदा करते है। इनके इस्तेमाल से इन बैक्टीरिया के नाश किया जा सकता है।

एन्टीपर्सपीरेन्ट के प्रयोग से पसीना बाहर निकालने वाले छिद्र बंद हो जाते है जिससे पसीना कम बाहर आता है। एक धारणा के अनुसार एन्टीपर्सपीरेन्ट में पाए जाने वाले एस्ट्रीन्जेन्ट सॉल्ट त्वचा में सूजन पैदा कर छिद्रों को बंद होने के लिए मजबूर करते है। कुछ एन्टीपर्सपीरेट डियोडरेट युक्त भी होते है।

चुनते समय ध्यान रहे

एन्टीपर्सपीरेट व डियोडरेन्ट के शरीर पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए हो सके तो इनका प्रयोग न करे जब तक निहायत जरूरी न हो। शरीर के पसीने की गंध को बार-बार नहाने या पसीने वाली जगहों को अच्छी तरह पानी से धोने व पोंछने द्वारा नियंत्रित रखा जा सकता है। यदि आपको इनका इस्तेमाल जरूरी लगता हो तो सोचें कि आपको किस उत्पाद की जरूरत है। यदि शरीर में गंध एक समस्या है तो बैक्टीरिया नाशक डिओडरेंट का प्रयोग करे। यदि अत्यधिक पसीना आना आपकी समस्या है तो एस्ट्रीन्जेन्ट सॉल्ट युक्त एन्टीपर्सपीरेन्ट को चुनें। जिन एंटीपर्सपीरेन्ट में एल्यूमिनियम क्लोरोहाइड्रेट होता है वे सुरक्षित व प्रभावी होते है। जिनमें एल्यूमिनियम क्लोराइड तथा जिरकोनियम कम्पाउंड होते है, उनके इस्तेमाल से दूर रहें- यह सलाह है त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. पार्थसारथी की।

ऐसे लेबल से प्रभावित न हों जिनमें एक प्रोडक्ट में दो एंटीपर्सपीरेट देने की बात कही गई हो। दो तत्व प्रभाव को नहीं बढ़ाते।

खतरे इनके प्रयोग के

एन्टीपर्सपीरेन्ट व डियोडरेन्ट में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक पदार्थ प्रायः बाद में बैन होते देखे गए है क्योंकि इनका प्रभाव शरीर पर हानिकारक देखा गया है। दरअसल ऐसे पदार्थ जो प्रभावशाली भी हों और सुरक्षित भी, बनते ही नहीं है। इसलिए इन उत्पादों के प्रयोग से निम्नलिखित हानिकारक प्रभाव हो सकते है-

त्वचा पर प्रतिकूल असर- इनमें पाए जाने वाले अमलीय पीएच एस्ट्रीनजेन्ट सॉल्ट त्वचा में जलन या चकत्ते पैदा करते है। इनके इस्तेमाल से कान्टेक्ट डरमेटाइटिस नामक त्वचा संबंधी रोग भी हो सकता है। इनके लंबे प्रयोग से बगलों में ग्रैन्यूलोमा रोग भी हो सकता है।

आंखों की समस्या- इनके स्प्रे गलती से यदि आंखों में चले जाएं तो आंखों संबंधी रोग जैसे आई फ्लू, जलन आदि हो सकते है। यदि स्प्रे की मात्रा अधिक हो तो विजन भी खत्म हो सकता है।

कैंसर का खतरा -अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार एन्टीपर्सपीरेट में एल्यूमिनियम सॉल्ट का बेस नहीं होता, उनमें जिनकोनियम क्लोरोहाइड्रेट, जिरकोनिल क्लोराइड या जिंक फेनोसलफेट होता है। जिरकोनियम का सांस के साथ अंदर जाना कैंसर को जन्म दे सकता है। एन्टीपर्सपीरेट पसीना बाहर आने की क्रिया को अवरुद्ध कर, शरीर से बगलों, घुटनों के पीछे व कानों के पीछे वाले क्षेत्रों से निकलने वाले जहरीले पदार्थ को शरीर के अंदर ही रहने देते है। इन जहरीले पदार्थों का अधिक जमाव उस क्षेत्र की कोशिकाओं को नष्ट कर कैंसर को जन्म देता है।

जहरीला ट्रिक्लोसन- डॉ. पार्थपारथी के अनुसार इन दो उत्पादों में एक नया रासायनिक तत्व ट्रिक्लोसन भी हो सकता है जो त्वचा के भीतर जाकर यकृत को नष्ट कर सकता है।

दागयुक्त कपड़े- एंटीपर्सपीरेट में पाया जाना वाला एल्यूमिनियम साल्ट पसीने के साथ मिलकर अधिक अम्लीय हो जाता है। इससे त्वचा में जलन तो पैदा होती ही है। साथ ही कपड़ों के रंग फेड हो जाते है और कपड़े कमजोर होकर जल्दी फटते है। सूती व लिनेन कपड़े एल्मूनियम सॉल्ट से जल्दी प्रभावित होते है।

महत्वपूर्ण टिप

एंटीपर्सपीरेट व डिओडरेन्ट को इस्तेमाल करते समय कुछ बातों का अवश्य खयाल रखें जिससे उनसे होने वाले नुकसानों से बचा जा सकता है।

1. रात में इनका प्रयोग बिल्कुल न करे।
2. दिन में एक से अधिक बार इनका इस्तेमाल न करे। बहुत खास अवसरों पर ही एक से ज्यादा बार प्रयोग करे।
3. सर्दी में जब पसीना कम आता है, इनका प्रयोग न करे।
4. बच्चों पर इनका प्रयोग बिल्कुल न करे। जब आसपास बच्चे हों तो स्प्रे का प्रयोग न करे।
5. जब भी स्प्रे करे, अपनी आंखें बंद रखें और चेहरा दूसरी और घुमा लें।
6. जहां तक हो सके गर्मी के अनुकूल परिधान पहनें- अधिकांशत- सूती। ज्यादा बार नहाएं, अन्यथा बगलों को गीले कपड़े या टिशू से बार-बार पोंछें।

गर्मियों में भी निखरे रूप

उम्र बढ़ने के साथ स्किन टोन भी बदलती जाती है। झाइया और डार्क स्पॉट साफ नजर आने लगते हैं और त्वचा उतनी साफ, चिकनी और गोरी नहीं रह जाती। उम्र के साथ मौसम का बदलाव भी त्वचा पर असर डालता है। गर्मियों में बहुत से लोग सनस्क्रीन क्रीम इस्तेमाल नहीं करते हैं जबकि सच यह है कि गर्म हवाएं त्वचा की ऊपरी परत को काफी हद तक नुकसान पहुंचाती हैं और कॉम्प्लेक्शन डल कर देती हैं। सामान्य और रूखी त्वचा पर खासतौर पर इनका असर होता है। तो अगर आप अपनी रंगत को निखारना चाहती हैं तो ब्यूटी एक्सपर्ट की ये ट्रिक्स अपनाइए और खोई हुई रंगत वापस पाइए।

सनब्लॉक

गोरी रंगत पाने का सबसे आसान उपाय है रोज सनब्लॉक का इस्तेमाल। इसलिए ऐसा मॉइश्चराइजर लें जिसमें एसपीएफ 15 या उससे भी अधिक हो। सुबह चेहरा धोने के बाद इसे लगाना न भूलें। सनब्लॉक न सिर्फ आपकी त्वचा को डार्क होने से बचाता है, बल्कि नुकसानदेह यूवी किरणों से त्वचा के कैंसर और आकस्मिक झुर्रियों से भी बचाता है। अपने हाथों पर भी सनब्लॉक जरूर लगाएं।

एक्सफोलिएट

हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएशन से त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और वह गोरी-चमकदार हो जाती है। दो टेबलस्पून ओटमील में दो टेबलस्पून ब्राउन शुगर व एक चौथाई टी-कप दूध मिलाकर पेस्ट बनाएं। इससे गोलाई में घुमाते हुए स्क्रब करें। फिर धोकर मॉइश्चराइजर लगाएं।

मास्क पॉवर

गोरी रंगत पाने के लिए घर पर यह मास्क तैयार करें- चंदन पाउडर+नींबू का रस+टमाटर का रस+खीरे का रस बराबर मात्रा में लेकर पेस्ट बनाएं। चेहरे पर लगाकर सूखने दें। फिर धोकर मॉइश्चराइजर लगाएं ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे।

ऐसे दिखें फ्रेश

दिनभर तरोताजा रहने के लिए पिपरमेंट बाथ ऑयल या लेमन बाथ ऑयल की दो-तीन बूंदें टब में डालें फिर स्नान करें। आप चाहें तो स्नान करने के कुछ समय पहले बाल्टी या टब में गुलाब की पत्तियां भी डाल सकती हैं। इसकी भीनी-भीनी खुश्बू आपको दिनभर तरोताजा रखेगी।

डीप क्लेंजिंग ट्रीटमेंट के लिए मिक्स करें समान मात्रा में मिल्क पाउडर, लेमन जूस व शहद। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर पानी में अंगुलियों को भिगोकर धीरे-धीरे गोल-गोल [क्लॉक वाइज] छुड़ाना शुरू करें। बाद में ताजे पानी से चेहरा धोकर थोड़ा सा गुलाबजल लगा लें।

सूर्य की नुकसानदेह अल्ट्रावॉयलेट किरणों से त्वचा की सुरक्षा के लिए किसी अच्छी कंपनी का सनस्क्रीन लोशन या क्रीम लगाएं। विशेषज्ञों का कहना है कि एक बात याद रखें कि सनस्क्रीन लोशन या क्रीम का प्रयोग हर तीन-चार घंटे के अंतराल पर अवश्य करती रहें। तभी इसका सही फायदा मिल सकता है।

त्वचा की नमी बरकरार रखने के लिए किसी अच्छी कंपनी का एंटी टैन मॉइश्चराइजिंग लोशन लगाएं। इसके अलावा खीरे का ठंडा रस या ठंडे खीरे को काटकर चेहरे पर कुछ देर मलें। फिर ठंडे पानी से चेहरा धो लें। ऐसा करने त्वचा तरोताजा नजर आएगी।

बेजान और रूखी हो गई त्वचा में नई जान डालने के लिए आप सारा का थ्री इन वन फेसवाश इस्तेमाल करें। यह स्क्रब, पैक और फेसवाश तीनों का काम एक साथ करेगा अर्थात आपको तीनों का लाभ देगा।

मृत त्वचा को हटाने के लिए ताजा पपीता और ठंडे दही को मिक्स करके रोजाना चेहरा साफ करें। त्वचा में जान आएगी।

झटपट फेस लिफ्ट कराने के लिए चावल को भिगोकर इसका पेस्ट बनाएं। फिर इसे शहद में मिक्स करके चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। बाद में साफ पानी से चेहरा धो लें। आप एकदम से फेश लिफ्टिंग महसूस करेंगी।

कुछ ही सेकंड में चेहरे पर ताजगी लाने के लिए गुलाब जल स्प्रे का इस्तेमाल करें। गुणों से भरपूर यह स्प्रे आपको ताजगी का एहसास तो देगा ही। साथ ही चेहरे को नमी भी प्रदान करेगा।

रूखे हाथों को कोमल और सुंदर बनाने के लिए चीनी और शहद को मिक्स करके हाथों की स्क्रबिंग करें। बाद में साफ पानी से हाथों को साफ करें।

जानकारी

अश्वगंधा के 5 जबरदस्त फायदे, लेकिन ध्यान रहे देती नुकसान भी...

अश्वगंधा एक आयुर्वेदिक औषधि है जो कई लाइलाज बीमारियों को ठीक करने की क्षमता रखती है। अश्वगंधा का प्रयोग कई बीमारियों में दवा के रूप में किया जाता है। अश्वगंधा दवा, चूर्ण, कैप्सूल के रूप में आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। कई रोगों में तो अश्वगंधा रामबाण की तरह है। सदियों से अश्वगंधा को जड़ी-बूटी के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। इस जड़ी-बूटी के बड़े ही असरकारी परिणाम हैं। अश्वगंधा के क्या फायदे हैं और क्या नुकसान बताएंगे आपको अश्वगंधा से जुड़ी हर जानकारी।

अश्वगंधा के चमत्कारिक फायदे

इम्युन सिस्टमः अश्वगंधा में मौजूद ऑक्सीडेंट आपके इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करता है। जो आपको सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। अश्वगंधा वाइट ब्लड सेल्स और रेड ब्लड सेल्स दोनों को बढ़ाने का काम करता है। जो कई गंभीर शारीरिक समस्याओं में लाभदायक है।

स्ट्रेस - मानसिक तनावः अश्वगंधा मानसिक तनाव जैसी गंभीर समस्या को ठीक करने में लाभदायक है। एक रिपोर्ट के अनुसार तनाव को 70 फीसदी तक अश्वगंधा के इस्तेमाल से कम किया जा सकता है। दरअसल आपके शरीर और मानसिक संतुलन को ठीक रखने में असरकारी है। इससे अच्छी नींद आती है। अश्वगंधा कई समस्याओं से छुटकारा दिलाने का काम कर सकता है।

सफेद पानी (लिकोरिया): महिलाओं में सफेद पानी की वजह से उनका शरीर कमजोर होने लगता है। जिसका असर उनके गर्भाशय में भी पड़ता है। लेकिन अश्वगंधा के सेवन से महिलाओं को इस रोग से निजात मिल सकती है।

कैंसरः कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी में बहुत असरकारी है अश्वगंधा का इस्तेमाल। कई रिसर्च में यह बताया गया है कि अश्वगंधा कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है और कैंसर के नए सेल्स नहीं बनने देता। यह शरीर में रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज का निर्माण करता है। जो कैंसर सेल्स को खत्म करने और कीमोथेरपी से होने वाले साइड इफेक्ट्स से भी बचाने का काम करता है।

आंखो की रोशनीः अश्वगंधा का इस्तेमाल आपकी आंखो की रोशनी को बढ़ाने का काम करता है। रोज दूध के साथ लेंने से आंखो के अलावा स्ट्रेस से भी बचा जा सकता है।

अश्वगंधा के नुकसान

- अश्वगंधा का ज्यादा प्रयोग आपके लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। अश्वगंधा के ज्यादा इस्तेमाल से आपको बुखार, थकान, दर्द की शिकायत भी हो सकती है।
- अश्वगंधा का अधिक इस्तेमाल पेट के लिए हानिकारक हो सकता है। इसको लेने से डायरिया की समस्या हो सकती है। इसलिए इसके इस्तेमाल से पहले आप डॉक्टर की सलाह लें उसके बाद ही इसका सेवन करें।
- बल्ड प्रेशर से ग्रस्त लोगों को अश्वगंधा डॉक्टर के परामर्श से ही लेना चाहिए। जिनका बीपी लो होता है उन्हे अश्वगंधा का सेवन नही करना चाहिए।
- अश्वगंधा का सही डोज न लेने से आपको उल्टी और जी मिचलाने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
- अश्वगंधा का इस्तेमाल नींद के लिए अच्छा है। लेकिन इसका बहुत दिनों तक इस्तेमाल आपको नुकसान भी पहुंचा सकता है।

एक्सरसाइज की शुरुआत करने में मदद करेंगे ये आसान टिप्स

हम सभी जानते हैं कि व्यायाम फिट रहने, आपकी ऊर्जा बढ़ाने, मोटापे से बचने और कई पुरानी जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। एक नियमित फिटनेस रूटीन आपको मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से बचने, नींद में सुधार करने में भी मदद कर सकती है।

यदि आप फिट और स्वस्थ रहना चाहते हैं तो नियमित व्यायाम आवश्यक है। इसका कोई विकल्प नहीं है। किसी भी एक्सरसाइज रूटीन को शुरू करने के बाद ही आपको लाभ दिखने लगेगा। लेकिन अधिकांश लोग एक्सरसाइज रूटीन की शुरुआत नहीं कर पाते हैं, यह करना काफी मुश्किल लगता है। हालांकि, अगर आपने अपना मन बना लिया है और दृढ़ संकल्प है, तो यह करना आसान है। लेकिन ज्यादातर लोग ऐसा नहीं कर पाते हैं, तमाम तरह की रूकावटें उन्हें ऐसा करने से रोकती हैं। आप हमेशा आलस्य महसूस करते हैं। अगर आप भी खुद को एक फिटनेस रूटीन बनाने के लिए प्रेरित नहीं कर पा रहे हैं तो हम आपकी मदद कर सकते हैं। यहां हम बिगिनर के लिए कुछ उपाय बता रहे हैं जो आपकी हेल्प कर सकते हैं।

अपने फिटनेस रूटीन को शुरू करने से पहले ध्यान रखने योग्य बातें

आप एक ऐसा फिटनेस रूटीन चुनें जो आपको इस पर बने रहने में मदद करे। अपने लक्ष्यों के बारे में यथार्थवादी बनें। यह बहुत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, यदि आपको कोई स्वास्थ्य जटिलताएं हैं, तो पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करें। वह आपको एक अच्छी और सुरक्षित शुरुआत के लिए मार्गदर्शन करने में मदद करेंगे। धीमी शुरुआत करें और धीरे-धीरे तीव्रता की ओर बढ़ें। आजकल हर कोई व्यस्त जीवन जी रहा है। तो, 'समय' हमेशा एक समस्या है। व्यायाम के लिए एक समय निर्धारित करें और उससे चिपके रहें। यदि आप एक घंटे का प्रबंधन नहीं कर सकते हैं, तो इसे 30 या 15 मिनट करें। लेकिन इसे हर दिन करें।

एक बहुत ही सामान्य गलती जो बिगिनर करते हैं, वह यह है कि वे पहले दिन से ही तीव्र व्यायाम में जुट जाते हैं। इससे चोटों का खतरा बढ़ जाता है। बस याद रखें कि अधिक मात्रा में कुछ भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। यही हाल व्यायाम का भी है। आप खुद को एक दिन का अवकाश भी दे सकते हैं। इससे आपको अपने फिटनेस रूटीन में नए जोश के साथ आने में मदद मिलेगी।

बिगिनर के लिए फिटनेस रूटीन टिप्स

- दिन में बहुत सारा पानी पीएं। यह आपको डिहाइड्रेशन से बचने में मदद करता है। क्योंकि आप एक्सरसाइज के दौरान काफी पसीना बहाते हैं।
- स्वस्थ भोजन का सेवन करें। यह आपके फिटनेस रूटीन को सपोर्ट करेगा। उचित और अच्छी तरह से संतुलित भोजन लें, जिसमें फल और सब्जियां शामिल हों।
- अपने आहार में स्वस्थ काब्र्स शामिल करें। यह मांसपेशियों की रिकवरी में सहायता करेगा और आपकी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाएगा।
- प्रोटीन का सेवन जरूर करें। ये मांसपेशियों की रिकवरी में भी मदद करते हैं। यह ऊतकों की तेजी से चिकित्सा और मांसपेशियों के निर्माण की सुविधा भी प्रदान करेगा।
- सभी वसा खराब नहीं हैं। स्वस्थ वसा वास्तव में आपको तेजी से वसा जलाने में मदद कर सकते हैं। यह ऊर्जा के स्तर को भी बढ़ाएगा और आपको लंबी अवधि तक काम करने में मदद करेगा।
- आपनी फिटनेस रूटीन से पहले वार्मअप करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपको चोटों के जोखिम से बचने में मदद करेगा। यह शरीर को फ्लेक्सीबिलिटी प्रदान करेगा।

सेहत

हाइट बढ़ाने के 5 घरेलू नुस्खे, जो बढ़ाएं लंबाई

अच्छी हाइट से व्यक्तित्व में और निखर आ जाता है। अच्छी हाइट होने से आत्मविश्वास भी बढ़ता। दरअसल ह्यूमन ग्रोथ के साथ ही हाइट भी बढ़ती है। लड़कियों की लंबाई आम तौर पर 18 साल की उम्र तक बढ़ती है। लम्बाई आपके व्यक्तित्व को निखारने का काम करती है। अच्छी हाइट पाने के लिए बच्चे हों या बड़े सभी उत्सुक रहते हैं। क्योंकि अच्छी हाइट से व्यक्तित्व में और निखर आ जाता है। अच्छी हाइट होने से आत्मविश्वास भी बढ़ता। दरअसल ह्यूमन ग्रोथ के साथ ही हाइट भी बढ़ती है। लड़कियों की लंबाई आम तौर पर 18 साल की उम्र तक बढ़ती है। आपकी हाइट कितनी अच्छी निकलती है यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपकी डाइट कैसी है। लोग हाइट बढ़ाने के लिए तरह-तरह की दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। जो आपके शरीर के लिए हानिकारक भी हो सकते हैं। लेकिन आयुर्वेद में कई ऐसे उपाय और औषधि हैं जिनके द्वारा आपको अच्छी हाइट मिल सकती है। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि कैसे आप घरेलू नुस्खों से अच्छी हाइट पा सकते हैं।

लंबाई बढ़ाने के घरेलू उपाय

खान-पान का सही चुनावः अच्छी हाइट के लिए सबसे जरूरी है हेल्दी डाइट, खाने में आप क्या लें रहे हैं, उससे आपके शरीर की ग्रोथ पर बहुत असर पड़ता है। इसलिए आपको खाने में विटामिन, कैल्शियम, जिंक प्रोटीन और फास्फोरस की मात्रा और पीने में दूध, जूस, अधिक लेना चाहिए। इनके इस्तेमाल से हाइट बढ़ती है। लेकिन आप को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि आप ज्यादा चीनी के इस्तेमाल से परहेज करें।

योगा एक्सरसाइजः योगा और एक्सरसाइज के द्वारा लम्बाई बढ़ाई जा सकती है। एक्सरसाइज, योगा को प्रतिदिन करना चाहिए इससे आपका शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। लम्बाई के लिए तड़ासन क्रिया करना बहुत लाभदायक है। कैसे करें तड़ासन, सबसे पहले सीधे खड़े हो जायें हाथ ऊपर कर लें उसके बाद गहरी सांस लें और हाथों को धीरे-धीरे ऊपर उठाते हुए पैर की एड़ियों को भी उठाएं। इससे आपके शरीर में खिचाव होने से यह लम्बाई बढ़ाने में फायदेमंद साबित हो सकता है।

भरपूर नींदः सेहत के लिए पर्याप्त नींद बहुत जरूरी होती है। अच्छी जीवनशैली में नींद पूरी होना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन अधिक नींद से आपकी हाइट भी बढ़ सकती है सुनने में थोड़ा अजीब जरूर लग सकता है लेकिन यह सच है। अगर आप ज्यादा सोते है तो आपके शरीर में ऊतको का उत्सर्जन होता है जो लम्बाई बढ़ाने में मदद करती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को 7-8 घंटे की नींद जरूर लेना चाहिए।

पानी का अधिक इस्तेमाल करेः खूब पानी पीयें ,पानी का अधिक इस्तेमाल करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती। ज्यादा पानी पीने से शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते है। जिससे शरीर की ग्रोथ में कोई परेशानी नहीं होती। पानी का अधिक इस्तेमाल पेट गैस को भी कम करता है। जिससे शरीर के हार्मोंस को बढ़ने में मदद मिलती है।

चलने और सोने का सही तरीकाः अच्छी हाइट के लिए आपको चलने-फिरने, बैठने और सोने का तरीका ठीक रखना पड़ेगा। अक्सर लोग सोते समय यह ध्यान नही देते कि उनका शरीर अनुचित मुद्रा में है। जो आपके शरीर की लम्बाई में बाधक हो सकता है। इसलिए सीधी मुद्रा में सोना चाहिए। सिर और गर्दन को चलते समय झुकाकर नही चलना चाहिए।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। शुभांक-5-6-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-6-7-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-6-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-6-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी। शुभांक-5-8-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-9

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-1-2-3

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-7-8

काकुरो पहेली - 5009



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 5008 का हल



लॉफिंग ज़ोन

न्यायाधिश (चोर से)- एक ही रात में छह चोरियाँ करने का आरोप है। इस पर तुम्हें क्या कहना है?

चोर मुस्कुराते हुआ बोला- जी हुजूर! मेरे पूज्य ससुरजी कहा करते थे कि मेहनत से कभी भी जी नहीं चुराना चाहिए।

□ □ □

पिछले दिनों सड़क पर धूमधाम से बारात जा रही थी। घोड़े पर दूल्हे मियाँ के मुँह पर पट्टी बँधी थी।

एक राहगीर ने यह देखकर एक बाराती से पूछा : भैया, दूल्हे के मुँह पर पट्टी क्यों बँधी है?

बाराती ने मुस्कुराते हुए कहा- भाई साहब दूल्हा मोहल्ले का नेता है। वह भीड़ देखते ही भाषण देने लगता है।

□ □ □

एक बार प्रेमी और प्रेमिका डेटिंग पर गए। बहुत देर घूमने-फिरने के बाद वे एक नितांत स्थान पर बैठ गए। अपने आसपास किसी को न पाकर प्रेमी ने मौके का फायदा उठाना चाहा और प्रेमिका की गाल की ओर अपना मुँह बढ़ाते हुए बोला- चुम्बन क्या है?

शरारत भरे अंदाज में प्रेमिका बोली- चुम्बन! प्यार के गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर है।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 5009



बायें से दायें:-

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5008

5009

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

5008

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

शब्द पहेली - 5009



बाएँ से दाएँ

1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.खेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपडे की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

ऊपर से नीचे

1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली -5008 हल

अमेठी हादसे पर बिहार सीएम ने जताया दुख, बिहार के 2 मृतकों के आश्रितों को मिली सहायता

एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुई बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में बिहार के दो लोगों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को 02 लाख रूपए अनुग्रह अनुदान मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है। उन्होंने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था एवं हरसंभव सहायता सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में सभी घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

फिशरीज समर मीट 2024 का आयोजन बाज मदुरै में

नई दिल्ली। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय व मत्स्य पालन विभाग 12 जुलाई को तमिलनाडु के मदुरै में मत्स्य पालन ग्रीष्मकालीन बैठक (फिशरीज समर मीट 2024) का आयोजन करने जा रहा है। इस बैठक का उद्देश्य राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के साथ परामर्श को बढ़ावा देना, मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र के विकास के लिए मछली किसानों, उद्यमियों और मछुआरों द्वारा किए गए योगदान को प्रदर्शित करना है। मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक फिशरीज समर मीट 2024 का आयोजन भारत सरकार के केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। शुक्रवार 12 जुलाई को आयोजित फिशरीज समर मीट में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन के साथ तमिलनाडु सरकार मत्स्य पालन अनिता आर. राधाकृष्णन प्रमुख रूप से उपस्थित होंगे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज 14 जुलाई और हिमंता विश्व सरमा 16 को आएंगे झारखंड

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा सक्रिय हो गई है। इसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 14 जुलाई और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह-प्रभारी हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची पहुंचेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों नेता तैयारियों की समीक्षा करेंगे। शिवराज 14 जुलाई को रांची में पार्टी की ओर से खिजरी विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह और विजय संकल्प सभा में हिस्सा लेंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से छह जुलाई से विधानसभावार कार्यकर्ता अभिनंदन व विजय संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा। हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 20 जुलाई को गृहमंत्री अमित शाह विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। इस बैठक में मंडल स्तर के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों ही प्रभारी तैयारी की समीक्षा करेंगे। विस्तारित कार्यसमिति के एजेंडे पर चर्चा होगी।

भारत सरकार के सभी अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत निकायों में लागू किया जाएगा ई-आफिस

नई दिल्ली। केंद्रीय सचिवालय की 37 लाख में से 95 प्रतिशत फाइलों को ई-फाइलों के रूप और 95 प्रतिशत रसीदों को ई-रसीदों के रूप में संभाल लिया गया है। यह कार्य वर्ष 2019 -2024 के दौरान संपन्न हुए। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी बयान के मुताबिक केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के 100 दिवसीय एजेंडे के हिस्से के रूप में भारत सरकार के सभी संलग्न, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत निकायों में ई-आफिस लागू किया जाएगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक सफल कार्यान्वयन के लिए 133 संलग्न, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों में ई आफिस अपनाने के लिए प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 24 जून को दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। मंत्रालय के मुताबिक (डीएआरपीजी) के सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में अंतर मंत्रालयी बैठक में आन बोर्डिंग रोडमैप और तकनीकी तौर तरीकों पर चर्चा की गई। इसमें सभी मंत्रालयों व विभागों के अधिकारियों व वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनईसी) की उप महानिदेशक रचना श्रीवास्तव ने ई आफिस के कार्यान्यवन के लिए प्रक्रियात्मक तकनीकी प्रस्तुत की।

मध्य प्रदेश को हरा-भरा बनाने की मुहिम, पुलिस इकाइयों में रोपे गए 1.25 लाख पौधे

एजेंसी

भोपाल । मध्य प्रदेश को हरा-भरा बनाने की मुहिम जारी है। राज्य सरकार ने 5.50 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। इसी के तहत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को राजधानी में पौधरोपण किया। इसके साथ ही प्रदेश की पुलिस इकाइयों में 1.25 लाख पौधे रोपे गए।

राज्य में पौधरोपण अभियान जारी है और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जगह-जगह पौधे रोपे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 23वीं एवं 25वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हिस्सा लेकर पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर की पुलिस इकाइयों में एक साथ

1.25 लाख पौधे रोपे गए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर आरंभ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान ने पूरे देश में जन अभियान का स्वरूप ले लिया है। प्रदेश में भी 5.51 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना को जगाने की कोशिश है। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पौधरोपण को प्राथमिकता में शामिल करना पुलिस की संवेदनशीलता दर्शाता है। पुलिस जवानों के साथ-साथ उनके परिवार भी पौधरोपण को अपनी जिम्मेदारी मान रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नक्सल विरोधी अभियान और संपूर्ण प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने में संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। राज्य के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पुलिस लाइन रीवा में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पेड़ बैठे हुए संत हैं तथा संत चलते फिरते पेड़। जिस प्रकार पेड़ से हम छाया, फल आदि लेते हैं, उसी प्रकार संतों के माध्यम से हमारी मनोकामना पूरी होती है।

चार देशों के राजदूतों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को सौंपे



एजेंसी

नई दिल्ली। चार देशों दक्षिण सूडान, जिम्बाब्वे, स्पेन और अर्जेंटीना के राजदूतों ने बृहस्पतिवार को अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष प्रस्तुत किये। इन राजदूतों ने राष्ट्रपति भवन में एक औपचारिक कार्यक्रम में अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को प्रदान किये। राष्ट्रपति को अपने दस्तावेज सौंपने वालों में दक्षिण सूडान के राजदूत लुमुम्बा मैकलेले न्याजोक, जिम्बाब्वे की राजदूत सुश्री स्टेला नकोमो, स्पेन के राजदूत जुआन एंटोनियो मार्च पुजोल और अर्जेंटीना गणराज्य के राजदूत मारियानो अगस्टिन काउसिनो शामिल हैं।

करणपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा : ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

एजेंसी

जयपुर। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटा राम देवासी ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र करणपुर में विधायक कोष से स्वीकृत 347 में से 288 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बचे हुए कार्यों को भी शीघ्र पूरा करवाए जाने का सदन में आश्वासन दिया।

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र करणपुर में विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों की क्रियान्विति में आचार संहिता के कारण विलम्ब हुआ। उन्होंने कहा कि अपूर्ण रहे कार्यों को शीघ्र ही पूरा करवाया जाएगा तथा एक कार्य जो अभी तक शुरू नहीं हुआ उसे भी शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए कार्यों में देरी के कारणों की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने की व्यवस्था

दी। इससे पहले विधायक रुपिन्द्र सिंह कुन्नर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने कहा कि श्रीकरणपुर विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक विधायक कोष से स्वीकृत 347 कार्यों में से 288 कार्य पूर्ण, 58 कार्य अपूर्ण तथा 01 कार्य अप्रारंभ है। उन्होंने ग्रामीण कार्य निर्देशिका - 2010 के बिन्दु संख्याा 22.10 के अनुसार कार्यों को पूर्ण कराये जाने की निर्धारित समय सीमा के प्रावधान की जानकारी सदन के सामने रखी।

छबड़ा विधानसभा क्षेत्र के चार गांवों में सड़क निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी : मंजु बाघमार

एजेंसी

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री मंजु बाघमार ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में जानकारी दी कि विधानसभा क्षेत्र छबड़ा के सड़क सुविधा से वंचित 4 गांवों में सड़क निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि यह गांव वन क्षेत्र में आते हैं। विभाग द्वारा वन विभाग से स्वीकृति लेने के प्रयास किये जा रहे हैं। स्वीकृति मिलते ही सड़क निर्माण की कार्रवाई शीघ्र शुरू कर दी जाएगी।

सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने बताया कि कि विधानसभा क्षेत्र छबड़ा के चार गांव, सिजन्या, जयनगर, भटगांव एवं नवाबपुरा वन क्षेत्र में होने के कारण सड़क सुविधा से वंचित हैं। इससे पहले विधायक प्रताप सिंह सिंघवी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री ने कहा

कि विधानसभा क्षेत्र छबड़ा के जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार 500 से अधिक आबादी के चार गांव भटगॉव (773), सिजन्या (661), जयनगर (524), नवाबपुरा (504) सड़क सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतवार विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने जानकारी दी कि इन गांवों को जोड़ने वाले मार्ग वन क्षेत्र में होने के कारण इन गांवों को सड़क सुविधा से नहीं जोड़ा जा सका है।

वर्ली हिट-एंड-रन मामला : पुलिस ने सीन रीक्रिएट किया

एजेंसी

मुंबई। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपित मिहिर शाह की मौजूदगी में वर्ली के सीजे हाउस से लेकर सी लिंक तक वर्ली बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस के सीन को रीक्रिएट किया। इसके साथ ही पुलिस ने मिहिर शाह और ड्राइवर विदावत को आमने-सामने बिठाकर भी पूछताछ की। इसके बाद दोनों आरोपितों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मिहिर शाह ने कबूल किया कि दुर्घटना के वक्त वह कार चला रहा था, जिससे दुपहिया वाहन पर पीछे बैठी कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई जबकि स्कूटर चला रहा उसका पति प्रदीप घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय आरोपित को पता था कि महिला उसकी कार के एक टायर में फंस गई है, फिर भी वह लापरवाही से गाड़ी चलाता रहा और रुका नहीं। यह घटना रविवार की सुबह मुंबई के वर्ली इलाके में हुई, जब आरोपित एक पार्टी से लौट रहा था।

घटना के बाद शाह अपनी कार और ड्राइवर को छोड़कर तुरंत ऑटो-रिक्शा में बैठकर भाग गया। पुलिस

के अनुसार वह सबसे पहले गोरेगांव में अपनी महिला मित्र के घर पहुंचा, जहां से उसकी बहन उसे बोरीवली स्थित उसके घर ले गई। इसके बाद शाह अपने दोस्त और परिवार के सदस्यों के साथ ठाणे जिले के शाहपुर स्थित एक रिसॉर्ट में भाग गया था। पुलिस ने शाह को मंगलवार को शाहपुर से गिरफ्तार किया था। घटना से पहले आरोपित और उसके दोस्तों ने कुल 12 बड़े पैग व्हिस्की पी थी। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

कड़ी सुरक्षा के बीच 4,885 यात्रियों का 14वां जत्था जम्मू से अमरनाथ रवाना

एजेंसी

जम्मू। स्थानीय भगवती नगर आधार शिविर से सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच आज सुबह 3:06 बजे 191 वाहनों से 4,885 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का 14वां जत्था कश्मीर के दो आधार शिविरों (बालटाल और पालगाम) के लिए रवाना हुआ। आतंकी हमले की आशंका और सुरक्षाबलों के अभियानों की बीच भगवती नगर आधार शिविर के आसपास तथा यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि 2,366 पुरुष, 1,086 महिलाएं, 32 बच्चे और 163 साधु-साध्वियां बसों और हल्के मोटर वाहनों के काफिले के साथ भगवती नगर से रवाना हुए।

उन्होंने बताया कि 2,991 तीर्थयात्रियों ने अपनी यात्रा के लिए पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग और 1,894 ने छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग को चुना। 28 जून को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के बाद से अब तक कुल 77,210 तीर्थयात्री भगवती नगर आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। 52 दिवसीय यात्रा 29 जून से शुरू हुई और 19 अगस्त को समाप्त होगी। पिछले साल 4.5

लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। अधिकारियों ने बताया कि खतरे की आशंका के मद्देनजर जम्मू के बेस कैंप में ठहरने के केंद्रों, लखनपुर में आगमन केंद्र और राजमार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजमार्ग पर क्षेत्र की घेराबंदी मजबूत कर दी गई है और यात्रा स्थलों के आसपास वाहनों की जांच की जा रही है।

झारखंड के चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में फटा बॉयलर, चार मजदूर झुलसे

एजेंसी

रामगढ़। झारखंड में रामगढ़-हजारीबाग की सीमा पर स्थापित

चिंतपूर्णी स्टील प्लांट का बॉयलर फटने से चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा बुधवार देररात लगभग 2:30 बजे हुआ है। आनन फानन में चारों को इलाज के लिए रामगढ़ लाया गया। दो मजदूरों को रामगढ़ के होप हॉस्पिटल और दो को रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्लांट प्रबंधन ने कहा है कि बॉयलर में अचानक स्पार्क हुआ और तेज आवाज के साथ फट गया। इसके फटने की आवाज मांडू थाना परिसर तक सुनाई दी।

मुख्यमंत्री ने श्रावस्ती में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

एजेंसी

श्रावस्ती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रावस्ती में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकाप्टर से निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री राहत कैम्पों में भी गए और बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। उन्हें राहत पैकेट वितरित किए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही बाढ़ आ गयी है। विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य कर रहे हैं। आधी रात में पानी भर गया। 11 लोग फंस गए। उन्होंने पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची और

रेस्क्यू किया। सबको बचा लिया। हमने उन पुलिसकर्मियों को पुरस्कार दिए हैं। जिन महिला और पुरुष ने इसमें मदद की, उन्हें पुरस्कार राशि दी जाएगी। आपदा में यदि किसी की जान चली जाती है तो उन पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपये सहायता राशि दी जाए। आज भी चार परिवारों को जिन्होंने अपने परिवार के सदस्य खोए हैं, उन्हेंचार-चार लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। बाढ़ की स्थिति अकेले यहीं है। 35 तसहील, 633 गांव के 17 लाख से अधिक आवादी बाढ़ की चपेट में हैं। कृषि भूमि भी बाढ़की चपेट में आई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावितों को भोजन की समस्या न हो, जानवरों केलिए चारे की व्यवस्था हो। बचाव कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जाए। पूरे प्रदेश में करीब एक हजार बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं।इस मौके पर विधायक सुभाष त्रिपाठी, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक रामफेरन पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

उन्नाव सड़क हादसे में त्वरित कार्यवाही पर जेडीयू नेता आनंद मोहन ने की मुख्यमंत्री योगी की प्रशंसा

एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव जनपद से गुजरने वाले लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर हुए बस-टैंकर की भिड़ंत की घटना में घायलों से मिलने देर रात बिहार के जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के नेता आनंद मोहन पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की और उपचार सम्बंधी जानकारी ली। हादसे में मरने वाले आश्रितों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

जेडीयू नेता आनंद मोहन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार के सीवान से चलकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस उप्र के उन्नाव जनपद में हादसा हो गया था। हादसे में 18 लोगों की मौत और 20 लोग घायल हो गए थे। इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान

लेकर जिस तेजी के साथ राहत और बचाव कार्य कराया, उसके लिए उनकी जितनी सराहना की जाए वह कम है। हादसा दुखद है और इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों को सहायता राशि दिए जाने का एलान किया गया, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

आनंद मोहन ने कहा कि प्रशासन ने भी बेहतर तालमेल के साथ हादसे के बाद त्वरित मौके पर पहुंचकर जो कार्यवाही की वह अधिकारी व कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं। अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और जल्द उपचार मिलने से कई लोगों की जान बच गई। इस घटना पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने भी मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये ?की सहायता राशि दिए जाने की घोषणा की है। उन्होंने हादसे के हताहत लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। वहीं उनकी सांसद पत्नी लवली आनंद भी इस हादसे को लेकर दुख प्रकट किया है। वह भी इस हादसे के पीड़ित घायलों से मिलने के लिए गुरुवार को उन्नाव आ रही हैं। वह घायलों से मिलकर उनका हालचाल लेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी दो देशों की यात्रा पूरी कर स्वदेश लौटे

एजेंसी

नई दिल्ली।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस और ऑस्ट्रिया का दौरा पूरा कर आज सुबह स्वदेश लौट आए। उनका विशेष विमान इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। प्रधानमंत्री रात को ऑस्ट्रिया से स्वदेश रवाना हुए थे। नई दिल्ली पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत की और द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। ऑस्ट्रिया से रवाना होने के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रिया की सफल यात्रा पूरी करने के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रिया से पहले रूस गए। वहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी को पुतिन ने आधिकारिक रूप से 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू एपोसल'

पुरस्कार से सम्मानित किया। यह रूस का सर्वोच्च सम्मान है। रूस के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया की यात्रा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, 'ऑस्ट्रिया की मेरी यात्रा ऐतिहासिक और बेहद सार्थक रही है। हमारी मित्रता में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मुझे वियना में विविध कार्यक्रमों में भाग लेने की खुशी है।'

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के विद्युत कर्मी दुर्घटनाओं के प्रति बरतें सतर्कता, शिकायतों का करें त्वरित समाधानः ए.के. शर्मा

एजेंसी

लखनऊ। बरसात के दौरान बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित विद्युत उपकेन्द्रों में जलभराव होने से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायतें आ रही हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों के सभी विद्युत कार्मिक ऐसी परिस्थिति में विद्युत दुर्घटनाओं के प्रति पूरी सर्तकता बरतें तथा लोगों की शिकायतों का त्वरित संज्ञान लें, जहां कहीं पर भी विद्युत उपकेन्द्रों में पानी भरने, पोल गिरने व लाइन टूटने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है, ऐसी समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाए तथा उपकेन्द्रों से शीघ्र जलनिकासी के समुचित प्रबन्ध किये जाएं, जिससे कि विद्युत आपूर्ति बहाल रहे।

ये बातें ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बाढ़ प्रभावित जिले पीलीभीत, लखीमपुरखीरी, शाहजहांपुर की विद्युत व्ययवस्था की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने विद्युत कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कार्य स्थलों पर तैनात रहकर पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे इस गम्भीर परिस्थिति से निपटा जा सके।

इस दौरान शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि क्षेत्रीय नदियों में बाढ़ आने से क्षेत्र में पानी भर गया था और बिजली घरों के ट्रेंच तक पानी भर गया था। इससे 33/11 के0वी0 के सिटी पार्क, रोजा, हथौड़ा, ककरा, अब्दुलागंज आदि उपकेन्द्र प्रभावित हुए और इनसे पोषित फीडर के द्वारा आपूर्ति की जा रही लगभग 30-40 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। इसी प्रकार पीलीभीत के अधिक्षण अभियन्ता ने बताया कि क्षेत्र में हुई तेज बारिश से 33/11 के0वी0 के बरखेड़ा, बीसलपुर, जहानाबाद, बण्डा, पीलीभीत उपकेन्द्र प्रभावित हुए और इससे पोषित फीडरों से आपूर्ति की जा रही गांवों व शहरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। उपकेन्द्रों से पानी निकाला जा रहा है। कुछ स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। इसी प्रकार लखीमपुरखीरी के अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि क्षेत्र में हुई भीषण बारिश से कुल 09 बिजली घर प्रभावित हुए थे, जिससे 261 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। ऊर्जा मंत्री ने मध्यांचल के एमडी श्री भवानी सिंह खंगारौत को परिस्थितियों पर सर्तक रहने तथा जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने के हरसम्भव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपकेन्द्रों से पानी निकासी के शीघ्र प्रबन्ध किये जायें। समीक्षा बैठक में प्रबन्ध निदेशक यूपीपीसीएल पंकज कुमार, एमडी मध्यांचल भवानी सिंह खंगारौत, प्रभावित जोन एवं जनपदों के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ताओं ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

न सताए गर्मी

लिविंग रूम से अगर आपने भी अब तक मोटे फैब्रिक व गहरे रंग के पर्दों के अलावा कालीन को नहीं हटाया तो देर न करें। गर्मी के मौसम में सजावट के ये समान और अधिक गर्माहट का अहसास दिलाते हैं। घर में शीतलता के लिए जरूरी है कि अब हल्के रंगों का इस्तेमाल किया जाए..

ग्रीष्मकालीन नवरात्रों के बीतते ही मौसम पूरी तरह गर्म होना आरंभ हो जाता है। वैसे मौसम में गर्मी का अहसास तो होली के बाद से ही शुरू हो जाता है फिर जलाने और पसीने से भरी गर्मी की शुरुआत तो नवरात्रों के बाद ही होती है। शरीर के साथ-साथ मौसम का असर घर और ऑफिस में भी दिखने लगता है। गर्मी का मौसम आ पहुंचा है, ऐसे में जरूरी है कि घर के इंटीरियर में कुछ बदलाव किए जाएं, जिससे कि घर में ठंडक का अहसास तो बने ही साथ गर्मी के प्रभाव को भी कुछ कम किया जा सके। इस बात से आप भी इलिफाक रखते होंगे कि रंग और प्रकाश का आपस में गहरा संबंध है। बाहर की तेज धूप आंखों को चौंधियाने वाली तो होती ही है साथ ही घर को भी गर्म करने में यह कोई कसर नहीं छोड़ती। ऐसे में खिड़की और दरवाजों के जरिये आने वाली तेज रोशनी को बीच में रोकने के लिए कुछ प्रबंध करने आवश्यक हैं। इसके लिए परदों और ब्लाइंड्स के अलावा चिक्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

चिक्स का इस्तेमाल जहां बालकनी और लॉबी के एरिया में किया जा सकता है तो वहीं ब्लाइंड्स को खिड़कियों पर लगा सकते हैं। वैसे खिड़कियों और दरवाजों के लिए परदे भी बेहतर विकल्प हो सकते हैं। घर से बाहर की तेज रोशनी भीतर न प्रवेश कर सके इसके लिए जरूरी है कि परदे कुछ भारी हों और उनका रंग भी गहरा हो। गाढ़े रंग के परदे प्रकाश को जल्दी सोखते हैं। इनसे ढंके दरवाजे और खिड़कियां प्रकाश के प्रभाव को कम करने में सहायक होते हैं, जिससे ठंडक का अहसास उत्पन्न होता है। अगर आप भी घर के लिए नए परदे खरीदने पर विचार कर रहे हैं तो गहरे रंगों के लिए विचार कर सकते हैं। परदों के अलावा इंटीरियर के दूसरे सामान का जहां तक ताल्लुक है तो फर्निशिंग का हल्के रंग में ही रहना बेहतर होगा। सोफे के कवर और सोफे पर रखे गए कुशंज को भी यदि हल्के रंगों के कवर्स के जरिये सजाया जाए तो घर में ठंडक का अहसास पैदा करने में सहूलियत होगी। इंटीरियर डिजाइनर सबी सिद्दीकी का कहना है कि गर्मी के मौसम में जितना अधिक से अधिक हल्के रंगों का इस्तेमाल होगा आंखों को उतना ही अधिक सुकून मिलेगा। ऐसे में सेंटर टेबल के टेबल क्लॉथ के अलावा डाइनिंग टेबल के साथ बेड पर बिछाई जाने वाली बेडशीट के लिहाज से हल्के रंगों का इस्तेमाल बेहतर होगा।

लिविंग रूम में बिछे कारपेट और कालीन को अब तक आपने नहीं हटाया है तो अब और देर न करें। गर्मी के मौसम में सजावट के ये समान और गर्म माहौल बनाते हैं। यदि फ्लोर को अलग लुक देने के लिए आपको कुछ अलग ही करना है तो ऐसे में जूट या फिर सूती दरी का इस्तेमाल कर सकते हैं। सूती दरी के जरिये घर के इंटीरियर को ऐथेनिक लुक देने में भी मदद मिलती है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि आंखों को हरा रंग बेहद ताजगी देता है। ऐसे में जिस तरह सर्दी के मौसम में पौधों का इस्तेमाल फूलों के लिए किया जाता है उसी तरह गर्मी के मौसम में ताजगी के लिए पौधों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बाजार में इनडोर प्लांट्स की विविधता भरी वेरायटी है। आप भी अपनी जरूरत के मुताबिक पौधे लेकर घर की रंगत को बदलने के साथ प्रकृति के करीब ले जा सकते हैं।

पाम के पौधों के अलावा मनी प्लांट जैसे बेलदार लताएं भी लिविंग रूम की खूबसूरती बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। ऐसे पौधे कॉर्नर के साथ डाइनिंग टेबल पर भी रखे जा सकते हैं। इसके अलावा गर्मी के मौसम में यदि आप कूलर और एयरकंडीशनर का इस्तेमाल करने जा रहे हैं तो इन पर लगी धूल को साफ करने के साथ इन पर रंग रोगन कराना न भूलें। गर्मी का भी अपना अलग मजा है। इस मौसम का भी लुत्फ कुछ बदलावों के जरिये उठाएं।

इन आसान से तरीके को अपनाकर चमकाएं किचन

साफ-सफाई करना बहुत ही मुश्किल का काम है। अक्सर हम सभी अपने घर का काम करते हुए थक जाते हैं, जैसे कि घर का झाड़ू-पोंछा और बर्तनों को धोना। इसके लिए हम बाजात से महंगे से महंगे सर्फ लाकर इस्तेमाल करतो हैं पर इसके बावजूद गैस पर, सैल्फ पर यह जिद्दी दाग नहीं जाते। ऐसे में गैस चूल्हे और स्लैब पर चिकनाई के दाग-धब्बे भी किचन की रंगत बिगाड़ कर रख देते हैं। आज हम आपको आसान से नुस्खे बताते हैं जिसकी मदद से आप झट से किचन को चमका सकते हैं।

*** नींबू का रस**

स्टोव (गैस चूल्हे) पर लगे तेल के चिकने दाग हटाने के लिए नींबू के रस का इस्तेमाल करें। दाग पर नींबू का रस छिड़कें और 15 मिनट के बाद इसे गीले कपड़े से पोंछें।

*** सिरका**

सिरके की मदद से आपका ओवन चमक उठेगा। बस इसके लिए आपको सिरके और स्पंज की मदद से ओवन को अंदर से अच्छी तरह से साफ करना है और कुछ घंटों के लिए उसे ऐसे ही बंद छोड़ देना है बाद में किसी कपड़े से गंदगी को अच्छी तरह से पोंछ लें। जिद्दी दागों को ब्रश की मदद से छुड़वाएं।

*** सोडा**

किचन सिंक को चमकाने के लिए उस पर सोडा (वॉटर सोडा) डालें। कुछ मिनटों के बाद उस पर सिरका डालें और ब्रश के साथ अच्छे से रगड़कर गर्म पानी डालें। सिंक चमक उठेगा।

*** बेकिंग पाऊडर**

बेकिंग पाऊडर की मदद से भी चिकनाई और कालिख दूर होती है। पानी में बेकिंग पाऊडर घोलकर धब्बों पर छिड़कें। आधे-पौने घंटे बाद गीले कपड़े से साफ कर लें।

*** साफ करना**

मिरर, दरवाजों, स्लैब को साफ करने के लिए भी यही तरीका बैस्ट है।

घर में इन जगहों पर आईना

लगाने से नहीं होता, नुकसान

हम सभी घर में तैयार होने के लिए आईने का इस्तेमाल करते हैं। बहुत से लोग ऐसे भी होते है जो बिना आईना देखे तैयार नहीं हो पाते। ऐसे में हर घर में आईना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए आज हम आपके घर में आइना लगाने के लिए सही दिशाओं के बारे में बताएगें। घर में अगर आईना सही दिशा में न लगा हो तो आपके को नुकसान भी हो सके है। ऐसे ही सही जगह पर लगा होने से आपके फायदे भी होते है। तो आइए जानते है आईना लगाने के लिए सही जगह...

घर पर आईने का सही स्थान... - कमरे के दरवाजे के अंदर कभी भी आईना नहीं लगाना चाहिएं। अगर आपके कमरें का ईशान दिशा की ओर है तो उसी जगह पर आईना लगाएं।

- आफिस या घर में पैसे में बढ़ोतरी करने के लिए उत्तर-पूर्व दिशा में ही आईना लगाना चाहिए।

- अगर आप घर में छोटी जगह पर आईना लगाते है तो आपको चमत्कारी प्रभाव दिखेगा।

- घर में खुशहाली लाने के लिए आपको शीशे के सामने कोई शुभ चीज रखनी चाहिएं।

- कभी भी दर्पण को खिड़की या दरवाजे की ओर देखता हुआ न लगाएं। - घर में कभी भी कमरे की दीवारों पर आमने-सामने आईना नहीं लगाना चाहिएं। ऐसा करने से घर के सदस्यों के

बीच में उलझन पैदा होती रहती है।

- आईने को घर की दीवारों पर न तो ज्यादा ऊपर और न ही ज्यादा नीचें लगाएं। अगर किसी घर में ऐसा है तो उस घर के लोगों को शारिरीक तकलीफ हो सकती है। इसलिए ऐसे जगह पर से आईने को हटा दें।

- कभी भी घर में टूटा हुआ आईना न लगाएं। ऐसे शीशे में देखने से निगेटिव एनर्जी पैदा होती है।

- कमरे में कभी भी बेंड के सामने आईना न लगाएं।

गैस्ट रूम को बैस्ट बनाने के लिए ध्यान में रखें ये जरूरी बातें

वैसे तो बड़े शहरों में जगह की कमी के कारण अलग से गैस्टरूम बना कर रखना मुश्किल होता जा रहा है पर बड़े घरो में अब भी गैस्टरूम अलग होता है। गैस्टरूम अलग नहीं है तो कोई नहीं। घर पर यदि मेहमान आए हुए हैं और उन्होंने कुछ दिनों के लिए आपके साथ रहना है तो घर में एक बैडरूम चाहे अपना हो या बच्चे का कोई भी उन्हें देकर अपनी जरूरतों का ध्यान रखें। - यदि आपके पास इलग से मेहमानों के लिए कमरा है तो परेशानी की कोी बात नहीं। ब, ध्यान रखना होगा कि उनकी सुविधा का पुरा सामान है या नहीं और उस कमरे की सफाई ठीक है या नहीं।

- यदि अलग से बैडरूम हो तो ध्यान दें कि बिस्तर पर बिछे गद्धे अच्छे होने चाहिएं और उस पर बिछी चादर भी ताजा हों। अगर आप अपना कमरा उन्हें दे रहें हैं तो बैडशीट, पिलो कवर, कम्बल, ऊपर ओढ़ने वाली चंदर बैड़ पर अच्छे से बिछाएं। - कमरे में बैंड के पास एक छोटा स्टूल रखकर उस पर पीने के लिए पानी की बोटल जरूर रखें। - बैडरूम में एक अलग से कुर्सी और टी-टेबल भी लगा दें ताकि वे कुर्सी पर बैठ कर चाय पी सकें और समाचार पत्र व पत्रिका पढ़ सके।

- अलार्म घड़ी, सफा-सुथरा टावल और एक जोड़ा बाथरूम स्लीपर अवश्य रखें। - बैंड पर चादर और तकीए के गिलाफ इस्त्री किए हुए ही बिछाएं।

- अगर गैस्टरूम अलग है तो महिमान का सारा सामान वहां पर रखवा दें। यदि आपने अपने साथ उन्हें एडजस्ट करना हो तो अलमारी का एक भाग उन्हें खाली दें ताकि वह अपना सामान स्वयं मैनेज कर सकें।

- अगर घर छोटा है और महिमान आए हुए हैं तो घबराएं नहीं। जमीनी बिस्तर पर सभी साथ सो जाएं।

- गैस्टरूम में लाइट, पखें, कूलर व गीजर का भी ध्यान रखें कि वह चालू हालत में हैं या नहीं।

- गैस्टरूम में प्रकिदिन झाड-पोछा करवाते रहें। कोशिश करे कि मेहमनों की उपस्थिति में कमरा साफ करवाएं।

- गैस्टरूम में यदि फिश टैंक या कोई सुंदर सी पेंटिग लगी हो तो गैस्टरूम का आकर्षण बढ़ जाता है। - यदि सभंव हो तो टी.वी और सी.डी प्लेयर या म्यूजिक सिस्टम रखें ताकि मेहमान टाअम पास कर सकें।

- लाइट डाने पर गैस्ट को कोई तकलीफ न हो इसके लिए कमरे में टार्च, कैंडल. माचिस जरूर रखें।

ब्राजीली सेरी ए क्लब कोरिंथियंस ने रेमन डियाज को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया

एजेंसी

रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के सेरी ए क्लब कोरिंथियंस ने अर्जेंटीनी खिलाड़ी रेमन डियाज को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है। क्लब ने उक्त जानकारी दी। 64 वर्षीय डियाज ने एंटोनियो ओलिवेरा की जगह ली, जिन्हें पिछले सप्ताह खराब प्रदर्शन के बाद बर्खास्त कर दिया गया था। साओ पाउलो क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया, रेमन डियाज कोरिंथियंस के नए मैनेजर हैं। अर्जेंटीना के कोच का अनुबंध 2025 के अंत तक है। अर्जेंटीना के पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर डियाज, जिनके प्रबंधकीय करियर में रिवर प्लेट और पैराग्वे की राष्ट्रीय टीम का प्रभारी होना शामिल है, अप्रैल में ब्राज़ील के वास्को दा गामा से अलग होने के बाद से बेरोजगार थे। कोरिंथियंस की टीम इस सीजन में 15 मैचों में से सिर्फ दो जीत के साथ 20 टीमों की ब्राजीलियन सेरी ए तालिका में 17वें स्थान पर है।

लखनऊ के यशवी, बरेली की अनिका व सिद्धार्थनगर की कृषा मिश्रा ने जीता स्वर्ण

लखनऊ। यशवी मिश्रा, भाविक विनायक, नमन जैन व आशुतोष वर्मा ने 11वीं पीवी किड्स, फ्रेशर्स एवं स्पेशल पूमसे उत्तर प्रदेश राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता के पहले दिन बेहतर तकनीक के सहारे अपने-अपने वर्गो में मेजबान लखनऊ के लिए स्वर्ण पदक जीते। वहीं बालिका वर्ग में सिद्धार्थनगर की कृषा मिश्रा ने स्वर्ण जीते। जूनियर बालिका में बरेली की अनिका वर्मा ने स्वर्ण जीते। उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित प्रतियोगिता के फ्रेशर सब जूनियर बालिका वर्ग में लखनऊ की यशवी मिश्रा ने स्वर्ण, चंदौली की नित्या निधि ने रजत व लखनऊ की सान्वी तिवारी ने कांस्य पदक जीता। जोड़ों का दर्द एक बार में और हमेशा के लिए चला जाएगा। विनायक ने स्वर्ण, आरव कुमार ने रजत व अथर्व ने कांस्य पदक जीता। फ्रेशर सब जूनियर बालक वर्ग में रायबरेली के कार्तिक सिंह ने स्वर्ण, लखनऊ के कार्तिक भारती ने रजत व कुशीनगर के सूर्यांश जायसवाल ने कांस्य पदक जीता। पीवी बालक पूमसे में लखनऊ के नमन जैन ने स्वर्ण व पीवी बालिका पूमसे में सिद्धार्थनगर की कृषा मिश्रा ने स्वर्ण जीते।

बीसीसीआई, जय शाह ने सुनील गावस्कर को उनके 75वें जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भारत के महान सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने गावस्कर को सोशल मीडिया पर क्रिकेट जगत से जन्मदिन की शुभकामनाएँ मिलीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएँ, सुनील गावस्कर! आपकी बल्लेबाज़ी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान सहजता से खेल सकते थे। हर चीज़ के लिए शुभकामनाएँ, और आने वाला साल शानदार रहे! बीसीसीआई ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, 1983 विश्व कप विजेता, 233 अंतरराष्ट्रीय मैच, 13,214 अंतरराष्ट्रीय रन, टेस्ट मैचों में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज। पूर्व भारतीय कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं!

डिजिटल डिटॉक्स वीकेंड शतरंज : रविशंकर बने ओपन चैंपियन, समर्थ गुप्ता जूनियर में विजेता

लखनऊ। रवि शंकर ने डिजिटल डिटॉक्स वीकेंड शतरंज टूर्नामेंट में उम्दा प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 7 अंक के साथ चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। चरंस प्लाजा में शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू) द्वारा आयोजित दो दिवसीय टूर्नामेंट में रवि शंकर सात राउंड के मुकाबलों के बाद शीर्ष पर रहे। वहीं ओपन वर्ग में सईद अहमद को 6 अंकों के साथ दूसरा स्थान मिला। दूसरी ओर समर्थ गुप्ता 6.5 अंक हासिल करते हुए अंडर-16 जूनियर चैंपियन बने। सम्यक सागर ने भी 6.5 अंक हासिल किए, लेकिन टाईब्रेक स्कोर के आधार पर समर्थ गुप्ता पहले व सम्यक सागर दूसरे स्थान पर रहे। पारिवारिक खेल के रूप में शतरंज को बढ़ावा देने और स्क्रीन से दूर रहने के बारे में जागरूकता लाने के लिए आयोजित टूर्नामेंट में वेटरन 60 साल से अधिक आयु वर्ग में बरेली के 84 वर्षीय क्रांति कुमार गुप्ता ने सर्वाधिक 4 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। झांसी के 83 वर्षीय आरके गुप्ता 3.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इस टूर्नामेंट में आरके गुप्ता अपने छात्रों की टीम लेकर आए थे जिसे वह खुद आरएनएस वर्ल्ड स्कूल, झांसी में ट्रेनिंग दे रहे है।

विंबलडन 2024: एलेक्स डी मिनौर के हटने के बाद नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में

एजेंसी

लंदन। नोवाक जोकोविच को विंबलडन सेमीफाइनल में आसानी से प्रवेश का मौका मिल गया, जब उनके क्वार्टर फाइनल प्रतिद्वंद्वी एलेक्स डी मिनौर कूल्हे की चोट के कारण मैच से हट गए। ऑल इंग्लैंड क्लब में नौवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डी मिनौर ने सेंटर कोर्ट में जोकोविच के साथ होने वाले मैच से कुछ घंटे पहले ही टूर्नामेंट से हटने की घोषणा कर दी थी।

डे मिनौर ने एक प्रेस कांन्फ्रेंस में कहा, जाहिर है कि मैं किसी भी तरह से यह घोषणा नहीं करना चाहता था। मैं कूल्हे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हट रहा हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को आर्थर फिल्स पर 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 के चौथे दौर की जीत के अंत में उन्होंने दर्द का अहसास हुआ। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डे मिनौर सावधानी से नेट की ओर चले गए।

मंगलवार को मेडिकल जांच से चोट की गंभीरता स्पष्ट हो गई थी, डी मिनौर ने कहा, लेकिन वह कम से कम एक मौका देना चाहते थे और अगर संभव हो तो खेलने की कोशिश करना चाहते थे। लेकिन बुधवार की सुबह अभ्यास सत्र के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि वह किसी भी तरह से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि वह मैच से पहले मुश्किल से चल पा रहे थे, जो विंबलडन में डी मिनौर का पहला क्वार्टर फाइनल होता। पिछले महीने फ्रेंच ओपन में

भी वह इतने ही आगे तक पहुंचे थे। डी मिनौर ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि मेरे करियर के इस चरण में, यह मेरे करियर का सबसे बड़ा मैच था। इसलिए मैं खेलने के लिए कुछ भी करना चाहता था मुझे पता था कि कल क्या परिणाम आए थे, लेकिन मैं आज भी जागना चाहता था और किसी तरह का चमत्कार महसूस करना चाहता था और चलते समय ऐसा महसूस नहीं करना चाहता था।उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया था कि अगर वह एक और मैच खेलते हैं तो उनके कूल्हे की हालत और खराब हो सकती है। उन्होंने कहा, मेरे लिए बाहर जाकर खेलने में समस्या यह है कि एक स्ट्रेच, एक स्लाइड, एक भी चीज, इस चोट को तीन से छह सप्ताह से चार महीने तक बढ़ा सकती है,यह जोखिम उठाने के लिए बहुत ज़्यादा है।

वॉकओवर ने जोकोविच को 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचा दिया है, जिससे यदि वह खिताब जीत लेते हैं, तो वह टूर्नामेंट के इतिहास में किसी पुरुष द्वारा सबसे अधिक बार खिताब जीतने के मामले में रोजर फेडरर की बराबरी कर लेंगे। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने सात विंबलडन खिताब जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का सामना टेलर फ्रिट्ज़ या लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।

भारतीय एथलेटिक्स टीम ओलंपिक की अंतिम तैयारी के लिए तीन विदेशी स्थलों पर लेगी प्रशिक्षण

एजेंसी

नई दिल्ली ओलंपिक के लिए 30 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम अपनी तैयारियों के अंतिम चरण में विदेश में तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण लेगी, तथा ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं के शुरू होने से चार दिन पहले 28 जुलाई को पेरिस में एकत्रित होगी। पोलैंड के स्पाला में ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर, तुर्की में अंताल्या और स्विट्जरलैंड में सेंट मोरित्ज़ तीन विदेशी गंतव्य हैं, जहाँ भारतीय एथलीट अपनी तैयारी के अंतिम चरण में प्रशिक्षण लेंगे।

मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, राष्ट्रीय एथलेटिक्स टीम के सदस्य ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण लेंगे, लेकिन उन्हें 28 जुलाई को पेरिस में इकट्ठा होना होगा।

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा तुर्की के अंताल्या में रहेंगे।नायर ने कहा, चोपड़ा पहले ही तुर्की पहुंच चुके हैं और 28 जुलाई को पेरिस पहुंचेंगे। वर्ल्ड एथलेटिक्स रोड टू पेरिस सिस्टम में उनकी रैंकिंग के आधार पर लॉन्ग जंपर जेसविन एल्ड्रिन और 500 मीटर धावक अंकिता ध्यानी को शामिल करने के साथ ही भारतीय एथलेटिक्स टीम में 30 सदस्य हो गए हैं। चार रेस वॉकर - अक्षदीप सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट, विकास सिंह, सूरज पंवार - और ट्रिपल जंपर अब्दुल्ला अबूबकर वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में हैं, जबकि अविनाश साबले और

पारुल चौधरी स्विट्जरलैंड के सेंट मोरित्ज़ में प्रशिक्षण लेंगे। 4×400 मीटर रिले टीम (पुरुष और महिला) के सभी सदस्य गुरुवार को पोलैंड के लिए रवाना होंगे।

चार एथलीट - किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), जेसविन एल्ड्रिन (लंबी कूद) और प्रवीण चित्रावेल (ट्रिपल जंप) - इस सप्ताह की शुरुआत में पोलैंड पहुंचे।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों का चयन

एजेंसी

मुरादाबाद। ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रीतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले मुरादाबाद मण्डल के दो खिलाड़ियों बालिका वर्ग में कुमारी फलक और बालक वर्ग में औरंगजेब आलम का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। मुहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि जूनियर बॉयज इंटर

रिज़न प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 जून से 26 जून तक मऊ में तथा जूनियर बालिका इंटर रीजन प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रीतियोगिता का आयोजन 19 जून से 26 जून तक बाराबंकी मे आयोजित किया गया था। इन दोनों ही प्रतियोगिता में मुरादाबाद मण्डल के दो खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रीतियोगिता हेतु बालिका वर्ग में कुमारी फलक बाराबंकी में तथा बालक वर्ग में औरंगजेब आलम आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम मे चयनित होकर प्रशिक्षण कैम्प में शामिल हैं। ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उस्मान खान, उपाध्यक्ष नावेद सिद्दीक़ी, अरकान अहमद, कोषाध्यक्ष मंजू खान, सहायक सचिव आमिर मिर्ज़ा, सुरेंदर पाल सिंह, महिला विंग की सचिव माधुरी देवी ने हर्ष व्यक्त कर मुबारकबाद दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने टी20 विश्व कप 2024 के दौरान कोचों के साथ किया दुर्व्यवहार

एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने टी20 विश्व कप 2024 के दौरान टीम के कोचों के साथ 'दुर्व्यवहार' किया है। रिपोर्ट के अनुसार, अफरीदी को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच और प्रबंधन कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पाया गया।

जियो न्यूज ने आगे कहा कि इस बात की जांच चल रही है कि प्रबंधन कर्मचारियों ने 24 वर्षीय खिलाड़ी के अनुचित व्यवहार के बाद उसके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। कोचों के साथ अफरीदी के दुर्व्यवहार की खबर तब सामने आई जब पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वहाब रियाज ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा गठित राष्ट्रीय चयन समिति से हटाए जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुष्टि की कि उन्होंने अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज को सूचित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन समिति में अब उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी। अब्दुल रज्जाक पुरुष और महिला चयन समितियों का हिस्सा थे, जबकि वहाब पुरुष टीम के चयनकर्ता थे। पीसीबी का यह बयान हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से पाकिस्तान के जल्दी बाहर होने के बाद आया है, जहां वे ग्रुप स्टेज के बाद बाहर हो गए थे, जिसमें यूएसए और भारत के खिलाफ हार भी शामिल थी।समिति से हटाए जाने के बाद, रियाज ने एक्स पर लिखा, मैं बहुत कुछ कह सकता हूँ, लेकिन मैं दोषारोपण के खेल का हिस्सा नहीं बनना चाहता। एक्स पर अपने पोस्ट के साथ, उन्होंने एक पत्र भी साझा किया, जिसमें लिखा था, पीसीबी के लिए चयन समिति के सदस्य के रूप में मेरी सेवा समाप्त हो गई है, मैं बस अपने लोगों को यह बताना चाहता हूँ कि मैंने जिस खेल से प्यार किया है, उसकी सेवा पूरी ईमानदारी और विश्वास के साथ की है और पाकिस्तान क्रिकेट की बेहतरी के लिए 100 प्रतिशत दिया है। उन्होंने कहा, हर किसी के वोट का बराबर महत्व था, हमने एक टीम के रूप में चयन निर्णय लिए और उस प्रक्रिया की जिम्मेदारी को समान रूप से साझा किया। इसमें अपना योगदान देना मेरे लिए सम्मान की बात थी। उन्होंने यह भी कहा कि टीम के लिए उनके दृष्टिकोण में मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और बाकी कोचिंग समूह का समर्थन करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि कोचों ने जो टीम योजना बनाई है, उससे यह सुनिश्चित होगा कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, यह टीम एक प्रभावशाली ताकत के रूप में विकसित होती रहेगी और मैं उन्हें इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं उन लोगों का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मेरे लिए प्रार्थना की है। मैं पाकिस्तान क्रिकेट टीम के भविष्य के लिए सफलता की कामना करता हूं। पाकिस्तान ने चयन समिति के पुनर्गठन की पुष्टि की है और इसकी संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी।

भारतीय हैंडबॉल टीम में उप्र. के चार खिलाड़ी, खेल प्रेमियों में खुशी

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मो.तौहीद को जयपुर में आयोजित यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी (जोन-टू एशिया) के लिए सभी भारतीय यूथ हैंडबॉल टीम का कोच बनाया गया है। इस टूर्नामेंट के लिए चयनित भारतीय टीम में जगह बनाने वाले यूपी के चार खिलाड़ियों में से लखनऊ के सुयश अवस्थी और गोरखपुर के मनीष यादव का चयन यूथ टीम में हुआ है। इसके अलावा गोरखपुर के ज्ञान गौरव और मानवेंद्र यादव का चयन भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम में किया गया है। भारतीय टीम में चार खिलाड़ियों के चयन पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की अध्यक्ष अलका दास, महासचिव डा.आनंदेश्वर पाण्डेय, किसान विनय कुमार सिंह और संयुक्त सचिव डा. सैयद रफत जुबैर रिजवी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भारतीय टीम के सर्वोत्तम प्रदर्शन की कामना की। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। इसी के साथ भारतीय यूथ टीम के कोच बनाए गए और लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रशिक्षक मो.तौहीद की भी सराहना की गई। मो.तौहीद इससे पहले चार बार भारतीय हैंडबॉल टीम के कोच रह चुके हैं।

राजस्थान के प्रियांशु ने पं. बंगाल के रितब्रत को दी मात

एजेंसी

लखनऊ। आइटा मेंस टेनिस टूर्नामेंट में चार सिंगल क्वार्टर फाइनल और तीन डबल क्वार्टर फाइनल मैच खेले गये। इसमें खिलाड़ियों ने जमकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आशियाना के उन्नाद टेनिस एकेडमी में खेले एक लाख के इनामी इस प्रतियोगिता में राजस्थान के प्रियांशु चौधरी ने पश्चिम बंगाल के रितब्रत सरकार को सीधे मुकाबले में मात दे दी। प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबलों में प्रियांशु शुरू से ही हावी रहे। पहले राउंड में उन्होंने 6-1 से बाजी मार ली। वहीं दूसरे राउंड में भी उन्होंने पश्चिम बंगाल के रितब्रत को 6-3 से हराकर विजय हासिल कर ली। दूसरा मुकाबला चौथे वरियता प्राप्त

झारखंड के एकलव्य सिंह और पांचवें वरियता ये प्राकृतिक तत्व आपको घुटनों के दर्द से देगा निजात प्राप्त पश्चिम बंगाल के मो. फरदीन के बीच हुआ। इस मुकाबले में एकलव्य ने फरदीन को 7-5, 7-5 से हरा दिया। वहीं तीसरे वरियता प्राप्त दिल्ली के सार्थक ने दिल्ली के आठवें वरियता प्राप्त रिथम को 6-0, 6-0 से हरा दिया। राजस्थान के युवराज सोनी ने दिल्ली के सागर कुमार को 6-2, 6-3 से मात दे दी। वहीं डबल क्वार्टर फाइनल मैच में उप्र के ओम यादव और हरियाणा के जतीन की जोड़ी ने पश्चिम बंगाल के रितब्रत सरकार और पंश्चिम बंगाल के ही फरदीन की जोड़ी को सीधे मुकाबले में 6-2, 6-3 से हरा दिया। वहीं दिल्ली के सार्थक और ओडिसा के प्रत्युश की जोड़ी ने उप्र के सजल और हनु की जोड़ी को 6-2, 7-6 से मात दे दी। हरियाणा के उदित कम्बोज और राजस्थान के प्रियांशु चौधरी की जोड़ी ने वंश अरोरा व फैजूर रहमान की जोड़ी को 6-1, 6-4 से हराया।

गौतम गंभीर के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने को तैयार अभिषेक नायर

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को कोच गौतम गंभीर के भारतीय पुरुष टीम के सहयोगी स्टाफ में राज्य क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित विभिन्न स्तरों पर अपने अनुकरणीय काम के लिए जाने जाने वाले कोचिंग पेशेवर शामिल होने वाले हैं, जबकि राहुल द्रविड़ के निवर्तमान स्टाफ के कम से कम एक सदस्य को बनाए रखने की योजना बनाई जा रही है। अन्य दो पदों के लिए चयन प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभिषेक नायर, जो काफी समय से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की बैकरूम टीम का अभिन्न अंग हैं, के टीम गंभीर में शामिल होने की संभावना है।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि गंभीर ने नायर (40) को चुना, जो भारत के पूर्व ऑलराउंडर हैं और जिन्होंने 2009 में तीन वनडे मैच खेले थे। केकेआर में दोनों के बीच मजबूत पेशेवर संबंध रहे हैं और गंभीर ऐसे साथी की तलाश में थे जो अपने काम के प्रति समर्पित और गंभीर हो। नायर इस मामले में फिट बैठते हैं और अतीत में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ भी उनका करीबी रिश्ता रहा है। मुंबई के इस पूर्व ऑलराउंडर को विशेषज्ञ

बल्लेबाजी कोच के बजाय सहायक कोच के रूप में नियुक्त किए जाने की उम्मीद है। गंभीर खुद बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा सकते हैं।

सूत्रों से पता चलता है कि द्रविड़ के अधीन फील्डिंग कोच के रूप में काम कर चुके टी दिलीप को बरकरार रखे जाने की संभावना है, जबकि बीसीसीआई ने मीडिया में द्रविड़ और उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए बयान दिया था, जिसके कारण यह माना गया कि अब उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है।

गंभीर को मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा करते हुए 9 जून को बीसीसीआई की विज्ञप्ति में कहा गया, बोर्ड पारस म्हाम्ब्रे (गेंदबाजी कोच), टी. दिलीप (फील्डिंग कोच) और विक्रम राठौर (बल्लेबाजी कोच) को भी उनके बेहद सफल कार्यकाल के लिए बधाई देता है। बीसीसीआई उनके योगदान को महत्व देता है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है। लेकिन पता चला है कि दिलीप की सेवाएं बरकरार रखी जाएंगी। गेंदबाजी कोच पद के लिए अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि बीसीसीआई और गंभीर, लक्ष्मीपति बालाजीए जहीर खान और विनय कुमार जैसे नामों पर विचार कर रहे हैं, जो दोनों ही केकेआर में गंभीर के साथ काम कर चुके हैं। हालांकि, बोर्ड युवा खिलाड़ियों के साथ अच्छा काम करने के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले उच्च-प्रोफ़ाइल उम्मीदवार की तलाश कर सकता है।

विचार यह है कि तेज गेंदबाजों की एक मजबूत बेंच स्ट्रेंथ तैयार की जाए, जो हाल के दिनों में भारतीय टीम का मजबूत पक्ष रहा है। सोच यह है कि नए गेंदबाजी कोच को तेज गेंदबाजों की युवा पीढ़ी को प्रेरित करने और उनका मार्गदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए, जैसे कि हर्षित राणा, तुषार देशपांडे और मयंक यादव आदि। हालांकि बातचीत चल रही है, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

सुंदर, गिल, गायकवाड़ के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने तीसरे टी20 में जिम्बाब्वे को 23 रन से हराया

एजेंसी

हरारे1 कप्तान शुभमन गिल (66) और रुतुराज गायकवाड (49) की बेहतरीन बल्लेबाजी के बाद वाशिंगटन सुंदर (चार ओवर 15 रन 3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने हरारे में पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20आई में जिम्बाब्वे को 23 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। वाशिंगटन सुंदर को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी रही, क्योंकि तडिवानाशे मारुमानी ने पहले ओवर में खलील अहमद के खिलाफ दो चौके लगाए। लेकिन अगले ओवर में आवेश खान ने एक बेहतरीन गेंद फेंकी और वेस्ली मधेवेरे को (01)पवेलियन भेज दिया। तीसरे ओवर में खलील ने मारुमानी (13) को पवेलियन भेज भारत को दूसरी सफलता दिलाई। शिवम दुबे ने मिड-ऑन पर मारुमानी का बेहतरीन कैच लपका।

अगले ओवर में आवेश ने अपना दूसरा विकेट लिया, जब ब्रायन बेनेट पांच गेंदों पर सिर्फ चार

रन बनाकर आउट हुए। सातवें ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने पहले 37 के कुल स्कोर पर कप्तान सिकंदर रजा (15) और फिर इसी ओवर में 39 के कुल स्कोर पर जोनाथन कैंपबेल (01) के पवेलियन भेज दिया। इसके बाद डियोन मायर्स और क्लाइव मदांडे ने छठे विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी कर जिम्बाब्वे को मैच में वापसी दिलाई। इस साझेदारी को 17वें ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने क्लाइव मडानडे को आउट कर तोड़ा। मडानडे ने 26 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्के की बदौलत 37 रन बनाए। इस बीच मायर्स ने 45 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से टी20आई में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। जिम्बाब्वे जीत तो नहीं सका, लेकिन मैच को शानदार तरीके से समाप्त किया। आवेश के अंतिम ओवर में मायर्स और वेलिंगटन मसाकाद्जा ने 18 रन बनाए। मायर्स 49 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 65 रन और मसाकाद्जा 10 गेंदों में एक चौका और एक छक्का की मदद से 18 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन ही बना सकी।

भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर ने 3, आवेश खान ने 2 और खलील अहमद ने 1 विकेट लिया। भारत ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 182 रन बनाए, गिल का अर्धशतक इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 182 रन बनाए। भारत के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 49 गेंदों पर शानदार अर्धशतक लगाते हुए 7 चौके और 3 छक्के की मदद से 66 रन बनाए। वहीं रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्के की बदौलत 49 रन बनाए। इन दोनों के अलावा यशस्वी जयसवाल ने 27 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्के की बदौलत 36 रन बनाए। जिम्बाब्वे की तरफ से कप्तान सिकंदर रजा और ब्लेसिंग मुजरबानी ने 2-2 विकेट लिये।

39 वीं बिहार राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

एजेंसी

सहरसा। शहर रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित नेताजी सुभाष चौक पर चर्चित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिलेन्द्र कुमार के चिकित्सालय में जिला हैंडबॉल संघ की एक बैठक संघ के अध्यक्ष दिवाकर सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई । इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 16 से 18 अगस्त तक सहरसा स्टेडियम में चंद्रशेखर प्रसाद सिंह सरस्वती देवी स्मृति 39वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा।इस बैठक में संघ के उपाध्यक्ष डॉ शिलेन्द्र कुमार,मो जफर पयामी,अजीत विश्वास,अरविंद कुमार सिंह एवं संघ के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ कुमार सिद्धू ,शिव भूषण सिंह एवं डॉ शशि शेखर झा सम्राट मौजूद थे।सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यह आयोजन सहरसा स्टेडियम सहरसा में आयोजित किया जाएगा । बिहार के 38 जिलों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए खेल भवन में रहने की व्यवस्था की जाएगी।उद्घाटन और समापन भव्य तरीके से किया जाएगा । जिला हैंडबॉल संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने बताया कि सहरसा में लंबे अरसे के बाद हैंडबॉल का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में बिहार के 38 जिलों से लगभग 400 खिलाड़ी एवं 100 कोच,मैनेजर एवं 15 ऑफिसियल के आने की संभावना है।तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा। बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रज किशोर शर्मा ने कहा कि हैंडबॉल ओलंपिक खेल है और इसे बढ़ाने के लिए बिहार राज्य हैंडबॉल संघ प्रतिबद्ध है।लगभग बिहार के 38 जिलों में इस खेल को अब खेला जाने लगा है।साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर भी बिहार के हैंडबॉल टीम का अच्छा प्रदर्शन रहता है। जिला में हैंडबॉल के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर डॉक्टर शिलेन्द्र कुमार एवं जफर पयामी ने कहा कि खेल को आगे बढ़ाने के लिए हम लोग प्रतिबद्ध हैं।सहरसा में बढ़ते हुए खेल के माहौल को देखकर यह अवश्य कहा जा सकता है कि शिक्षा का दूसरा क्षेत्र अगर खेल बन जाए तो यहां पर एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा।

कटरीना कैफ

ने प्रेग्नेंसी की अफवाह के बीच जर्मनी से शेयर की फोटो, विक्की कौशल के कमेंट ने खींचा ध्यान

बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा कटरीना कैफ ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जर्मनी से एक बेहद खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कटरीना कैफ बला की खूबसूरत लग रही हैं। जैसे ही उन्होंने अपनी तस्वीर पोस्ट की, उनके फैंस और दोस्तों ने उनकी तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिए।

सबसे खास बात ये रही कि कटरीना कैफ के पति और एक्टर विक्की कौशल ने भी इस पोस्ट पर रिएक्ट किया। कटरीना कैफ के इस लुक पर विक्की कौशल भी फिदा हो गए। उन्होंने पत्नी पर रंग-बिरंगे दिल वाली इमोजी के साथ प्यार लुटाया। विक्की का यह कमेंट उनके फैंस के बीच वायरल हो रहा है और फैंस उनके इस जेस्चर की तारीफ कर रहे हैं।

कटरीना की सन किस्ड फोटो

कटरीना कैफ पिछले काफी वक्त से सोशल मीडिया से ब्रेक पर थीं। ऐसे में उनका पोस्ट फैंस का ध्यान खींच रहा है। पोस्ट में कटरीनी कैफ क्लासी स्ट्राइप्ड शर्ट और व्हाइट पैंट पहने हुए नजर आ रही है। वहीं, बैकग्राउंड में खूबसूरत पहाड़ और हरियल नजर आ रही हैं। जर्मनी से अपनी इस सन किस्ड फोटो को शेयर करते हुए कटरीना कैफ ने कैप्शन में फैंस को गुड मॉर्निंग विश किया। फैंस ने भी कटरीना की इस पोस्ट पर कमेंट्स और लाइक्स की बौछार कर दी है।

कटरीना पर विक्की ने लुटाया प्यार

कटरीना कैफ और विक्की कौशल की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में से एक है। उनकी हर एक पोस्ट पर फैंस का खास ध्यान रहता है। कटरीना की यह नई तस्वीर उनके फैंस के लिए एक बड़ी ट्रीट है और विक्की का कमेंट उनके प्यार की एक झलक दिखाता है।

कटरीना का वर्क फ्रंट

काम की बात करें तो कैटरीना कैफ को आखिरी बार श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म मेरी क्रिसमस में साउथ स्टार विजय सेतुपति के साथ देखा गया था। यह फिल्म फ्रेडरिक डार्ड के फ्रेंच नॉवेल ले मोंटे-चार्ज पर आधारित थी। इसके अलावा एक्ट्रेस की ओर से उनके आगामी प्रोजेक्ट के बारे में कोई घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, उनके पास फरहान अख्तर की जी ले जरा है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट भी हैं।

जिस एक्टर ने सलमान खान की नाक में किया दम, वो क्यों ऐश्वर्या राय के लिए घंटों वैन के बाहर खड़ा रहा?

सलमान खान के खाते में इस वक्त कई बड़ी फिल्में हैं. पर जिस पिक्चर की वो शूटिंग में बिजी हैं, वो है-Sikandar. फिल्म का एक शेड्यूल पूरा हो चुका है. जिसमें उन्होंने कुछ एक्शन सीन्स शूट किए हैं. फिल्म को एआर मुरुगादास डायरेक्ट कर रहे हैं. वहीं साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं. सलमान खान के अपोजिट रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं. दरअसल उनकी पिछली फिल्म 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर वैसा परफॉर्म नहीं कर पाई थी, जो उससे उम्मीद लगाई जा रही थी. फिल्म में जिन्होंने विलेन बनकर सलमान खान की मुसीबत बढ़ाई थी, वो हैं- इमरान हाशमी. हालांकि, इस वक्त वो अपनी आने वाली फिल्मों की तैयारियां कर रहे हैं.जल्द इमरान हाशमी तेलुगु सिनेमा में एंट्री लेने वाले हैं. उनकी फिल्म ह्ल में वो विलेन बनने वाले हैं. यह पिक्चर 27 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. फिल्म में उनका खतरनाक रोल देखने को मिल रहा है. इस फिल्म से पहले वो 'टाइगर 3' में भी विलेन बने थे. पर ऐसा क्या हुआ था, जो उन्हें ऐश्वर्या राय के लिए घंटों वैन के बाहर खड़ा रहना पड़ा था, जानिए.

क्यों ऐश्वर्या राय से माफी मांगना चाहते हैं?

दरअसल यह मामला है कॉफी विद करण के चौथे सीजन का. इस दौरान इमरान हाशमी वहां पहुंचे हुए थे. यहां रैपिड फायर राउंड खेलते हुए इमरान हाशमी ने ऐश्वर्या राय को लेकर एक ऐसा कमेंट किया था कि बवाल मच गया. उन्होंने एक्ट्रेस को प्लास्टिक से कंपेयर कर दिया था. हालांकि, उनका बयान सुनने के बाद लोग इमरान से काफी नाराज हो गए थे. हाल ही में उन्होंने लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में इस मामले पर खुलकर बातचीत की. वो कहते हैं कि..मैं इस चीज के लिए काफी शर्मिंदा हूं. यह भी कहना चाहता हूं कि, ऐश्वर्या राय की बहुत ही ज्यादा इज्जत भी करता हूं. लेकिन मेरा वो बयान शायद डिस-रिस्पेक्ट फुल रहा था. पर अगर उस शो के कॉन्टेक्स्ट से ही सब निकाल दिया जाए, तो बिल्कुल भी अच्छा नहीं था. इस वक्त सोशल मीडिया पर हर चीज वायरल हो जाती हैं, तो लोग जल्दी नाराज भी हो जाते हैं. हर चीज को लेकर काफी सेंसेटिव हो गए हैं.

पब्लिक मारेगी...अमिताभ बच्चन को इस रोल में कास्ट करना चाहते थे 'खिचड़ी' के मेकर्स

टीवी शो 'खिचड़ी' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था. ये शो साल 2002 में शुरू हुआ था. दर्शकों को ये इतना पसंद आया कि प्रोड्यूसर इस शो पर बेस्ड फिल्म भी बनाना चाहते थे. जब प्रोड्यूसर जेडी मजेठिया इस शो पर पिक्चर बनाने की तैयारी कर रहे थे तो उनसे कहा गया कि उन्हें इस मूवी में बड़े स्टार्स को कास्ट करना चाहिए. इस बात का खुलासा उन्होंने खुद रेडियो नशा से बातचीत में किया था. उन्होंने कहा था कि वो इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और परेश रावल को भी कास्ट करना चाहते थे.

जेडी मजेठिया ने कहा, जब हम 'खिचड़ी' शो पर फिल्म बना रहे थे तो इस दौरान हमने कई लोगों से बात की थी. एक बड़े डायरेक्टर और यहां तक ??कि एक स्टूडियो ने भी हमें कहा कि स्क्रिप्ट बहुत अच्छी है. उन्होंने कहा कि जब आप इसे टीवी से फिल्म में ला रहे हैं तो आपको इसे बड़े सितारों के साथ बनाना चाहिए.

पब्लिक मारेगी...

'खिचड़ी' में अनंग देसाई ने बाबूजी का किरदार निभाया था और राजीव मेहता प्रफुल्ल के किरदार में नजर आए थे. जेडी मजेठिया ने बताया कि उस वक्त उनसे कहा गया था कि बाबूजी के रोल के लिए अमिताभ बच्चन और प्रफुल्ल के रोल के लिए परेश रावल को लिया जाना चाहिए. हालांकि, ये चर्चा सिर्फ सोच तक ही सीमित थी. इसके बाद स्टार्स को कभी अप्रोच नहीं किया गया था. बाद में उन्हें एहसास हुआ कि बिग बी को इस रोल में लेना सही नहीं होगा. उन्होंने इस बारे में बहुत सोचा. मजेठिया ने कहा, बाद में हमें लगा कि पब्लिक मारेगी.

उन्होंने कहा कि जिस तरह से शो में बाबूजी के साथ व्यवहार किया जाता है, अगर फिल्म में अमित जी को वैसे ही ट्रीट किया जाए तो ये सही नहीं होगा. उन्होंने ऐसा इसलिए सोचा क्योंकि दर्शक अमिताभ बच्चन का बहुत सम्मान करते हैं और उनकी पर्सनालिटी कई लोगों को प्रेरित करती है.

मेघना गुलजार

ने शेयर की माता-पिता की चाय-समोसा खाते हुए तस्वीर, रेखा भारद्वाज ने लिखा- माशाअल्लाह

घना गुलजार जानी मानी राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर हैं जिन्होंने इंडस्ट्री को सैम बहादुर, छपाक, राजी और तलवार जैसी फिल्में दी हैं। वह हिंदी सिनेमा के मशहूर संगीतकार-गीतकार गुलजार और अभिनेत्री राखी गुलजार की बेटी हैं। हाल ही में उन्होंने अपने माता-पिता की एक बहुत ही सुंदर तस्वीर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करते हुए मेघना ने लिखा - समोसे, चाय और बारिश...ब्लिस! निर्देशक के ये पोस्ट देखते ही फैंस तस्वीर पर जमकर प्यार लुटाने लगे। एक यूजर ने लिखा, गुलजार साहब को देखकर बहुत अच्छा लगा। सी ही तस्वीर शेयर करते रहा करिए। एक अन्य ने पोस्ट पर कमेंट किया, चाय और गुलजार साहब- यूनीक कॉम्बिनेशन। वहीं 12 फेल एक्टर विक्रांत मैसी ने कमेंट सेक्शन में दिल और बुरी नजर वाला इमोजी बनाकर अपनी खुशी जाहिर की। सिंगर रेखा भारद्वाज ने लिखा, माशाअल्लाह।मेघना ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें राखी चमकीले पीले रंग की कुर्ती में बड़े ही प्यार से अपने पोते को समोसा खिलाती नजर आ रही हैं। वहीं गुलजार साहब भी बगल के सोफे पर सफेद कुर्ता-पायजामा पहने हुए बैठे हैं। वहीं राखी के पास बैठे मेघना के पति किसी बात को लेकर मुस्कुरा रहे हैं।

मेघना ने लिखा था गुलजार के लिए पोस्ट

इससे पहले साल 2020 में जब गुलजार 86 साल के हुए थे तो मेघना ने अपने पिता के लिए एक प्यारा सा नोट शेयर किया था। मेघना ने लिखा था, मुझे पता है कि मैं सुरक्षित हूं क्योंकि उनकी बांहें मुझे पकड़ती हैं। मुझे पता है कि मैं सही रास्ते पर चलती हूं, क्योंकि उनकी छोटी उंगली मुझे रास्ता दिखाती है। वह सेल्युलाइड में डूबा हुआ है इसलिए मुझे पता है कि मैं लिख सकता हूं। क्योंकि उसकी स्याही मुझमें बहती है। क्योंकि वह मानता है कि मैं हूं।गुलजार ने हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन नाम दिए हैं। उन्होंने एक गीतकार के तौर पर अपने करियर की शुरुआत बलराज साहनी की फिल्म काबुलीवाला से की थी। उन्होंने कई फिल्मों में बेहतरीन गाने लिखे और कई फिल्मों डायरेक्ट कीं।माचिस, आंधी, मौसम, खुशबू, परिचय और कोशिशइन्हीं में से एक हैं।